


20:04:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 107 | epaper.rashtriyakhabar.com | वैशाख, कृष्णपक्ष अमावस्या, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

देहाभिमाने गलिते विज्ञाते परमात्मनि।

यत्र यत्र मनो याति तत्र तत्र समाधयः॥

भावार्थ : अपने शरीर के अभिमान से नष्ट हो जाने पर, अपने आपको परमात्मा से युक्त जान लेने पर मन जहां जहां जाता है, वहां वहां ही उसे समाधि से युक्त समझना चाहिए।



रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 39.00 °c | 26.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .11 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05 .24 बजे

## नेपाल के राष्ट्रपति एम्स में भर्ती

**नयी दिल्ली :** नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौंडेल को सांस लेने में परेशानी के कारण बुधवार को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। श्री पौंडेल को कल देर शाम महाराज गंज के त्रिभुवन शिक्षण अस्पताल विश्वविद्यालय में भर्ती कराया गया था। उनका ऑक्सीजन स्तर बहुत घट गया था। उनको हवाई एंबुलेंस के जरिए नयी दिल्ली के हवाई अड्डे पर लाया गया। सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच में श्री पौंडेल की छाती में संक्रमण पाया गया है। उनका इलाज दिल्ली के एम्स में होगा। श्री पौंडेल के साथ उनके पुत्र चिंतन पौंडेल तथा अन्य लोग आयें हैं।

## उन्नाव गैंगरेप मामले में सात के खिलाफ मुकदमा

**उन्नाव :** उन्नाव के मौरावां क्षेत्र में गैंगरेप पीड़िता के साथ हुयी दरिंदगी के मामले में पीड़िता के चाचा और दादा समेत सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता के घर 17 अप्रैल की रात जेल से जमानत पर छूटे आरोपितों ने सुलह का दबाव बनाया और न मानने पर पीडिता के चाचा और बाबा के साथ में मिलकर पीड़िता, उसकी मां को जमकर पीटा। इसके बाद पीड़िता के बच्चे को मार डालने की नियत से घर के छप्पर में आग लगा दी। इस घटना में पीड़िता की मां की ओर से दी गयी तहरीर में जेल से छूटे दोनों आरोपी और ससुर देवर समेत सात लोगों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गयी थी। पुलिस अधीक्षक सिर्द्धाथ शंकर मीणा ने एक बयान जारी कर कहा कि आग लगाने की टना में थाना मौरावां में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया जिसमें एक वीडियो प्राप्त हुआ, वीडियो में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि कुछ बच्चे बता रहे हैं कि आग राज किशोर द्वारा लगाई गयी है। राजकिशोर पीड़ितों का परिवारी है और पीडिता का चाचा है। जिसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

## अस्पताल में आग से 29 की मौत मामले में 12 हिरासत में

**बीजिंग :** बीजिंग में एक अस्पताल में आग लगने के से कम से कम 29 लोगों की मौत के बाद पूछताछ के लिए पुलिस ने अस्पताल के निदेशक समेत 12 लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें से अधिकांश मरीज हैं। चांगफेंग अस्पताल में मंगलवार को स्थानीय समयानुसार अपराह्न एक बजे आग लगी, जो हाल के वर्षों में सबसे भयावह थी। जिन लोगों को बचाया गया था, उन्हें अब इलाज के लिए दूसरे अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है। बुधवार को अधिकारियों ने संवाददाता सम्मेलन कहा कि एक प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मरम्मत के दौरान चिंगारी निकालने से साइट पर रखे पेंट में आग लग गयी थी।

## देश में कोरोना के 27 मरीजों की मौत

**नयी दिल्ली :** देश में पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रहे कोरोना वायरस महामारी के मामलों के बीच बीते 24 घंटों में 2,329 सक्रिय मामले सामने आये और तथा 27 मरीजों की मौत हुई। इस दौरान देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 487 लोगों को टीका लगाया गया। अब तक देश में 2,20,66,27,758 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 2,329 सक्रिय मामले बढ़कर 63,562 हो गए है। देश में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 4,48,45,401 हो गयी है और मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,190 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 8,175 बढ़कर 4,42,50,649 पर पहुंच गया है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

### प्रसिद्ध फुटबॉलर मेसी के देश में डेंगू का संक्रमण नियंत्रण से बाहर

# ‘परमाणु हथियार’ से मच्छरों पर नियंत्रण का अभियान

- विकिरण के जरिए नर मच्छरों पर प्रयोग
- मच्छरों की आबादी रोकने का नया तरीका
- पहले भी इसका सफल परीक्षण हो चुका है

राष्ट्रीय खबर

**बुएनस एयरेसः** परमाणु हथियार का अर्थ एटम बम मत समझ लीजिए। यह दरअसल परिहास में लिखा गया शब्द है। लेकिन अर्जेंटीना में इस परमाणु ऊर्जा का उपयोग अब मच्छरों की आबादी को नियंत्रण करने के लिए किया जाने वाला है। विश्वप्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी मेसी इसी देश के नागरिक हैं। मेसी का देश अर्जेंटीना पिछले कुछ सालों से डेंगू के गंभीर संक्रमण से जूझ रहा है. उस



देश की सरकार द्वारा मच्छरों को मारने के लिए कितने कदम उठाए गए हैं। अर्जेंटीना ने मच्छरों को स्टरलाइज करने के लिए परमाणु विकिरण का उपयोग करने का निर्णय लिया है। इस दक्षिण अमेरिकी देश में इस साल 41,000 लोग डेंगू और अन्य मच्छर जनित संक्रमणों से संक्रमित हुए हैं। इससे पहले 2020 में और इससे पहले 2016 में भी देश में डेंगू का कहर था। अर्जेंटीना के नेशनल एटॉमिक एनर्जी कमीशन में बायोलॉजिस्ट मारियानेला गार्सिया ने कहा, जिस तरह से हमारे देश और पूरी दुनिया में मौसम और जलवायु में बदलाव हो रहा है, जिस तरह से तापमान बढ़ रहा है, मच्छर ज्यादा से ज्यादा फैल रहे हैं। संक्रमण ज्यादा फैल रहा है। 2016 के भयानक संक्रमण के बाद अर्जेंटीना ने मच्छरों को मारने के लिए परमाणु हथियारों के प्रयोग का प्रयोग शुरू किया। सफल प्रयोग के बाद उन्होंने हर हफ्ते 10,000 एडीज मच्छरों की नसबंदी करनी शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि यह संख्या बढ़ाकर 50 हजार की जाएगी। शोधकताओं ने कहा कि निष्फल मच्छरों को नवंबर में छोड़ा जाएगा। गार्सिया ने कहा, आणविक ऊर्जा का उपयोग करके नर मच्छरों को निष्फल किया जा रहा है। इसके बाद इन्हें खेत

›› पेज 2 भी देखें


**आंकड़ा** › दुनिया भर के विशेषज्ञों का पूवार्नुमान अप्रैल में ही सच साबित हो गया

# जनसंख्या में अब चीन को पीछे छोड़ दिया भारत ने

- संयुक्त राष्ट्र ने जारी किया है नया आंकड़ा
- चीन में आबादी घटना राष्ट्रीय चिंता का विषय
- जापान भी घटती आबादी की स्थिति से परेशान है

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** जनसंख्या के हिसाब में अब भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। अब भारत की आबादी 142.86 करोड़ होने की वजह से वह दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक, भारत की लगभग एक चौथाई आबादी 14 साल से कम उम्र की है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा आज जारी आंकड़ों से पता चलता है कि चीन को पछाड़कर भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। संयुक्त राष्ट्र के




अनुमान के अनुसार चीन की 142.57 करोड़ की तुलना में भारत की जनसंख्या 142.86 करोड़ है। 1950 में जनसंख्या डेटा एकत्र करना शुरू करने के बाद से यह पहली बार है कि भारत ने सबसे अधिक आबादी वाले देशों की संयुक्त राष्ट्र सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है। जन्म दर घटने और इसके कार्यबल की उम्र बढ़ने के कारण चीन को जनस-ांख्यिकीय गिरावट का सामना करना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों ने भी जन्म दर को बढ़ावा देने की योजनाओं की घोषणा की है लेकिन आधिकारिक प्रयास अभी तक गिरावट को उलटने में विफल रहे हैं। भारत में कितने लोग हैं, इस पर कोई हालिया आधिकारिक डेटा नहीं है क्योंकि इसने 2011 से जनगणना नहीं की है। भारत में एक दशक में एक बार जनगणना 2021 में होने वाली थी, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इसमें देरी हुई। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक, भारत की लगभग एक चौथाई आबादी 14 साल से कम उम्र की है। 68 प्रतिशत आबादी 15 से 64 आयु वर्ग में है, जबकि 7 प्रतिशत 65 वर्ष से अधिक आयु के हैं। विभिन्न एजेंसियों के अनुमानों ने सुझाव दिया है कि भारत की जनसंख्या लगभग तीन दशकों तक बढ़ती रहने की उम्मीद है, इससे पहले कि यह 165 करोड़ पर पहुंच जाए और फिर घटने लगे। संयुक्त राष्ट्र की नई रिपोर्ट में यह भी अनुमान लगाया गया है कि 2023 के मध्य तक वैश्विक जनसंख्या 8.045 बिलियन तक पहुंच जाएगी। अन्य देश, ज्यादातर यूरोप और एशिया में, आने वाले दशकों में


›› पेज 2 भी देखें

### भारत में दुनिया के सबसे अधिक बाघों की संख्या आंके जाने के बाद

## नन्दा देवी बायोस्फियर रिजर्व वन क्षेत्र में दिखा दुर्लभ स्नो लेपर्ड

राष्ट्रीय खबर

**चमोली :** भारत में दुनिया के सबसे अधिक बाघों की संख्या आंके जाने के बाद अब एक और अच्छी खबर है कि उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्नो लेपर्ड (हिम तेंदुओं ) की भी संख्या बढ़ रही है। मंगलवार को नन्दा देवी बायोस्फियर रिजर्व वन क्षेत्रांतर्गत सुमना में एक स्वस्थ और दुर्लभ तेंदुआ आराम से विचरण करते हुए दिखाई दिया। नन्दा देवी वन्य प्रभाग प्रभागीय वनाधिकारी बी बी मर्तोलिया ने भी इस बात की पुष्टि की कि नन्दा देवी वन्य प्रभाग के रिजर्व वन क्षेत्र में मंगलवार को स्नो लेपर्ड ( हिम तेंदुआ ) दिखाई दिया । भारत तिब्बत चीन सीमा क्षेत्र में भारत की सीमा क्षेत्र के अंतर्गत सुमना में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी ) के जवानों ने सबसे पहले मंगलवार को सुमना की पठुआरई चट्टानों पर इस स्वस्थ स्नो लेपर्ड को आराम से विचरण करते हुये देखा। जानकारी देते हुए नन्दा देवी वन प्रभाग के प्रभागीय वन अधिकारी बी बी मर्तोलिया ने बताया इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। और रेंज



आफिसर समेत वन विभाग की टीम ने दुर्लभ और संरक्षित हिम तेंदुए को अपनी लिस्ट में अंकित किया । चमोली जिले के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्नो लेपर्ड की संख्या अच्छी है। नन्दा देवी वन प्रभाग के अंतर्गत ही फूलों की घाटी से लेकर सुमना , रिमखिम और अकेले इस सम्पूर्ण वन क्षेत्र में ही 15 से 20 हिम तेंदुए ( स्नो लेपर्ड ) की सम्भावना है। यह जानकारी देते हुए नन्दा देवी वन्य जीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया नन्दा देवी वन प्रभाग के तहत स्नो लेपर्ड की संख्या 15 से 20 के बीच होने की सम्भावना है। सभी वन्य प्राणियों की रक्षा के लिए वन विभाग हर वक्त सजग रह कर चा ौक स ी

›› पेज 2 भी देखें

### हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के पहले भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सवाल उठ गये थे

## अडाणी समूह के कारोबार के देनदारी बहुत अधिक हो चुकी है

राष्ट्रीय खबर

नई दिल्ली : अडाणी ग्रुप की देनदारी में पिछले एक साल में भारी इजाफा हुआ है। सार्वजनिक आंकड़ों के अनुसार, अडाणी का कर्ज एक साल में करीब 21 फीसद बढ़ गया है। वहीं, इस कर्ज में ग्लोबल बैंक्स का अनुपात बढ़कर लगभग एक तिहाई हो गया है। मार्च के आखिर तक अडाणी ग्रुप की उधारी का 29 फीसदी वैश्विक बैंकों से था। ग्रुप के आंतरिक कामकाज से जुड़े लोगों से यह जानकारी पता चली है। हालांकि, आंकड़े यह भी बताते हैं कि ग्रुप की अपना कर्ज चुकाने की क्षमता में सुधार हुआ है। 31 मार्च 2023 तक अडाणी ग्रुप की प्रमुख 7 लिस्टेड कंपनियों का सकल कर्ज 20.7 फीसदी बढ़कर 2.3 लाख करोड़ रुपये (28 अरब डॉलर) हो गया है। अडाणी ग्रुप की




उधारी साल 2019 से लगातार बहुत तेजी से बढ़ रही है। अडाणी ग्रुप की उधारी का 39 फीसदी बॉन्ड्स से है। यह साल 2016 में 14 फीसदी था। वहीं, देश के सबसे बड़े सरकारी बैक एसबीआई ने अडाणी ग्रुप को करीब 270 अरब रुपये (3.3 अरब डॉलर) का कर्ज दिया हुआ है। इसके चेयरमैन ने फरवरी में यह जानकारी दी थी। अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में

›› पेज 2 भी देखें

### तेलेंगना के बाद अब कर्नाटक में बी बीएल संतोष पर आरोप लगे

## पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने लगाये गंभीर आरोप

- प्रदेश के नेताओं की अहमियत नहीं रही
- कांग्रेस से सिर्फ सम्मान की शर्त रखी थी
- पता नहीं हाईकमान क्यों ध्यान नहीं देता

राष्ट्रीय खबर

**बेंगलुरुः** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने अपना टिकट कटने के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता बीएल संतोष को जिम्मेदार ठहराया है। श्री संतोष का नाम इससे पहले तेलंगना में टीआरएस



(अब बीआरएस) के विधायकों को खरीदकर सरकार गिराने में आ चुका था। श्री शेट्टार ने कहा कि बीएल संतोथ प्रारंभ से ही अपनी पसंद को व्यक्ति को मेरे बदले टिकट देने की साजिशों में जुटे हुए थे। अब कर्नाटक भाजपा की ऐसी हालत हो गयी है कि कोई भी प्रदेश का नेता कुछ बोलने से डरता है और कुछ कहा भी जाए तो केंद्रीय नेतृत्व उन बातों को अहमियत नहीं देता है। पूर्व सीएम के मुताबिक अब पुराने भाजपा नेताओं को दरकिनार कर श्री संतोष अपनी गुटबाजी में व्यस्त हैं और उनकी मंशा पुराने नेताओं को हटाकर अपनी पसंद को लोगों को आगे बढ़ाने की है। इसे प्रदेश के दूसरे नेता भी समझ रहे हैं पर उनकी मजबूरी है कि केंद्रीय नेतृत्व उनकी बात सुनने तक के लिए तैयार नहीं है। हुबली में अपने घर पर पत्रकारों से बात करते हुए श्री शेट्टार ने यह बातें कहीं।

›› पेज 2 भी देखें

## अतीक-अशरफ के हत्यारोपी चार दिन की पुलिस रिमांड पर

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज की एक अदालत ने बुधवार को माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अली की हत्या के तीनो आरोपियों को चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता( फौजदारी) गुलाब चंद्र अग्रहरी ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) दिनेश चंद्र गौतम की विशेष अदालत ने अतीक और अशरफ के तीनो शूटरों को चार दिन का पुलिस रिमांड का आदेश दिया है। रिमांड की अवधि 23 अप्रैल शाम पांच बजे तक होगी। रिमांड मिलने के बाद पुलिस लवलेश तिवारी,अरूण मौर्य और मोहित उर्फ सनी मौर्य को गहन पूछताछ के लिए रिजर्व पुलिस लाइन ले गयी। पुलिस ने सात दिन की रिमांड की अर्जी दी थी लेकिन विशेष मजिस्ट्रेट ने उनकी मांग को अस्वीकार करते हुए चार दिन की रिमांड का आदेश दिया।

**भंडाफोड़** › कोई भी विमान पूरी तरह रडार की आंखों से ओझल नहीं हो सकता

# रूस ने अदृश्य विमान का मिथक तोड़ा

- एक अमेरिकी विमान को मिसाइल ने मार गिराया था
- विज्ञान के अपने नियमों के कारण यह असंभव
- रूसी रडारों की तकनीक ने इसे साबित किया

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** कैसे रूसी राडार ने चुपके लड़ाकू विमानों के मिथक का भंडाफोड़ किया और साबित किया कि यह सब प्रचार और कोई पदार्थ नहीं है। सैन्य बोलचाल में स्टील्थ शब्द हॉलीवुड स्टार केविन बेकन के 2020



में रिलीज हुई फिल्म हॉलो मैन में एक वैज्ञानिक परीक्षण के दौरान अदृश्य होने की दृष्टि को मिलाता है या हॉलीवुड अभिनेता ओलिवर जैक्सन-कोहेन ने 2022 की फिल्म इनविजिबल में अदृश्य होने की क्षमता हासिल की है। प्रमुख शक्तियों ने इस पर पहले ही अरबों अमेरिकी डॉलर खर्च कर दिए हैं। जैसे कि

›› पेज 2 भी देखें

### उड़ने वाली मशीनों का पूरी तरह अदृश्य होना नामुमकिन है

चीन का जे-20 और रूस का एसयू-57 कम ऑब्जर्वेबल श्रेणी में नहीं हो सकता है। यानी यह कम नजर में आते हैं। यानी पूरी तरह अदृश्य नहीं हो सकते हैं। विज्ञान के सिद्धांत के मुताबिक उड़ने वाली मशीनों का पूरी तरह अदृश्य होना नामुमकिन है। इनकी संरचना संबंधी विशेषताओं को कम से कम किया जा सकता है, उन्हें समाप्त नहीं किया जा सकता। एयरो-इंजन द्वारा उत्पन्न शोर और वायु प्रतिरोध के कारण होने वाले घर्षण को न तो कम किया जा सकता है और न ही समाप्त किया जा सकता है। निकास गैसों की गर्जना इस शोर को और बढ़ा देती है। शोर के किसी भी स्रोत को समाप्त नहीं किया जा सकता है। एक उड़ने वाली मशीन की उपस्थिति पर्याप्त श्रव्य शोर पैदा करेगी और एक प्रशिक्षित व्यक्ति के पास इसकी उपस्थिति और दिशा का संकेत देगी। रूस के रडार के परीक्षण में यह बातें सामने आ गयी हैं। इसी आधार पर बताया गया है कि जब भी कोई उड़ने वाली मशीन ट्रांस-सोनिक/ सुपरसोनिक गति में उड़ान भरती है, शॉक वेव्स के निर्माण के परिणामस्वरूप मच संख्या के आधार पर एक ध्वनि बूम होता है जो विमान की गति को दर्शाता है। एयरफ्रेम से शॉक वेव्स के अटैचमेंट या डिटैचमेंट के परिणामस्वरूप धमाका होता है जिसे सोनिक बूम कहा जाता है जिसे जमीन पर सुना जा सकता है। कम स्तर पर सोनिक बूम कांच के शीशे के टूटने का कारण बन सकता है।

### खेरसोन के इलाके में रूसी राष्ट्रपति ने अपने कमांडरों से बात की

# पुतिन ने दो महीने में दूसरी बार यूक्रेन की यात्रा की

राष्ट्रीय खबर

**मॉस्कोः** रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन दो महीने के अंतराल में फिर से यूक्रेन के उन इलाकों तक पहुंचे हैं, जिसे रूस ने अपना इलाका घोषित कर दिया है। व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में लड़ रही क्रेमलिन की सेना के कमांड पोस्ट का दौरा किया और अपने वरीय सैन्य कमांडरों से बात चीत की। इधर कियेब से मिल रही जानकारी के मुताबिक यूक्रेन की सेना नये हथियारों और प्रशिक्षित सैनिकों की



वापसी के बाद रूस पर पलटवार करने के लिए तैयार है। क्रेमलिन द्वारा जारी और रूसी राज्य टेलीविजन द्वारा प्रसारित एक वीडियो में पुतिन को हेलीकॉप्टर से दक्षिणी यूक्रेन के खेरसॉन प्रांत में रूसी सेना के कमांड पोस्ट पर और फिर लुहांस्क प्रांत में रूसी नेशनल गार्ड के मुख्यालय के लिए उड़ान भरते हुए दिखाया गया है, जो पूर्व में है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने कहा कि यह दौरा सोमवार को हुआ। यात्रा, यूक्रेन में रूसी कब्जे वाले क्षेत्र में दो महीने में पुतिन की दूसरी यात्रा, रूसी नेता द्वारा अपने सैनिकों को रैली करने और अपने अधिकार का प्रदर्शन करने के एक स्पष्ट प्रयास है। गहरे रंग का

›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### हाईकोर्ट ने पार्टी बनाने का दिया निर्देश

**रांची :** हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन द्वारा सूचना आयुक्त समेत अन्य बोर्ड और निगम में नियुक्ति को लेकर दायर PIL पर बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत में सरकार की ओर से बताया गया कि नेता प्रतिपक्ष नहीं होने के कारण समस्याएं आ रही हैं। इस पर अदालत ने झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो को उनके सचिव के माध्यम से पार्टी बनाते हुए नोटिस जारी किया है। एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र और जस्टिस खंडपीठ ने सुनवाई की। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बहस किया। प्रार्थी राजकुमार की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा और नवीन कुमार ने पक्ष रखा।

**आरक्षण** हेमंत सरकार को झटका, सीपी सिंह ने साधा निशाना

# राजभवन ने लौटाया पिछड़ों के 27 प्रतिशत आरक्षण वाला बिल

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** हेमंत सरकार को राजभवन से बड़ा झटका लगा है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णनन ने झारखंड पदों एवं सेवा की रिक्तियों में आरक्षण संशोधन अधिनियम 2022 को वापस लौटा दिया है। राजभवन सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मार्च के पहले सप्ताह में ही बिल को लौटाया गया है। राजभवन की ओर से सरकार को बिल पर फिर से समीक्षा करने का सुझाव दिया है। आपको बता दें कि राज्य सरकार ने ओबीसी, एसटी और एससी के आरक्षण प्रतिशत में बढ़ोतरी कर संशोधन बिल को पारित कराने के लिए 11 नवंबर 2022 को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया था।

तब यह बिल सर्वसम्मति से पारित हुआ था।ः राज्य सरकार ने



ओबीसी के आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत, एसटी के आरक्षण को 26 से बढ़ाकर 28 प्रतिशत और एससी के आरक्षण को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने की व्यवस्था की थी। साथ ही ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को जोड़कर सरकारी नौकरी में आरक्षण की सीमा 77 प्रतिशत कर दिया गया था। इस मसले पर जमकर राजनीति हुई थी। क्रेडिट लेने की होड़ मची थी। तब सदन में समर्थन के बावजूद भाजपा नेताओं ने कहा था कि सरकार के पास अधिकार है कि वह संकल्प पारित कर इस व्यवस्था को लागू कर सकती है। लेकिन सरकार ने जानबूझकर इसे केंद्र के पाले में डालकर राजनीतिक रोटी सेंकने की कोशिश की है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता सीपी सिंह ने इस मसले पर बताया कि वह जानते थे कि इस बिल का क्या हश्र होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार झारखंड की जनता को बराबर छलने का काम कर रही है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार बेरोजगार छात्र-छात्राओं को नौकरी नहीं देना चाहती है।

यही वजह है कि आज छात्रों पर लाठी बरसा रही है। वादा किया था कि ओबीसी को आरक्षण 27 प्रतिशत कर दिया जाएगा। यह जानते हुए कि सुप्रीम कोर्ट ने 50 प्रतिशत की कैपिंग कर दी है।अब सवाल है कि मार्च माह के पहले सप्ताह में इस बिल को राजभवन ने क्या कहते हुए लौटाया गया। सूत्रों से जानकारी के मुताबिक पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने इस बिल पर अटार्नी जनरल से कानूनी राय मांगी थी। अटार्नी जनरल का कहना था कि यह बिल आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के मुताबिक नहीं है। इसी को आधार पर वर्तमान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने नये सीरे से समीक्षा के लिए पिछले माह ही सरकार को भेज दिया था। आपको बता दें कि 11 नवंबर को विशेष सत्र के दौरान पारित 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति को भी पहले ही राजभवन सरकार को लौटा चुका है। गौर करने वाली बात यह है कि मार्च के पहले सप्ताह में ही राजभवन ने बिल लौटा दिया है लेकिन इसपर अभी तक न तो सत्ता पक्ष और न सरकार की तरफ से कुछ कहा गया।

## अमित अग्रवाल और राजीव कुमार की चार्जफ्रेम पर 27

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** पीआईएल मैनेज करने के लिए कथित रूप से पैसे के लेन-देन के अभियुक्तों की चार्जफ्रेम (आरोप गठन) पर अब 27 अप्रैल को सुनवाई होगी। 19 अप्रैल बुधवार को चार्ज फ्रेम पर सुनवाई होनी थी। लेकिन दोनों अभियुक्त अदालत के समक्ष उपस्थित नहीं हो सके। ऐसे में कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 27 अप्रैल मुकर्रर की है।बता दें कि इससे पहले 6 अप्रैल को ईडी की विशेष कोर्ट ने कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल और झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर चुकी है। ईडी की ओर से अधिवक्ता शिव कुमार उर्फ काका जी ने बहस की थी।वहीं अधिवक्ता राजीव कुमार का पक्ष शंभू अग्रवाल ने रखा था। वहीं व्यवसायी अमित अग्रवाल की ओर से अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने बहस की थी।अमित अग्रवाल पीआईएल मैनेज करने के लिए पैसे देने के आरोपी हैं। वहीं झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार भी इस केस में आरोपी हैं। उन पर कैश लेकर पीआईएल मैनेज करने का आरोप है। अधिवक्ता राजीव कुमार को पिछले साल कोलकाता पुलिस ने करीब 50 लाख कैश के साथ गिरफ्तार किया था। ये पैसे व्यवसायी अमित अग्रवाल के थे।

वित्तीय वर्ष 2023- 24 में सीसीएल ने 90 मिलियन टन कोयला उत्पादन का जो लक्ष्य रखा

# सीएम से मिले सीसीएल के सीएमडी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर उन्होंने सीसीएल की परियोजनाओं में उत्पादन और प्रेषण में राज्य सरकार से मिले सहयोग के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि वित्तीय वर्ष 2023- 24 में सीसीएल ने 90 मिलियन टन कोयला उत्पादन का जो लक्ष्य रखा है, उसमे भी सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग मिलने की उम्मीद जताई,और इसके साथ उन्हों ने यह उम्मिद जताई है कि सीसीएल आगे नई उचाई छुएगा।

## सीएम हेमंत सोरेन को लगाया अग्निशमन सेवा सप्ताह का बैच

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आज गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा विभाग के पुलिस महानिदेशक अनिल पालटा एवं अपर पुलिस महानिदेशक सुमन गुप्ता ने मुलाकात कर उन्हें अग्निशमन सेवा सप्ताह का बैच लगाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री



श्री सोरेन ने अग्निशमन सेवा विभाग के कार्यों की अद्यतन जानकारी ली तथा अग्निकांडो से बचाव के तौर-तरीकों के लिए आम लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। उल्लेखनीय है कि अग्निशमन सेवा विभाग द्वारा 14 अप्रैल 2023 से 20 अप्रैल 2023 तक राज्य में अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। अग्निशमन सेवा सप्ताह मुंबई बंदरगाह पर 14 अप्रैल 1944 को फोर्ट स्टीकेन जहाज में आग लगने पर राहत कार्य करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले 66 वीरों की याद में हर वर्ष मनाया जाता है। इस अवसर पर स्टेट फायर ऑफिसर जगजीवन राम, फायर स्टेशन ऑफिसर जितेंद्र तिवारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

## सारंडा में पड़े लाखों टन आयरन ओर के निष्पादन के लिए सरकार क्या प्रक्रिया अपना रही है बताएं?

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**सारंडा के जंगल में आयरन ओर (लौह अयस्क) के खनन एवं उसके ट्रांसपोर्टेशन होने वाले प्रदूषण की रोकथाम को लेकर विधायक सरयू राय की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है की माइनिंग गतिविधियों के कारण सारंडा के जंगल में जो लाखों टन आयरन ओर बचे हैं उसे निष्पादित करने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जा




रही है । मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए कोर्ट ने मामले की सुनवाई 21 जून निर्धारित की । प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि फिलहाल सारंडा के जंगल में माइनिंग गतिविधि रुका हुआ है ।लेकिन पहले से वहां जो लाखों टन आयरन ओर निकाले गए हैं वह पड़ा हुआ है, जिससे वहां प्रदूषण की समस्या अभी भी बनी हुई है। बता दें कि सारंडा के जंगल में पर्यावरण के संरक्षण को लेकर सरयू राय की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। वर्ष 2012 में सरयू राय की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई थी। जिसके बाद हाई कोर्ट ने कई सुनवाई में मामले में दिशा झ निर्देश दिए थे ।इसके बाद सारंडा क्षेत्र में चल रहे माइनिंग गतिविधियों पर रोक लगी है।

## शराब घोटाले पर बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत को बताया धृतराष्ट्र



राष्ट्रीय खबर

**रांची:**शराब घोटाले का मसला और तुल पकड़ने वाला है। पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने इस मसले पर सीएम हेमंत सोरेन को एक बार फिर घेरा है। ट्विटर के जरिये कहा है कि उन्हें पहले से ही आशंका थी कि छत्तीसगढ़ी शराब घोटाले की आंच झारखंड तक पहुंचेगी। ऐसा हुआ भी। बाबूलाल ने उत्पाद नीति और इसमें छत्तीसगढी शराब कंसल्टेंट और सप्लायरों की भूमिका को लेकर 6 सवाल दागे हैं। यहां तक कि इस प्रकरण के लिए हेमंत सोरेन को धृतराष्ट्र तक का दर्जा दे दिया है। पूछे गये सवालों का जवाब मांगते कहा है कि जवाब जरूर दें। याद रहे कि दस्तावेज और कागजात कभी नहीं मरते। वे जिस तरीके से इस घोटाले के पूवार्नुमान और तैयारी के बारे में सीएम को कम से कम दस बार इतने विस्तार से बता चुके हैं कि वे यह कहने की भी स्थिति में नहीं हैं कि उन्हें तो कुछ पता ही नहीं था।

**प्रतिवेदन** प्रदेश भाजपा ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को राजभवन में भेंट की

# भाजपा ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से की कदमा घटना के सीबीआई जांच की मांग

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** प्रदेश भाजपा ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को राजभवन में भेंट की। उनसे 8 और 9 अप्रैल को जमशेदपुर के कदमा क्षेत्र में घटी घटना के आलोक में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मामले की सीबीआई या न्यायिक जांच कराने की मांग की। साथ ही गिरफ्तार नेताओं को जल्द रिहा कराए जाने का भी आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदीप वर्मा सहित अन्य ने कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर जमशेदपुर जिला प्रशासन द्वारा हिंदू समाज, विश्व हिंदू परिषद एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के विरुद्ध दुर्भावनावश एवं भेदभाव पूर्ण कार्यवाई रामनवमी के दौरान की गयी। इस मामले की तरीके से जांच हो। राजभवन से निकलने के



बाद मीडिया से बात करते प्रदीप वर्मा ने बताया कि कदमा प्रकरण में राज्य सरकार और जिला प्रशासन, जमशेदपुर की संदिग्ध भूमिका के बारे में राज्यपाल को जानकारी दी गयी। जिस प्रकार की घटना कदमा में हुई और जिस तरह से अपरिपक्व तरीके से आपत्तिजनक रवैया अपनाते हुए केस को जिला प्रशासन के स्तर से हैंडल किया गया, वह निराश करने वाला रहा। इस घटनाक्रम में हिन्दू समाज के लोगों के खिलाफ सुनियोजित तरीके से साजिश हुई। जिस समय घटना हुई, हिन्दू समाज के लोग वहां नहीं थे। कदमा प्रकरण में प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश के स्तर से 5 सदस्यीय कमिटी बनाई गयी थी। समिति ने अपने जांच रिपोर्ट से राज्यपाल को अवगत करा दिया है। उनसे हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। उन्होंने सारी बातों को ध्यान से सुना है। उम्मीद है कि न्याय होगा। गलत नियत से प्रशासन के स्तर से कार्रवाई की गयी है। राज्यपाल ने जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने को कहा है। जांच समिति के संयोजक डॉ दिनेशानंद गोस्वामी थे। पूर्व गृह सचिव जेबी तुबिद, पूर्व आई।जी। लक्ष्मण सिंह, जमशेदपुर के अध्यक्ष गुंजन यादव, अनिल मोदी, राकेश सिंह, लक्ष्मण टुडू, संजीव सिन्हा और राजेश सिंह भी राज्यपाल से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे।

## पेज एक का शेष

### 'परमाणु हथियार' से ... ...

में यह देखने के लिए छोड़ दिया जाता है कि मादा मच्छर से मिलन के बाद ये अंडे देती हैं या नहीं। अभी तक हम छोटे स्तर पर इसका परीक्षण करने में सफल रहे हैं। नवंबर से मच्छरों की सही मायने में छुट्टी हो जाएगी। अर्जेंटीना में एडीज मच्छर के कारण डेंगू ने गंभीर रूप ले लिया है। लोग घर में ही बुखार, सिर दर्द, उल्टी, थकान से परेशान हैं।

### जनसंख्या में अब ... ..

जनसांख्यिकीय मंदी की उम्मीद कर सकते हैं, पिछले जुलाई में प्रकाशित संयुक्त राष्ट्र के अन्य आंकड़ों के अनुसार, जो भविष्यवाणी करते हैं कि दुनिया की आबादी अब और 2100 के बीच कैसे विकसित होगी।

वैसे भारत के लिए यह गर्व का विषय होने के साथ साथ गंभीर चुनौतियों का भी विषय है। इतनी अधिक आबादी के लिए भोजन सहित अन्य संसाधन उपलब्ध कराना कोई आसान चुनौती नहीं है। वैसे यह समझा जा सकता है कि इसके जरिए भारत अपनी अर्थव्यवस्था में जबर्दस्त सुधार कर सकता है। चीन की आबादी में अब तेजी से बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है। दूसरी तरफ एक अन्य विकसित देश जापान में तेजी से जनसंख्या घट रही है। इन दोनों देशों के पास अपनी खेती और उद्योग के लिए पर्याप्त श्रमिकों का भी अभाव सामने आने वाला है।

### नन्दा देवी बायोस्फियर ... ..

केदारनाथ वन प्रभाग के अंतर्गत रुद्रनाथ के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में भी स्नो लेपर्ड पाये जाते हैं । गौरतलब है कि स्नो लेपर्ड एक दुर्लभ वन्य प्राणी है। भारत के उच्च हिमालयी क्षेत्रों के अलावा चीन , तिब्बत , भूटान , रूस के हिमालयी क्षेत्रों सहित यूरोप के देशों में भी स्नो लेपर्ड पाया जाता है। कोई 2500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पाये जाना वाला हिम तेंदुआ ( स्नो लेपर्ड ) बर्फीले इलाके में पाया जाता है । इसकी लम्बाई 1.4 मीटर होती होती है। और पूंछ 90 से 100 सेंटीमीटर होती है। इसका वजन 75 किलो ग्राम तक होता है। इसकी खाल पर सफेद और स्लेटी फर होता है। तथा लाल धब्बे होते हैं और पूंछ पर धारियां होती है।

### अडाणी समूह के कारोबार ... ..

इस बात की चर्चा है कि गौतम अडाणी के कारोबारी साम्राज्य का काफी तेजी से विस्तार हुआ है। ऑस्ट्रेलिया और इजराइल के व्यावसाहिक हितों के साथ यह वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहुंच बढ़ा रहा है। लेकिन जब कोई बहुत तेज रफ्तार से तरक्की करता है तो संदेह होने लगता है। जांच-पड़ताल बढ़ जाती है। अडाणी ग्रुप को इसका सामना जब करना पड़ा, जब हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आई। कुछ ही दिनों में अडाणी की कंपनियों से 100 अरब डॉलर स्वाहा हो गए। अडाणी ने निवेशकों का विश्वास जीतने की काफी कोशिश की। शेयर गिरवी रखकर लिये गए लोन्स का प्री-पेमेंट किया। इसके बावजूद ग्रुप के स्टॉक और डॉलर बॉन्ड अभी तक हिंडनबर्ग के कारण हुई बिकवाली से नहीं उबर पाए हैं।

वैसे सुखद स्थिति यह भी है कि अडाणी की कंपनियों ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी देनदारियों को पूरा करने की अपनी क्षमता में सुधार किया है। आंकड़ों के अनुसार अडाणी ग्रुप अपने कर्ज को कम करना चाहता है। वह इस दिशा में प्रयास कर रहा है।

### पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश ... ..

उन्होंने कहा कि तमिलनाडू, केरल और पश्चिम बंगाल में भी श्री संतोष पर पार्टी की जिम्मेदारी थी। तीनों राज्यों में वह सफल नहीं होने के बाद भी यह बात समझ से परे है कि पार्टी नेतृत्व उनपर इतना भरोसा क्यों करता है।

उन्होंने इसी क्रम में कहा कि उन्हें ईडी, इनकम टैक्स या सीबीआई से डर नहीं लगता है। पिछले तीस वर्षों के राजनीतिक जीवन में कोई दाग नहीं रहा है। इसलिए अब अगर यह केंद्रीय एजेंसियों मेरे खिलाफ कार्रवाई करती है तो जनता सच और झूठ का फर्क करना जानती है। अपने कांग्रेस में शामिल होने के संबंध में उन्होंने कहा कि मैंने कांग्रेस नेतृत्व से सिर्फ एक शर्त रखी थी कि उनके वरीयता को देखते हुए उन्हें पूरा सम्मान मिलना चाहिए। वह इस बात से खुश है कि कांग्रेस पार्टी ने इस सम्मान को कायम रखा है। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि शेट्टार क चलिए जाने के पीछ बीएल संतोष का हाथ नहीं है। वैसे उनके पार्टी छोड़ जाने से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। श्री बोम्मई ने कहा कि राज्य में लिंगायत समुदाय राजनीतिक तौर पर सचेतन है। इसलिए जगदीश शेट्टार अथवा लक्ष्मण सावदी के चले जाने के बाद भी यह समुदाय सही समय पर सही फैसले लेगा।

### रूस ने अदृश्य ... ..

चीन, रूस और अमेरिका, इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के लिए और परिचालन विमान का निर्माण कर रहे हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका ने एफ-117, एफ-22, एफ-35, और इ-2 का निर्माण किया और रणनीतिक बॉम्बर इ-21 को शामिल किया। चीन और रूस को अभी इस दिशा में मीलों चलना है। अभी तक, किसी भी देश के पास वास्तव में गुप्त तौर पर उड़ने वाली मशीन नहीं है। सभी तथाकथित स्टील्थ फ्लाइंग मशीनें लो ऑब्जर्वेबल्स की श्रेणी में आती हैं।

एक टर्बो-जेट और एक जेट इंजन एक विशिष्ट ऊंचाई बैंड पर उड़ान भरते समय संघनन ट्रेल्स नामक अत्यंत प्रमुख वाष्प ट्रेल्स का उत्पादन करते हैं। यह एख एक मोटी सफेद निशान छोड़ता है। साफ आसमान की परिस्थितियों में इसे साफ देखा जा सकता है। बिना जले या आंशिक रूप से जले हुए ईंधन के परिणामस्वरूप एक जेट इंजन अत्यधिक दिखाई देने वाला ग्रे-रंग का धुंआ छोड़ता है, जो प्रकाश की स्थिति के आधार पर मीलों से देखा जाता है। डिजाइन स्टील्थ ने झुकी हुई सतहों, पंख-धड़ सम्मिश्रण, आंतरिक हथियार बे, एम्बेडेड एयर इंटेक्स और जेट पाइप प्रदान करके परावर्तन गुणांक को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया है। कोई आश्चर्य नहीं कि एफ-117 के बाद से, अधिकांश अमेरिकी एफ विमान चमगादड़ों की संरचना से मिलते जुलते हैं। एफ-117 के मामले में, यह दावा किया गया है कि एक समान आकार की फ्लैट प्लेट एरिया फ्लाइंग मशीन में एफ-117 की तुलना में लगभग सौ गुना अधिक रडार दृश्यता होगी। यह और बात है कि एक सैम ने कम से कम एक एफ-117 को मार गिराया। दावा है कि इसके करीब अस्सी प्रतिशत संकेत रडार पकड़ नहीं पाते हैं। लेकिन अभी तक किसी वास्तविक युद्ध में इसका परीक्षण और सफलता सिद्ध होना बाकी है।

### पुतिन ने दो महीने में ... ..

सूट पहने, पुतिन अपने दोनों पड़ावों के दौरान अपने सैन्य शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठकों की अध्यक्षता करते दिखाई दिए। सैन्य मुख्यालयों के स्थानों का खुलासा नहीं किया गया, जिससे यह आकलन करना असंभव हो गया कि वे अग्रिम पंक्ति के कितने करीब थे।

दूसरी तरफ मंगलवार को, यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने पुतिन की सेना से जूझ रहे सैनिकों के संकल्प को मजबूत करने के लिए अग्रिम पंक्ति के पास के पदों पर अपनी नवीनतम यात्रा की।

उनके कार्यालय ने कहा कि जेलेंस्की ने डोनेट्स्क प्रांत के एक शहर अवदीवका में इकाइयों का दौरा किया, जहाँ भयंकर युद्ध हो रहे हैं। उन्होंने युद्ध के मैदान की स्थिति के बारे में प्रत्यक्ष रिपोर्ट सुनी और पुरस्कार प्रदान किए।

डोनेट्स्क प्रांत के कब्जे वाले हिस्से के मास्को द्वारा नियुक्त गवर्नर डेनिस पुशिलिन, मिन्स्क गए और पुतिन के सहयोगी बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको से समर्थन का वादा किया। पुतिन ने रूढ़िवादी ईस्टर पर सैन्य डिवीजनों को बधाई दी, जो रविवार को मनाया गया, और उन्हें आइकन के साथ प्रस्तुत किया। खेरसॉन मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों से बात करते हुए, पुतिन ने उन्हें एक रूढ़िवादी आइकन की एक प्रति सौंपी जो उन्होंने कहा कि वह 19वीं सदी के एक प्रसिद्ध रूसी जनरल की थी।

बैठकों में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने दिखाया कि वर्तमान में कौन से लोग पुतिन के पक्ष में थे। रूस के हवाई सैनिकों के प्रमुख कर्नल जनरल मिखाइल टेप्लिन्स्की, खेरसॉन बेस के शीर्ष जनरलों में से एक थे।

शहर >> अपडेट

## पोषण ट्रैकिंग को लेकर सेविकाओं की बैठक संपन्न

**सुगौली, पू.च :** समेकित बाल विकास सेवा परियोजना कार्यालय में बुधवार को पोषण ट्रैकिंग को लेकर सेविकाओं की हुई बैठक। बैठक में उपस्थित महिला प्रवेक्षिका पुष्पांका और प्रखंड समन्वयक कामरान आलम ने सेविकाओं को पोषण ट्रैकिंग के आंकड़ों को ऑनलाइन मोबाइल पर सत प्रतिशत अपलोड करने के बारे में बताया गया।बताया गया कि प्रत्येक सेविका अपने पोषक क्षेत्र के हर एक-एक घर का भ्रमण करेगी और ओआरएस का वितरण करना है। सभी परिवार को पेरासिटामोल की गोली देना है और एईएस और जेई के बारे में पूरी जानकारी देनी है। इस बीमारी के लक्षण के बारे में डोर टू डोर हर घर के परिवार को बतलाना है और इससे बचाव की जानकारी देनी है।

# जहरीली शराब कांड में मृतक व इलाजरत लोगों के परिजनों से मिले जाप सुप्रीमों पप्पू यादव

## मेरी लड़ाई उपरांत 4 लाख रुपए मुआवजा देने की बात सरकार ने मानी : यादव

▶▶ डीएसपी और थानादार को जेल में डाले सरकार

राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी :** जहरीली से मौत की घटना के बाद जन अधिकार पार्टी (लोक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ. पप्पू यादव पीड़ित परिवार के परिजनों से मिलने तुरकौलिया पहुंचे। उसके बाद सदर अस्पताल में चिकित्सरत लोगो से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। वहीं मीडिया को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जहरीली शराब आम लोगों की जिंदगी के लिए नासूर बन गया है। यह शर्मनाक भी है कि पूर्ण शराबबंदी वाले राज्य में जहरीली शराब पीने से लगातार लोग मर रहे हैं। उन्होंने कहा सरकार ने शराबबंदी अच्छी सोच से की, अलबत्ता बिना समीक्षा के बंदी जारी रखने से प्रदेश के शराबियों, विशेषकर गरीब जनता पर अतिरिक्त बोझ बढ़ा, पिछड़े राज्य की राजस्व क्षति में वृद्धि हुई।



उन्होंने कहा कि शराबबंदी में जहरीली शराब से मौत की घटना के पीड़ित लोगों से मुलाकात किया, जहां दर्जनों लोग काल के गाल में समा चुके हैं। हमने सबों के परिजनों से मुलाकात की और 10 परिवार को पार्टी की ओर से तत्काल 10 झ10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता किया। पूर्व सांसद पप्पू यादव ने कहा कि यहाँ ध्यान देने वाली बात यह है कि लोग महंगी शराब पीकर नहीं मर रहे हैं। सस्ती और जहरीली शराब पीकर लोगों की जान जा रही है। इसलिए मुख्यमंत्री शराब पर 70% टैक्स लगा दीजिए और यह सुनिश्चित कर दीजिए कि शराब गाँव और पंचायत में उपलब्ध ना हो। साथ ही 25 वर्ष से कम उम्र के लोगों को शराब ना मिले, इसके लिए आधार कार्ड की सहायता ली जा सकती है। हम प्रदेश के सभी राजनीतिक दलों और सरकार से आग्रह करेंगे कि इस पर विचार करें। उन रुपयों से मोतिहारी, चकिया, मोतीपुर का चीनी मिल को पुनः संचालित की जा सकती है। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता अभिजीत सिंह, प्रदेश महासचिव मोख्तार प्रसाद गुप्ता, पिपरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह प्रदेश सचिव अंकुश कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष पवन कुमार सिंह, जन अधिकार छात्र परिषद के तिरहुत प्रमंडल अध्यक्ष आकाश कुमार सिंह,प्रदेश महासचिव युवा शक्ति मणिभूषण राय, युवा जिलाध्यक्ष नुरैंन आलम, बिट्टू दुबे, लक्ष्य सिंह, पुनु सिंह, उज्जवल यादव ,दीपक यादव, अनिरूद्ध यादव, प्रिंस शर्मा, मुकेश यादव उपस्थित रहे।

## वैक्सीन से बचाव वाली बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए वयस्कों के टीकाकरण को देना होगा बढ़ावा

**पटना :** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हेल्दी एजिंग को परिभाषित करते हुए कहा है कि ह्यइस तरह की फंक्शनल एबिलिटी को डेवलप और मैंटेन करना, जिससे बड़ी उम्र में भी बेहतर जीवन सुनिश्चित हो सके। डब्ल्यूएचओ ने अपनी ह्यडेकेड ऑफ हेल्दी एजिंग- बेसलाइन रिपोर्ट-2020 में हेल्दी एजिंग के लिए वयस्कों के टीकाकरण को महत्वपूर्ण रणनीतियों में शुमार किया है। पटना स्थित डायबिटीज एंड ओबेसिटी केयर सेंटर के मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. सुभाष कुमार ने कहा, 50 साल या इससे ज्यादा उम्र के वयस्कों के लिए मेरी सलाह यही है कि उन्हें शिंगल्स, इन्फ्लूएंजा और न्यूमोनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए टीका लगवाना चाहिए। बढ़ती उम्र के साथ प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होने से शिंगल्स जैसे संक्रमण का खतरा बढ़ता जाता है। इनसे न केवल उन्हें गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है, बल्कि अन्य लोगों पर उनकी निर्भरता भी बढ़ जाती है। हर महीने मेरे पास 50 साल या उससे ज्यादा उम्र के 200 मरीज आते हैं और मैं उन सभी को सुझाव देता हूं कि अपने अनुरूप उपलब्ध टीके अवश्य लगवाएं। अभी भारत में वयस्कों के टीकाकरण को लेकर जागरूकता बहुत कम है। सभी चिकित्सकों की जिम्मेदारी है कि अपने पास आने वाले बड़ी उम्र के मरीजों को बताएं कि कैसे टीकाकरण उन्हें कई तरह के संक्रमणों से बचा सकता है। कोविड-19 महामारी ने हमें दिखाया है कि कैसे संक्रामक बीमारियां बहुत घातक सिद्ध हो सकती हैं, विशेषरूप से बुजुर्गों के लिए। इसलिए अब समय आ गया है कि वयस्कों के टीकाकरण को प्राथमिकता में लाया जाए।

## शिव ठाकरे खतरों के खिलाड़ी 13 के लिए एक्शन से भरपूर लाइनअप में शामिल हुए



**पटना :** एड्रेनलिन से भरपूर रोमांचक राइड के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि भारत का पसंदीदा कलर्स का स्टंट आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी अपने 13वें सीजन के साथ शानदार वापसी कर रहा है और इस बार, यह एक नई थीम और नई चुनौतियों के साथ पहले से कहीं अधिक बड़ा दमदार और अधिक साहसिक है यह शो प्रतियोगियों को जीवन का सबसे शानदार अनुभव देने का वादा करता है दांतों तले उंगलियां चबाने वाले रोमांच के लिए तैयार हो जाइए जहां हर उम्र के साहसी प्रतियोगी अपने सबसे बुरे डर का सामना करेंगे और इस लाइनअप में शामिल हो रहे हैं अबाध शिव ठाकरे जो खतरों के खिलाड़ी 13 में अपनी ताकत दिखाने और साहस की बुनियादी चुनौती लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं क्या आप जीवन भर के रोमांच को देखने के लिए तैयार हैं? बिग बॉस 16 मंडली के लीडर के रूप में पहचाने जाने वाले शिव खतरों के खिलाड़ी 13 में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा खतरों के खिलाड़ी का हिस्सा बनना अपने आप में अनूठा रोमांच है यह सिर्फ अपने डर का सामना करने के बारे में नहीं है बल्कि अपनी आंतरिक क्षमता और दृढ़ता को खोजने के बारे में भी है। इस शो से जुड़ना मेरे लिए सपना सच होने जैसा है। मैंने अपने जीवन में कई डर पर काबू पाया है और मैं एक्शन गुरु रोहित शेट्टी के मार्गदर्शन में इस शानदार शो में अल्टीमेट खतरों का सामना करने को लेकर रोमांचित हूं। बिग बॉस के बाद से, मैं हमेशा इस शो में आना चाहता था और मुझे लगता है कि मेरे बप्पा ने फिर से मेरी इच्छा पूरी की। यह जीवन में दोबारा कभी न मिलने वाला अवसर है और मैं शो में अपनी मानसिक और शारीरिक क्षमता जांचने के लिए तैयार हूं। खतरों के खिलाड़ी 13 का प्रसारण जल्द ही कलर्स पर होगा।

# शराब माफियाओं के खिलाफ बिहार सरकार सख्त - मंत्री

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** जदयू मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार में मद्य निषेध व निबंधन विभाग के मंत्री सुनील कुमार जी ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि मोतिहारी में जहरीली शराब के सेवन से आम लोगों की मृत्यु की घटना दुर्भाग्यपूर्ण और दुःखद है, बिहार सरकार इस घटनाक्रम पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए हैं। जो भी शराब माफिया इस कुकृत्य में संलिप्त होगा उसपर अतिशीघ्र कठोरतम करवाई सुनिश्चित की जाएगी। मोतिहारी की घटना में पीड़ित परिवार के साथ बिहार सरकार मजबूती से खड़ी है। माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीड़ित परिजनों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से चार लाख रुपए की मुआवजे का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शराबबंदी लागू करने से समाज में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा लिया गया है यह ऐतिहासिक फैसला कई लोगों की जीवन बदलने में अहम भूमिका निभाई है। मंत्री सुनील कुमार ने आम लोगों से भी आग्रह करते हुए कहा कि शराब कारोबारियों के प्रति सरकार सख्त है और सभी लोगों को भी जागरूक नागरिक की भूमिका निभाते हुए शराब कारोबारियों पर शिकंजा कसने हेतु सरकार की मदद करनी चाहिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से जदयू के प्रदेश महासचिव श्री वासुदेव कुशवाहा व पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।





# भाजपा मनाएगी दानवीर भामाशाह जयंती समारोह

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** भामा शाह जयंती समारोह के संयोजक संजय गुप्ता ने कहा कि आगामी 22 अप्रैल एवं 23 अप्रैल को बिहार के सभी जिलों में दानवीर भामा शाह की जयंती मनायी जायेगी। दानवीर भामा शाह ने अपने वीरता एवं शौर्य के कारण सम्पूर्ण विश्व में अपने को स्थापित किया। महाराणा प्रताप के साथ हरेक परिस्थितियों में कदम से कदम मिलाकर चलकर भामा शाह ने इतिहास रचने का काम किया। दानवीर और लड़ाकू माने जाने वाले भामा शाह के जीवन से देश के लोगों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। आज भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए समारोह के संयोजक संजय गुप्ता ने बताया कि पटना में आगामी 22 अप्रैल को शोभा यात्रा के संयोजक भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन अभिषेक एवं मुकेश शाह को बनाया गया है तथा स्वागत के प्रभारी दीपक अग्रवाल, सतीश गुप्ता एवं अजय गुप्ता, कार्यक्रम स्थल के प्रभारी भीम साहू, गणेश कुमार, रथ प्रभारी-अजीत लाली, पंकज केशरी, महिला प्रभारी सरोज जायसवाल, क्रांति केशरी, मीडिया एवं सोशल के देवेन्द्र गुप्ता एवं विवेक वर्णवाल का जिम्मेवारी दी गयी है। शोभा यात्रा का मुख्या आकर्षण भामा शाह जी के रथ के आगे में महिलायें बाईक पर सवार होकर सर पर पगड़ी बांधकर एवं हाथों में तलवार लिए रहेंगी।



बिहार के विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रम की सफलता के लिए जिलों के प्रभारी बनाये गये हैं। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश कुमार सिंह, प्रदेश कार्यालय मंत्री सत्यपाल नरोत्तम, भाजपा के वरिष्ठ नेता जग्रनाथ गुप्ता, नरेश साव, अजय गुप्ता वार्ड पार्षद सतीश गुप्ता उपस्थित थे।

# शराबबंदी कानून पर भाजपा की दोहरी नीति - नीरज कुमार

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** जदयू मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि शराबबंदी नीति पर भाजपा नेताओं का दोहरा चरित्र इनके घटिया और दूषित राजनीतिक संस्कार को उजागर करता है। शराबबंदी के खिलाफ बिहार सरकार पर बेबुनियाद आरोप लगाने से पहले भाजपा नेताओं को याद रखना चाहिए कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने शराबबंदी नीति पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की तारीफ की थी लेकिन बिहार भाजपा के नेता अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को भी आंख दिखाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में जब शराबबंदी लागू किया गया था तब भाजपा के लोग विपक्ष में थें और विपक्ष में रहने के बावजूद भी उन्होंने शराबबंदी का समर्थन किया था लेकिन आज ये लोग माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की छवि को खराब करने की मानसिकता से शराबबंदी का दुष्प्रचार कर रहे हैं। नीरज कुमार ने भाजपा नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब गुजरात, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड में जहरीले शराब के सेवन से लोगो की मृत्यु होती है तब इन लोगों का जुबान पर ताला लगा जाता है। हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने जहरीले शराब से मरने वालों के लिए चार लाख रुपए की मुआवजे का ऐलान किया है ताकि पीड़ित परिवार को भविष्य में किसी भी तरह की दिक्कतें न हो लेकिन भाजपा बताएं कि जहरीला शराब पीने से भाजपा शासित प्रदेशों में मरने वालों को कितना मुआवजा दिया जाता है? कुछ वर्ष पूर्व उत्तरप्रदेश के अंदर आजमगढ़ में खुलेआम सरकारी दुकान से जहरीली शराब की बिक्री की गई थी जिसमें कई लोगो की जान चली गई और इस घटना के बाद वहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने पीड़ितों के लिए केवल 2 लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान किया था। भाजपा के नेता सिर्फ और सिर्फ झूठ और दुष्प्रचार के जरिए जनता को बरगलाने का काम करतें हैं।



## नगर पंचायत में 94 करोड़ 5 लाख 74 हजार का बजट सर्वसम्मति से पारित

राष्ट्रीय खबर

**लौरिया :** नगर पंचायत के सभागार में नपं अध्यक्ष सीता देवी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट प्रस्ताव पड़कर उपस्थित सदन को सुनाया गया जिसे ध्वनि मत से पारित किया गया। बजट में नपं के आय व व्यय की रूपरेखा तय की गई।जिससे नगर का सर्वांगीण विकास हो सके। जिसमे सम्राट अशोक भवन निर्माण, पर्यावरण सुविधाएं, स्मार्ट वार्ड योजना, शहरी गरीबों के लिए मूल सुविधा, शहरी जलापूर्ति योजना, लैंड फिट साइड, मार्केट काम्प्लेक्स, टाउन हॉल एवं पुस्तकालय, ठोस कचरा प्रोसेसिंग, नगर पंचायत के प्रशासनिक भवन के निर्माण, वेंडिंग जोन का निर्माण कार्य, सम्पत्ति कर एवं अन्य शुल्क को आंन लाईन करने का प्रस्ताव, नव सीरजीत पद, जल जीवन हरियाली योजना, अकास्मिक दुर्घटना में सहायता राशि का वितरण, आउटसोर्सिंग एजेन्सी, तालाबों का सौंदर्यीकरण, पार्क निर्माण, बस स्टैंड एवं सौंदर्यीकरण, साइंटिफिक लैंड फिल साईट,साईनटिफिक स्लाटर हाउस,जल जमाव से मुक्ति योजना,डोरन स्क्रीनिंग सिस्टम,सिवेज ट्रीटमेंट प्लांट, नगर सौंदर्यीकरण,सबके लिए आवास योजना, सड़क एवं नालों का निर्माण। वही नपं के आय स्त्रोतों में संपति कर, व्यवसाय अनुज्ञप्ति, विधुत उपभोग पर शुल्क, स्टांप ड्यूटी, नागरिक सुविधाओं से किराया, विज्ञापन कर, सैरातो की बंदोबस्ती आदि शामिल हैं।बजट बैठक में नपं अध्यक्ष सीता देवी, उपाध्यक्ष किशोरी देवी, नपं ईओ लक्ष्मण प्रसाद, वार्ड पार्षद भगवान सिंह, विमला देवी, अंतिमा गुप्ता, शोभा देवी, शुशबू रानी, उगीया देवी, गीता देवी, तनवीर हैदर, धनमनीया देवी, रोबैदा खातुन, मुरारी प्रसाद, प्रेमा देवी, अजय कुमार मिश्रा, सहित नगर पंचायत कर्मी राहुल कुमार ओझा, विकास कुमार, मौसम कुमार, प्रदुम्न कुमार, दीपक वर्मा, अखिलेश मिश्रा, पुष्कर कुमार एवं सभी वार्ड पार्षद व कर्मी मौजूद थे।

## नाली मरम्मती कार्य मे भारी अनियमितता से लोगों में रोष



**भितहा :** प्रखंड के परसौना पंचायत के वार्ड नम्बर 4 मे हो रहे नाली मरम्मती कार्य मे भारी अनियमितता सामने आयी है।कार्यस्थल पर बिना बोर्ड लगाये ही काम कराया जा रहा है। कार्यस्थल पर लोकल बालु एवं पुराने ईंटों का उपयोग किया जा रहा है। विदित हो कि कार्य स्थल पर उक्त नाले के निर्माण से संबंधित एक पूराना वोर्ड लगा है जिसमें नाला निर्माण वर्ष 2017-18 एवं प्राकलित राशि 6लाख 51 हजार अंकित है। इस संबंध में उक्त वार्ड सदस्य कमलेश चौधरी ने बताया कि उक्त नाले के मरम्मती कार्य योजना का कोई बोर्ड कार्य स्थल नहीं लगाया गया है। उक्त मरम्मती कार्य किस योजना से कराया जा रहा है और इसकी प्राक्कलित राशि कितनी है,इसकी जानकारी पुछने पर न तो मुखिया दे रहे हैं और न हीं पंचायत तकनीकी सहायक। वहीं वार्ड सदस्य का कहना है कि जिस तरह से नाले के स्लैब में 8 के पतले सरिया और सोन सेंड की जगह लोकल सेंड का प्रयोग किया जा रहा है वह विल्कुल टिकाउ नहीं है स्लैब पुन: टुट जायेगा। इस संबंध में पूछे जाने पर मुखिया प्रतिनिधि चंदन गुप्ता ने बताया कि बालू उस पार का है और पहले 8 की सरिया से कार्य हो रहा था लेकिन अब उसमें 10 का सरिया भी लगाया जायेगा। वहीं इस संबंध में पंचायत तकनीकी सहायता रौशनी कुमारी से पुछे उन्होंने बताया कि उक्त मरम्मती कार्य की प्राक्कलित राशि 7 लाख है और अभी बोर्ड नहीं बना है। कार्य समाप्ति के बाद भी बोर्ड भी बोर्ड लगता है और पहले भी लगता है।, उक्त कार्य में पतले सरिया का प्रयोग और लोकल सेंड के प्रयोग के बारे में पुछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैं इसको जा कर देख लूंगी।

# आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ ईद पर्व को मनाए : डीएम

## मस्जिदों और ईदगाह के आसपास रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

▶▶ सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचें

राष्ट्रीय खबर

**गया :** इस्लाम धर्मावलंबियों के आस्था का पर्व ईद- उल-फितर को लेकर डीएम डॉ० त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती की अध्यक्षता में जिले में शांति व्यवस्था एवं अमन-चैन बनाए रखने के लिए शांति समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बैठक आहूत की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।





डीएम ने मस्जिदों एवं ईदगाहो के आस पास पूरी साफ सफाई, विद्युत की पर्याप्त आपूर्ति, पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने हेतु नगर आयुक्त गया नगर निगम, कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल गया, कार्यपालक अभियंता विद्युत शहरी को निर्देश दिया।शांति समिति के गणमान्य व्यक्तियों ने सुझाव दिया कि सोशल मीडिया पर निरंतर निगरानी रखा जाय।


जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील किया कि किसी भी तरह की अफवाहों से दूर रहें। अफवाहों पर ध्यान न दें।

जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को सोशल मीडिया पर साइबर सेनानी व्हाट्सएप ग्रुप एवं अन्य माध्यम से लगातार निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया गया। ईद की नवाज सुबह 6:00 बजे से प्रारंभ होते हुए गया गांधी मैदान में सुबह 7:30 बजे नमाज पढ़ी जाएगी तथा सबसे अंतिम ईद की नवाज कर्बला पंचायती अखाड़ा में सुबह 10 बजे होगी। गांधी मैदान में तीन से चार हजार रोजेदारों द्वारा सामूहिक रूप से नमाज अदा की जाएगी।डीएम ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि साफ सफाई की मुकम्मल व्यवस्था के साथ-साथ पानी टैंकर भी उपलब्ध रखें। बुडको को निर्देश दिया कि सुबह 4:30 बजे के आसपास वाटर सप्लाई चालू कर दे।

डीएम ने सभी सम्मानित सदस्यों को कहा कि जिस तरह से जिले में रामनवमी पर्व को काफी अच्छे तरीके से संपन्न कराया है। उसी तरह इस ईद पर्व को आपसी भाईचारे के साथ संपन्न करवाएं। उन्होंने कहा कि पूर्व में घटित घटनाओं वाले विवादित स्थलों पर ईद पर्व के अवसर पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी अनिवार्य रूप से उन स्थलों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे ताकि आपसी संप्रदायिक सौहार्द बना रहे। उन्होंने कहा कि ईद के अवसर पर विभिन्न स्थानो पर मेडिकल टीम भी मौजूद रहेगा। डीएम ने लोगों से अपील किया है कि हीटवेव को ध्यान में रखते हुए अर्ली मॉर्निंग भी ईद की नमाज अदा कर ले।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने ईद के अवसर पर कहा कि अर्ली मॉर्निंग सभी संबंधित थाना विभिन्न धार्मिक स्थानों के समीप पेट्रोलिंग करवाना सुनिश्चित करें तथा वह स्थान जहां बड़े गश्ती वाहन नहीं जा सकेंगे। उन स्थानों पर मोबाइल पेट्रोलिंग के माध्यम से विधि व्यवस्था संधारित रखेंगे। बैठक में शांति समिति के सदस्य और शहर के गणमान्य व्यक्ति और समाजसेवी सहित विभिन्न धर्मों के लोग उपस्थित थे।

## लू में स्कूल बंद, जिलाधिकारी ने दिया निर्देश



**मुंगेर :** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू को देखते हुए एवं बच्चों के स्वास्थ्य और जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना के मद्देनजर जिले में अवस्थित सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 01 से 05 तक के लिए शैक्षणिक कार्य दिनांक 20.04.2023 से 22.04.2023 तक बंद रखने का आदेश जिलाधिकारी नवीन कुमार द्वारा दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि कक्षा 6 से 12वीं तक की कक्षाओं का पठन-पाठन पूर्वाह्न 6 बजे से 11 बजे तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी सरकारी व निजी विद्यालय प्रधानों को इस आदेश का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने जिले के सभी प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, प्रभारी प्रधानाध्यापकों को इस आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया है। इसके अलावे लू एवं भीषण गर्मी से रक्षा एवं बचाव के प्रचार प्रसार हेतु जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी सहित सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को भी निदेशित किया है। यदि किसी भी निजी विद्यालयों द्वारा इस आदेश का उल्लंघन किया गया तो उनके खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# जंक्शन पर रेल यात्रियों की सुविधाओं का हाल जानने पहुंचे नगर विधायक

## प्लेटफार्म पर रेल यात्रियों को मिले शुद्ध और शीतल जल

राष्ट्रीय खबर



**गया :** प्रचंड गर्मी के बीच रेल से सफर करने वाले यात्रियों के लिए गया स्टेशन पर मौजूद सुविधाओं का जायजा लेने के लिए पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार गया जंक्शन पहुंचे। उन्होंने प्लेटफार्म पर रेल यात्रियों के लिए पानी की सुविधाओं का जायजा लिया। यही नहीं उन्होंने खुद अपने हाथों से चेक किया कि ठंडा पानी आ रहा है या नहीं। साथ ही यह भी जाना कि किस प्लेटफार्म पर कितने पानी के प्याऊ या वाटर कूलर मुहैया कराए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने बागेश्वरी आरओबी और कष्टा और चाकन आरओबी प्रोग्रेसिव रिपोर्ट अधिकारियों से जाना। यही नहीं गया से पटना चलने वाली पैसेंजर ट्रेन में यात्रियों से कोरोना काल के दौरान बढ़ाया गया किराया भाड़ा अब भी वसूले जाने के मसले को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बेंगलुरु और डिहरी से गया के लिए ट्रेनों के विस्तार किए जाने की भी चर्चा सीनियर डीसीएम से की।नगर विधायक ने सीनियर डीसीएम सुधांशु रंजन से यात्री सुविधाओं के मसले पर करीब 2 घंटे तक बातचित की। इस दौरान सीनियर डीसीएम पानी के मसले पर पानी पानी होते हुए नजर आए। सीनियर डीसीएम सुधांशु रंजन ने नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार को बताया कि हमारे पास पर्याप्त वॉटर वेंडिंग मशीन थी लेकिन जिनका टेंडर किसी तकनीकी वजह से कोरोना के दौरान ही एक एक निरस्त हो हो गए। अब नए सिरे से टेंडर बीते दिनों कॉल की गई थी लेकिन वह भी तकनीकी वजह से पास नहीं हो सकी। एक बार फिर से नए सिरे से टेंडर कॉल की गई है। उम्मीद है कि इस बार किसी एक कंपनी को वॉटर वेंडिंग मशीन का टेंडर चला जाएगा। इसके बाद पानी की सुविधाएं सरल हो जाएंगी। हालांकि सीनियर डीसीएम ने नगर विधायक को बताया कि वर्तमान में 9 वाटर कुलर चालू कर दिए गए हैं जो विभिन्न प्लेटफार्म पर स्थित है ।इसके अलावा प्याऊ भी काम कर रहे हैं। उन्होंने नगर विधायक को आश्वस्त किया कि वाटर कूलर की संख्या से शीघ्र ही दोगुनी कर दी जाएगी ।इसके अलावा नगर विधायक डॉक्टर प्रेम कुमार ने स्टेशन परिसर भ्रमण के दौरान स्टेशन परिसर के बाहर झरना का निरीक्षण किया।

290 करोड़ रुपए से गया रेलवे स्टेशन का होगा जीर्णोद्धार : नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार को सीनियर डीसीएम सुधांशु रंजन ने बताया कि 290 करोड रुपए की लागत से गया रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड श्रेणी के स्टेशन बनाया जा रहा है। वर्तमान की बिल्डिंग ध्वस्त कर दी जाएगी। आने वाले समय में नए कलेवर में बिल्डिंग में नजर आएगी। स्टेशन परिसर में मां मंगला गौरी, भगवान विष्णु और भगवान गौतम बुद्ध की अद्भुत छटा रेल यात्रियों को देखने को मिलेगी। इसके अलावा स्टेशन परिसर में एयरपोर्ट सरीखे सुविधाएं रेल यात्रियों को मुहैया कराई जाएंगी। सीनियर डीसीएम ने नगर विधायक को बताया कि आने वाले समय में 130 से 160 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड के साथ यहां से ट्रेन क्रॉस करेगी। उसे देखते हुए ही नए क्लेवर के साथ व मजबूती के साथ सब कुछ नया तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा सीनियर डीसीएम ने बताया कि नई बिल्डिंग में करीब 300 लोगों के लिए डॉरमेट्री बेड तैयार किए जा रहे हैं। वर्तमान में महज 12 बेड का डोर मेट्री उपलब्ध है। इस मौके पर सुनील सिन्हा रंजीत कुमार, उत्तरी मंडल अध्यक्ष शंभू यादव,मध्य मंडल अध्यक्ष पंकज लोहानी, अनुसूचित जाति अध्यक्ष देव आनंद पासवान, बाबू भाई,शिवनारायण चंद्रवंशी, अशोक गुप्ता एवं राजेश मस्तान डब्लू राय,अक्षय चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन से 450 पर्यटक गया पहुंचे



**गया** : देश के विभिन्न जगहों के रहने वाले 450 पर्यटकों की टीम को लेकर बुधवार की सुबह गया जंक्शन भारत गौरव पर्यटक ट्रेन पहुंची। बता दे कि डा.भीमराव आंबेडकर के जीवन से जुड़े स्थलों को रेखांकित करने के उद्देश्य को लेकर भारत गौरव पर्यटन ट्रेन परिचालित किया गया है। इस दौरान रेलवे की ओर से आयोजित स्वागत कार्यक्रम में सांसद विजय कुमार तथा पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डा. प्रेम कुमार द्वारा माला पहना कर बाबा साहब आंबेडकर यात्रा में गया आने वाले यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान बड़ी संख्या में मंडल स्तरीय स्थानीय स्तरीय के अधिकारी व रेलकर्मी, स्कूली बच्चे व आमजन उपस्थित रहे। बता दें कि 14 अप्रैल को डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से केंद्रीय मंत्रियों ने इस पर्यटक ट्रेन को रवाना किया था। पर्यटकों को बोधगया के महाबोधि मंदिर,राजगीर व नालंदा का भी परीदर्शन कराया जाएगा। डा. भीमराव आंबेडकर के जीवन से जुड़े स्थलों को रेखांकित करने के उद्देश्य को लेकर रेलवे द्वारा बाबासाहेब आंबेडकर यात्रा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन को चलाया गया था। वहीं, दिल्ली हरियाणा से पहुंचे पर्यटक शकुंतला देवी, रंजीत कुमार सवालिया एवं विनोद कुमार बिंद ने कहा कि रेलवे की तरफ से एक अच्छी पहल है। हम लोगों को बाबा भीमराव आंबेडकर के बारे में पूरी जानकारी दी जा रही है। हम लोगों को 7 रात और 8 दिन का टूर है। इस टूर के माध्यम से भगवान बुद्ध के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। साथ ही पर्यटकों का गया में दो दिन का ठहराव के दौरान बोधगया,राजगीर और नालंदा में भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों का भ्रमण किया जाएगा। गुरुवार को गुरुवार की रात में यह बाबासाहेब आंबेडकर यात्रा ट्रेन गया से आगे प्रस्थान करेगी। इस यात्रा को लेकर यात्रियों में काफी उत्साह देखा गया और यात्रियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री के साथ-साथ भारतीय रेल के प्रति आभार भी प्रकट किया है।

# मेरा स्वाभिमान ट्रस्ट द्वारा दी गई सच्ची श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** मेरा स्वाभिमान ट्रस्ट के द्वारा नगर के पारस नगर में दलित बस्ती के 100 से ज्यादा परिवारों को, स्वास्थ्य लाभ योजना के तहत 1 साल से लेकर 18 साल तक के बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया। जहां 2 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा और 1.5 लाख तक का दुघर्टना बीमा सहायता प्रदान करने की दिशा में काम किया गया। मेरा स्वाभिमान ट्रस्ट का लक्ष्य हैं की गरीबी रेखा से गुजर बसर करने वाले परिवार की हर सुविधा का ख्याल रखकर वैसी योजनाओं को धरातल पर लाने का हर संभव प्रयास करना बाबा साहेब अंबेडकर भारत मां के वो सपूत हैं की ₹हजारों साल तक नर्गिस जब अपने बेनूरी पर रोती हैं तब जाकर होता हैं चमन में वीरावर पैदा होना₹ बाबा साहेब लगातार गरीब, वंचित, शोषित और पीड़ितों के समाज को झकझोरा और जिस तरह से अपना देश समाज के अधार बंटा हुआ था उसको उन्होंने एकत्र किया और एक संविधान दिया, दलितों और वंचितों को महा सम्मान दिया। और जिस विपरीत परिस्थितियों में ये सबकुछ किया उसकी तुलना नहीं किया जा सकता हैं। और ऐसे उदाहरण इतिहास में हमे देखने को नहीं मिलता है। बाबा साहेब की जितनी प्रशंसा की जाय वो कम हैं वो वंदनीय और प्रार्थनीय हैं क्यूं की बाबा साहेब ना होते तो आज हमारा मुल्क ना होता। इस मुल्क के जो तासीर हैं जिस तरह से देश आपस में सदभाव के साथ खड़ा है ये भाव नहीं होते, इस भाव के अभाव में और अत्यंत ही अभाव से डॉ भीम राव अंबेडकर आते है और अभाव से प्रभाव में उनके जीवन की जो यात्रा होती हैं वो यात्रा हम सब के लिए स्तुत्य हैं और आने वाली पीढ़ियों को भी उन पर गर्व होगा की कोई हाड़ मांस का चलता फिरता व्यक्ति इस धरा पर आया था जिसने सारे भेदभाव, छुआछूत, जातिभेद इस धरा से मिटाया था और एक नए भारत के निर्माण में अपना अप्रतिम योगदान दिया। मौके पर महामंत्री उमेश अग्रवाल, संयोजक जितेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, मंत्री नितिन शाह, मंत्री राजीव कुमार, प्रभारी विनय यादव तथा वार्ड प्रमुख उपेन्द्र कुमार,सह वार्ड प्रमुख दुर्गेश कुमार सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

# मिड डे मील खाने से कस्तूरबा विद्यालय की 50 छात्राएं हुई बीमार

**भोजन बनाने में रसोइयों की लापरवाही से घटी घटना**

राष्ट्रीय खबर




**गया :** जिले के नक्सल प्रभावित डुमरिया प्रखंड के तहत आने वाले कस्तूरबा विद्यालय मैगरा से एक बड़ी खबर निकल कर आ रही है। स्कूल में मध्यान भोजन खाने से 50 स्टूडेंट्स से अधिक बीमार हो गए हैं। आनन-फानन में फिलहाल 24 छात्राओं को डुमरिया सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि करीब एक दर्जन छात्राएं गम्भीर हैं। फिलहाल सभी का इलाज चल रहा है। वहीं इस हादसे से स्कूल में हड़कंप है। कोई भी इस मामले में बात करने को तैयार नहीं है।

वहीं इस संबंध में कस्तूरबा विद्यालय के प्रधान नरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मध्याह्न भोजन खाने से स्टूडेंट्स की अचानक तबीयत खराब होने लगी। वे चक्कर खाने लगे व उल्टी करने लगे। तभी एंबुलेंस के सहारे 24 बच्चों को डुमरिया अस्पताल में भेजा गया है। वहीं डॉक्टर की एक टीम कस्तूरबा विद्यालय में आकर सभी बच्चों का इलाज कर रही है।

जानकारी के मुताबिक रसोईया बनाने वाले ने खाना बनाने के दौरान घोर लापरवाही की है। उसके द्वारा लापरवाही बरते जाने की बात सामने आई है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार मध्याह्न भोजन में छिपकली गिरने की बात सामने आ रही है। फिलहाल इस पर कस्तूरबा विद्यालय के प्रधान कुछ भी बोलने से इंकार कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक एक दर्जन से अधिक बच्चे की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। जिसका इलाज डुमरिया अस्पताल में किया जा रहा। साथ ही बीमार होने छात्राओं के अभिवाकों को सूचित किया जा रहा है। गौरतलब है कि कस्तूरबा विद्यालय एक हॉस्टल के रूप में संचालित किया जाता है यहां आसपास की बच्चियां हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती हैं।

# मुन्ना राय के शव को छुड़ाने के लिए मुझे 100 लोगों को फोन करना पड़ा : पप्पू यादव

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** कंकड़बाग स्थित मेदांता अस्पताल की मनमानी से नाराज जनाधिकार पार्टी के सुप्रीमो पप्पू यादव बुधवार को मेदांता अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने अस्पताल प्रशासन द्वारा बंधक बनाये गये वार्ड पार्षद मुन्ना राय के शव को किसी तरह छुड़ाया। जिसके बाद उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए जयप्रभा मेदांता अस्पताल पर जमकर भड़ास निकाली। इस मौके पर उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि अस्पताल ने मनमाने तरीके से वार्ड पार्षद को शव को पैसे की खातिर 4 दिनों से बंधक बनाकर रखा था। मुझे शव को छुड़ाने के लिए मेदांता अस्पताल के डॉ. तेरहान समेत 100 लोगों को फोन करना पड़ा।

वहीं, उन्होंने बताया कि अंत में डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को मुझे फोन करना पड़ा, जिसके बाद अस्पताल प्रशासन को शव को परिजनों को सौंपा। पप्पू यादव ने कहा कि परिजनों की लाख मिन्नत के बाद भी शव को नहीं दे रहे थे। साथ ही उन्होंने अस्पताल में बाउंसर के नाम पर गुंडा पालने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन इलाज के नाम लूट मचाये हुए हैं। उन्होंने कहा कि लाश को छुड़ाने के लिए मुझे 100 लोगों को फोन करना पड़ा। पप्पू यादव को भीख मांगना पड़ा।

दरअसल, बता दें कि दो सप्ताह पर राजधानी पटना के जक्कनपुर में अपराधियों द्वारा पूर्व पार्षद मुन्ना राय को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। घटना की जानकारी मिलते ही जक्कनपुर थाना के पुलिस पहुंच घायल मुन्ना राय को इलाज के लिए मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान अस्पताल में मुन्ना राय की मौत हो गयी। वहीं, अस्पताल प्रशासन द्वारा मुन्ना राय के शव को 4 दिनों से बंधक बनाया बना लिया था। इलाज में 8 लाख खर्च होने के बावजूद 4 दिनों से अस्पताल प्रशासन ने 4 दिनों से शव को परिजनों को सौंप नहीं रहे थे। जिसके बाद जनाधिकार पार्टी के सुप्रीमो पप्पू यादव ने अस्पताल पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद शव को छुड़वाकर परिजनों को सौंपा।

# अवैध रुप से संचालित नर्सिंग होम, जांच घर के विरुद्ध गठित टीम की छापेमारी

**छापामारी टीम की भनक मिलते अधिकतर जांच घर संचालक के जांचघर बंद**

**सिविल सर्जन को सौंपी जाएगी जांच रिपोर्ट**

**पीएचसी प्रभारी ने तीन दिनों में कागजात जमा कराने का निदेश दिया**



राष्ट्रीय खबर

**मझौलिया :** प्रखंड अंतर्गत मंगलवार के दिन मुख्यालय में सिविल सर्जन के निदेर्शानुसार पीएचसी प्रभारी डॉक्टर ओम प्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम ने मझौलिया बाजार में संचालित नर्सिंग होम अल्ट्रासाउंड समेत जांच घर का निरीक्षण किया। जांच टीम की भनक लगते ही अधिकतर जांच घर नर्सिंग होम के संचालक अपने किलनिक का शटर गिरा कर भाग खड़े हुए। जांच टीम के चिकित्सक डॉ अनुपम प्रसाद ने बताया कि मंगलवार को केवल मुख्यालय में संचालित नर्सिंग होम जांच घर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में विभागीय मानक के अनुरूप कागजातों ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर एवं जांच मशीन के साथ कागजातों का जांच किया गया। जिसका रिपोर्ट जिला मुख्यालय को सौंपा जाएगा। पीएचसी प्रभारी डॉ ओमप्रकाश ने बताया कि जांच घर एवं नर्सिंग होम के संचालकों को 3 दिनों के अंदर रजिस्ट्रेशन प्रदूषण समेत अन्य कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। जांच के क्रम में अवैध संचालन पाए जाने पर जांच घर एवं नर्सिंग होम को सील कर दिया जाएगा। अपने किलनिक एवं जांच घर का शटर गिरा कर फरार है, उनके नाम का पता कर लिया गया है। उनके विरूद्ध कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ उनके क्लीनिक एवं जांच घर को सील करते हुए प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। यह जांच अभियान जारी रहेगा ग्रामीण क्षेत्रों में भी झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा संचालित नर्सिंग होम जांच घर का भी जांच युद्ध स्तर पर किया जाएगा। इस गठित जॉच टीम में डॉक्टर अविनाश कुमार विनय तिवारी समेत स्वास्थ्य कर्मी शामिल रहे।

# पेयजल की समस्या को लेकर सड़क पर उतरे ग्रामीण

राष्ट्रीय खबर



**संग्रामपुर :** गर्मी आते ही गांवों में भीषण जल संकट की स्थिति बन गई है। जल संकट से जूझ रहे प्रखंड मुख्यालय स्थित कुसमार पंचायत के विभिन्न वार्डों के ग्रामीणों के द्वारा मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे संग्रामपुर गंगटा मुख्य मार्ग अस्पताल चौक के समीप मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर यातायात बाधित कर दिया। जिससे लगभग 2 घंटे तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। बाद में प्रखंड विकास पदाधिकारी अजेश कुमार थानाध्यक्ष रंजन कुमार संग्रामपुर थाना एसआई शेखर सौरभ के द्वारा जल संकट से जूझ रहे आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया गया। जानकारी के अनुसार प्रखंड के कुसमार पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 2, 6, 8 एवं 9 सहित पंचायत के विभिन्न वार्डों में भीषण जल संकट से लोग त्राहिमाम है। सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं में से एके हर घर नल का जल धरातल पर पूरी तरह फेल साबित हो रहा है। लोगों को नल जल योजना से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। जल के अन्य स्त्रोत भी लगभग सूख चुकी है। लोगों के समक्ष पेयजल के लिए हर घर नल का जल के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। मौके पर उपस्थित पूर्व प्रखंड प्रमुख सुधीर कुमार दास ने बताया कि गर्मी के दस्तक देते ही कुसमार पंचायत ही नहीं बल्कि प्रखंड के विभिन्न पंचायतों पेयजल के संकट गहराने लगी है। सरकार के द्वारा संचालित नल जल योजना हाथी के दांत साबित हो रहे हैं। नल जल योजना की स्थिति काफी दयनीय है। पंचायत के विभिन्न वार्डों में नल जल योजना में कहीं मोटर जली हुई है। तो कहीं जलापूर्ति हेतु पाइप नहीं बिछाई गई है। कहीं जल मीनार नहीं है, तो कहीं नल जल योजना जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। उन्होंने कहा कि कई बार जल संकट को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को अवगत कराया गया है। लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इससे लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। इसी के कारण जल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों के द्वारा सड़क को जाम किया गया है। जाम कर रहे ग्रामीणों को प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के पदाधिकारी से बात की गई है ।प्रखंड क्षेत्र में जहां कहीं भी नल जल योजना में तकनीकी खराबी है। उसे दूर कर 3 दिन के अंदर पंचायत के विभिन्न वार्डों में जलापूर्ति कराई जाएगी। ताकि लोगों को गर्मी के मौसम में सुचारू रूप से पानी मिल सके। वही इस मौके पर कुसमार पंचायत के ग्रामीण दीपक कुमार, रंजीत दास, मुन्ना दास, प्रदीप कुमार, छोटे लाल, सोनू भगत, बजरंगी तांती सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# गोपाल लाल महतो ने मगही भाषा एवं साहित्य संस्कृति को किया समृद्ध

**कवि गोष्ठी में कवियों ने दी काव्यांजलि, किया याद**

राष्ट्रीय खबर

**गया :** विष्णुपद मार्ग स्थित शगुन गेस्ट हाऊस में मगही साहित्य संगम द्वारा गोपाल लाल महतो स्मृति पर्व मनाया गया साथ ही कवि गोष्ठी का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार पं० कन्हैयालाल मेहरवार ने कहा कि सहजता, सरलता एवं शालीनता ही नहीं, सादगी के भी प्रतिमूर्ति थे पं० गोपाल लाल महतो। गोपाल बाबू गरीबों के मसीहा थे। उन्होंने सदा शोषितों व उपेक्षित लोगों को सेवा दिया। उनके पास से कभी कोई निराश नहीं लौटता था। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हास्य व्यंग्य पुरोधा कानपुर निवासी के. के. अग्निहोत्री ने भी कहा कि मगही भाषा-साहित्य व संस्कृति बड़ी समृद्ध है और इसकी समृद्धि में पं. गोपाललाल महतो जैसे बुद्धिजीवी व्यक्तित्वों का समर्पण मुख्य भूमिका में रहा है। वहीं डॉ० सच्चिदानंद प्रेमी ने बताया कि साहित्यकारों का स्मृतिपर्व केवल एक यादगार दिवस नहीं बल्कि उन साहित्यकार की साहित्यसेवा का सम्मान करना होता है। इसी प्रकार मनोज मिश्र जी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम अगली पीढ़ी में साहित्यसेवा का संदेश भरते हैं। साथ ही साथ सुमंत ने बताया कि पं. गोपाललाल महतो गया की शान रहे हैं, हम अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें स्मरण करते हैं। इसके बाद गोपाललाल महतो सम्मान 2023 के साहित्य-सेवा सम्मान से के. के. अग्निहोत्री को सम्मानित किया गया। साथ ही मगही महापदयात्रा के सफल आयोजन हेतु समाजवादी लोक परिषद को भी साहित्य-सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सत्र को आगे बढ़ाते हुए कवि गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें कुमार कांत, अरविंद कुमार, राजीव रंजन, पंकज कुमार अमन, रमेश मानव, सुरेन्द्र पाण्डे ने अपनी अपनी कविताओं से सबको सम्मोहित किया। कार्यक्रम में प्रभा महतो, हेमांशु शेखर, ऋचा झा, मेघा मेहरवार, पंकज मिश्रा, पूनम कुमारी, मुकेश मिश्र.कुमारी रानी, विकास कुमार, शांतनु कुमार, सतेंद्र गौतम मांझी, अन्तयार्मी आदि ने भी अपने व्यक्तव्य रखे। वरिष्ठ साहित्यकार रामकृष्ण मिश्र ने उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता की और मंच संचालन राजीव रंजन ने किया।

# रास सांसद के सौजन्य से सभी प्रखंडो मे होगा सांसद खेल महोत्सव




**राष्ट्रीय खबर**

**बगहाः** वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडो में राज्यसभा सांसद सतीशचंद्र दुबे द्वारा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान फुटबॉल,वॉलीबॉल,कबड्डी,दौड़-200मीटर,400मीटर,1500मीटर,5 000मीटर तथा मैराथन दौड़-5 किलोमीटर महिला के लिए, और 10 किलोमीटर पुरुष प्रतिभागी के लिए सुनिश्चित किया गया है। प्रत्येक प्रतिभागी तीन अलग-अलग खेलो में भाग ले सकते हैं ।जिसके लिए उम्र 14 वर्ष से ऊपर निर्धारित किया गया है । ग्रामीण क्षेत्र में फुटबॉल ,वॉलीबॉल, कबड्डी तथा अन्य खिलाड़ी तैयारी करने वाले भी प्रतिभागी भी भाग ले सकते हैं। पंजीकरण का समय 22/4 /2023 तक सुनिश्चित किया गया है। सभी प्रतिभागी पंजीकरण फार्म भरकर चार रंगीन फोटो ,आधार कार्ड का फोटो कॉपी के साथ फार्म जमा कर सकते हैं ।खेल महोत्सव का उद्घाटन बगहा दो मे स्थित विमल बाबू खेल मैदान मे 25 अप्रैल को होगा।

## प्रातः 7 से 10:30 बजे तक संचालित होंगे आंगनबाड़ी केंद्र

**राष्ट्रीय खबर**

**बगहा :** गर्मी व हीट बेव की अधिकता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र संचालन की अवधि में परिवर्तन किया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र अब सुबह 7 से 10:30 बजे तक संचालित होंगे। जिसको लेकर आईसीडीएस निदेशक पटना के द्वारा राज्य के सभी जिलाधिकारी को पत्र लिखा गया है। आईसीडीएस निदेशक पटना के अनुसार राज्य में गर्मी एवं लू की लगातार वृद्धि हो रही है। जिससे आगे के महीनों में अत्यधिक गर्मी एवं लू पड़ने की संभावना है। जिससे आँगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों के स्वास्थ्य व जीवन पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना है। भीषण गर्मी व बच्चों के स्वास्थ को देखते हुए 20 अप्रैल से अगले आदेश तक सभी आँगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन की अवधि प्रातः 7 बजे से 10:30 बजे तक होगी। मंगलवार को जारी इस पत्र प्रतिलिपि सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, समाज कल्याण विभाग बिहार सरकार के सचिव तथा समाज कल्याण विभाग के मंत्री को भी भेजी गई है।

# इंटरमीडियट 2023 जिला टॉपर साहब कुमार को प्राचार्य डॉ लक्ष्मी कांत राय ने सम्मानित किया



**अवधेश कुमार शर्मा**

**बेतिया :** टीपी वर्मा महाविद्यालय में इंटरमीडिएट कला संकाय के छात्र साहब कुमार को जिला टॉपर होने पर प्राचार्य डॉ लक्ष्मीकांत राय ने मोमेंटो से सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ लक्ष्मीकांत राय ने बताया कि महाविद्यालय और शहर के लिए गौरव की बात है। विद्यार्थी का उत्साहवर्धन होता रहा तो, ऐसे में कोई भी काम असंभव नहीं है। साहब साधारण परिवार से होने के बावजूद भी काफी मेघावी छात्र रहा है जिसका परिणाम सभी के सामने है। महाविद्यालय काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। प्राचार्य डॉ लक्ष्मी कांत राय ने साहब को बधाई व शुभकामना देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता के लिए हमेशा कटिबद्ध है। प्राचार्य ने शिक्षकों को धन्यवाद दिया। शिक्षक की सही मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का सुखद परिणाम है। साहब कुमार ने सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया और बताया कि आप सभी शिक्षकों का योगदान है। देश का भविष्य बनाने में शिक्षकों के आशीर्वाद से आगे बढ़ूंगा। इस अवसर पर डॉ दुबदल भट्टाचार्य, डॉ चंद्रभूषण बैठा, डॉ दीपक कुमार, डॉ विकास मंडल, डॉ दशरथ राम, डॉ नम्रता कुमारी गुप्ता, खेल निदेशक सुनील वर्मा, नेसार अहमद, भूषण तिवारी, अतुल कुमार, प्रो आलोक रंजन, अभय कुमार, राजेश्वर पाठक, सुजीत वर्मा, डॉ शिप्रा शुक्ला, प्रो दिव्या वर्मा, प्रियंका श्रीवास्तव, सत्येन्द्र गुप्ता ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

## अभियुक्तों की गिरफ्तारी को ले डीआईजी पुलिस अधीक्षक व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से लगाई गुहार

**राष्ट्रीय खबर**

**बगहाः** पास्को एक्ट के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने से नाराज परिजनों ने डीआईजी बेतिया, पुलिस अधीक्षक बगहा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा को आवेदन देकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है । डीआईजी को दिए आवेदन में नन्हे साह ने बताया है कि फरार अभियुक्त अनवर मियां और बिबीया खातून के द्वारा बार बार धमकी दी जा रही है कि तुम अपना केस उठा लो नहीं तो जान से मार देंगे । और तुम्हारे बीबी के साथ इससे भी जघन्य कांड करा देंगे । आए दिन इस प्रकार की मिल रही धमकी से मेरा पुरा परिवार दहशत में हैं । नन्हे साह ने अपने आवेदन में बताया है कि अगर जल्द ही इन अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो मेरे परिवार के साथ कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है ।इन अभियुक्तों के उपर बगहा थाना कांड संख्या 64/2023 दर्ज हैं । जिससे तीन अभियुक्त नामजद हैं । जिसमें से सिर्फ एक रमुल्लाह मिया ही गिरफ्तार है । तथा कांड दर्ज होने के तीन माह बीतने के बाद भी दो अभियुक्त फरार है । और आए दिन अभियुक्तों द्वारा परिजनों को धमकी दी जा रही हैं ।

## खसरा कोविड-19 चमकी बुखार को लेकर पीएससी प्रभारी ने की बैठक

बगहा/पिपरासीः पिपरासी पीएससी में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा बैठक किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर रविन्द्र कुमार मिश्रा ने बैठक में उपस्थित आंगनवाडी सेविका, जीविका कर्मी आशा व ,नर्सों को खसरा ,चमकी बुखार ,कोविड के संबंध में जानकारी दी । बिमारी के लक्षण और उपाय भी बताई गई । ओआरएस का पाउडर, बुखार की दवा सभी को मुहैया कराई गई । क्षेत्र में अगर कोई पीड़ित मिलता है तो उसे दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ।खसरा ,कोविड , चमकी बुखार की अगर लक्षण मिलता है तो तुरंत पीएचसी को सूचित करें । लापरवाही बरतने वाले के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी । दूसरे परदेसी आने वाले लोगों पर खास नजर रखें । कोरोना से संबंधित कोई लक्षण मिलता है, तो तुरंत पीएचसी को सूचित करें। मेडिकल टीम का गठन भी कर दिया गया है। मौके पर पहुंचकर जांच करेगी ।

# एएसडीएम व चिकित्सा पदाधिकारी ने विभिन्न नर्सिंग होम का किया जांच

अनुपस्थित पाए गए एपीएचसी वाल्मीकिनगर के दो चिकित्सक होगी विभागीय कार्रवाई।

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा :** सिविल सर्जन बेतिया के दिशा निर्देश पर वाल्मीकिनगर में फर्जी नर्सिंग होम और फर्जी चिकित्सकों के विरुद्ध मंगलवार की शाम एएसडीएम बगहा तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी हरनाटांड़ डा. अतुल कुमार राय ने संयुक्त रूप से अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वाल्मीकिनगर सहित आधा दर्जन निजी क्लीनिको की जांच की। यह जांच लगभग दो घन्टे तक चली। जिसमें से कुछ क्लीनिक के कागजात दुरुस्त पाए गए तो कुछ संस्थानों को एक सप्ताह में कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया है। बतातें चलें कि इन दिनों स्वास्थ विभाग फर्जी क्लीनिको पर एक्शन के मोड में दिख रहा है। बगहा अनुमंडल अंतर्गत सभी जगहों पर ताबड़तोड़ जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में एएसडीएम बगहा सरफराज आलम, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अतुल कुमार,वाल्मीकिनगर चिकित्सा प्रभारी संजय सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।इस बाबत जानकारी देते हुए एएसडीएम सरफराज आलम ने बताया कि जांच के क्रम में एपीएचसी वाल्मीकिनगर के दो चिकित्सक डाक्टर सीमा गिरी और डेंटिस्ट विकाश कुमार ड्यूटी में मौजूद नहीं पाए गए। उन लोगों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।साथ ही जांच के दौरान निजी क्लीनिक ऑनर को अपने संस्थान का लीगल पेपर दिखाने की बात कही गई है।

# मौसम का पारा 43 पार, 'लूह्ह की स्थिति के बीच पेयजल व्यवस्था महापौर ने किया

**मौसम** नगर निगम प्रशासन ने विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर अस्थाई प्याऊ बनाया


**राष्ट्रीय खबर**



**बेतियाः** जिला मुख्यालय बेतिया में अप्रैल महीना में मौसम का पारा 43 डिग्री सेल्सियस पार पहुंच गया। ह्यलूह्ह (हीट वेव) जैसी स्थिति में नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बेतिया वासियों की राहत के लिए खुद सड़क पर उतर गईं। बस स्टेंड, कलेक्ट्रेट चौक, तीन लालटेन राज ड्योढी, स्टेशन चौक, नगर निगम मुख्यालय के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर अस्थाई 'पेय जल सेवा' प्रारम्भ कराया। इसके अतिरिक्त बस स्टेंड और कलेक्ट्रेट गेट पर पेयजल की नियमित आपूर्ति के लिए टोटी लगे वाटर टैंकर लगवाया। बेतिया की महापौर ने बताया कि पटना और वाल्मीकीनगर में स्थापित मौसम सेवा केंद्र (बीएमएसके) के बुलेटिन के हवाले से उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल में राज्य भीषण गर्मी की स्थिति बने रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञान केंद्र के रिपोर्ट में बताया गया है कि बिहार में तापमान में वृद्धि हो रही है। बुधवार से 4-5 दिन बाद बेतिया व बिहार के अधिकांश भागों में तापमान 42 से 44 डिग्री तक जा सकती है। नगर निगम की महापौर ने बताया की जून की तरह लू का मौसम होने को लेकर नगर निगम प्रशासन हाई अलर्ट की स्थिति में है। आमजन जीवन के लिए ऐसा ही प्रतिकूल मौसम रहने तक निगम की चौकसी बनी रहेगी।

# भीषण गर्मी में 3 घंटे तक बिजली रही गुल, लोग रहे परेशान

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहाः** भीषण गर्मी व उमस भरी मौसम में बुधवार को अचानक दोपहर में करीब तीन घंटे तक नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र की बिजली रही गुल। बिजली गुल होने से बिधुत उपभोक्ताओ समेत दुकानदारों प्रतिष्ठानों समेत आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि इस मामले में विद्युत प्रमंडल बगहा के कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु ने जानकारी देते हुऐ बताया कि 33 केवीए के पीएसएस में मेंटेनेंस को लेकर मोतिहारी से एमआरटी की टीम आई थी जिसको लेकर पीएसएस की मरम्मत मेंटेनेंस को लेकर बिधुत आपूर्ति को ठप किया गया था। मेंटेनेंस कार्य पूर्ण होते ही बिधुत आपूर्ति व्यवस्था को पुनः सुचारु रुप से चालू कर दिया। बताते चलें कि बुधवार को दोपहर नगर में बिजली गुल कर दिए जाने से आम लोगों में काफी नाराजगी देखी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिधुत विभाग की ओर से मेंटेनेंस को लेकर पूर्व में कोई सूचना नहीं जारी किया गया था। एव दोपहर को एका एक आपूर्ति को ठप कर दिया गया। जिससे दोपहर के समय में आम लोगों को काफी परेशानी हुई स्थानीय लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी के मौसम में विभाग की ओर से मेंटेनेंस का कार्य शुरू किया जाता है। जिससे उन्हें परेशानी होती है। गौरतलब हो कि गर्मी बढ़ने के साथ में बिजली की आपूर्ति मांगी बढ़ जाती है। इधर एक सप्ताह से विभाग के द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर लगातार आपूर्ति बाधित की जा रही है। जिससे लोगों को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर सहायक अभियंता नीरज कुमार कनीय अभियंता संजय कुमार शर्मा समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## दहेज लोभियों ने किया विवाहिता की हत्या, जाँच में जुटी पुलिस

**राष्ट्रीय खबर**

**मधुबनीः** धनहा थाना क्षेत्र के मरिचहवा गांव में दहेज के लिए एक विवाहिता को गला दबाकर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। साथ ही साक्ष्य मिटाने के लिए शव भी जला दिया गया। मृत विवाहिता के पिता द्वारा धनहा थाने में एक लिखित आवेदन देकर न्याय की मांग किया गया है। आवेदन के अनुसार यूपी के जटहा थाना क्षेत्र के खाखो टोला खेसिया, मंशाछापर गांव निवासी लक्ष्मन गुप्ता की पुत्री रिंकू देवी उम्र 22 वर्ष की शादी दो वर्ष पहले धनहा थाना क्षेत्र के मरिचहवा गांव निवासी रोझन गुप्ता के पुत्र राजू गुप्ता के साथ हुआ था। एक साल तक सब कुछ ठीक ठाक था। एक से घर के सदस्यों द्वारा 1 लाख नगद रुपया एवं एक बाइक दहेज में मांगा जाने लगा। एवं नही देने पर प्रताड़ित किया जाने लगा। 18 अप्रैल 2023 को घर के सदस्य मृतका के पति राजू गुप्ता, ससुर रोझन गुप्ता, सास मीना देवी, सहित घर के सभी सदस्यों द्वारा रिंकू देवी को गला दबाकर हत्या कर दिया गया। एवं बिना मैके सूचना दिए शव को जला दिया गया। 18 अप्रैल को गांव के एक ब्यक्ति द्वारा मैके को सूचना दिया गया। जिसके उपरांत थाने में आवेदन दिया जा रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि, आवेदन के आधार पर जांच कर कार्यवाई कि जाएगी।

## नव पदस्थापित थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने किया पदभार ग्रहण

**राष्ट्रीय खबर**



**सुगौली,पू.चः** स्थानीय थाना में नव पदस्थापित थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया।उन्होंने कहा कि सबसे पहली प्राथमिकता होगी कि अपराध पर अंकुश लगाना है।क्षेत्र में कही भी शराब की बिक्री नही हो।इसके लिए शराब धंधेबाज पर पैनी नजर रखी जायेगी।जनता अमन चैन से रहे इसके लिए आवश्यक कदम उठाया जाएगा।कानून व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।इसके लिए सभी लोगो के सहयोग की जरूरत है।ईद उल फितर का पर्व आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाए। पुलिस हमेशा आपके सहयोग में ततपर रहेगी। थानाध्यक्ष को स्थानीय विधायक ई.शशि भूषण सिंह,प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सहनी,उपप्रमुख प्रतिनिधि शंभु साह,मुखिया संघ उपाध्यक्ष प्रभाकर मिश्र, मुखिया संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनेलाल सहनी, मुखिया अवधेश कुशवाहा,असफाक आलम,सुनील सहनी,बुचुन तिवारी,बाबूलाल बैठा,संजय यादव,राजदेव प्रसाद,नईम खान,अशोक पासवान,अनिरुद्ध सिंह,पूर्वमुखिया संघ अध्यक्ष चुनचुन सिंह,भाजपा नेता प्रदीप सराफ,नप उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा,कांग्रेस अध्यक्ष अजय झा,राजद अध्यक्ष अरविंद यादव,भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश मिश्र,सरपंच रूपेश श्रीवास्तव,दिवाकर मिश्र,मनोज सहनी,बबलू तिवारी सहित कई लोगो ने बधाई दी है।

# अचानक लगी आग ने एक घर जलाया धु-धुकर जला गन्ना का बकास

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा :** पुलिस जिला अंतर्गत वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र में बुधवार की दोपहर दो अलग-अलग जगहों पर आग लगने से घर और क्रौसर का खुजा (बकास) जलकर राख हो गए।हवा इतनी तेज थी कि आग की लपटें भयावह रूप धारण कर लिया। जिसके वजह से अज्ञात कारण से लगी आग में शिवनाहा गांव निवासी कमल साह का घर जलकर राख हो गया। वहीं दूसरी तरफ थाना क्षेत्र के चम्पापुर गांव मे शंभू साह के गन्ना क्रौसर पर रखे गन्ने के खुजा बकास मे अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई।हवा की तेज रफ्तार के कारण आसपास के घर को चपेट मे ले लिया जिसके वजह से एक घर जलकर राख हो गया। जिसमें हजारों रुपए की सम्पत्ति जल कर नष्ट हो गई। इस भयानक आग को देख चंपापुर के आसपास के गांव के लोगों मे दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। आनन फानन में ग्रामीणों ने इसकी सूचना वाल्मीकिनगर थाना और दमकल केंद्र को दी। सूचना पर पहुंचे दमकल के साथ साथ पंपसेट व मोटर के सहारे ग्रामीणों व दमकल कर्मी द्वारा आग पर काबु पाया गया।उधर वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के ही शिवनाहा गांव मे भी आग लगने से एक घर जलकर राख हो गया है।इस बाबत थानाध्यक्ष विजय प्रसाद ने बताया कि आग की सुचना मिली है। इसकी सुचना मिलते ही दमकल को घटनास्थल पर भेज दिया गया है। जहां कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

# लौरिया केन यूनियन और पैक्स निर्वाचन में सभी निर्विरोध निर्वाचित

**राष्ट्रीय खबर**



**बेतियाः** पश्चिम चम्पारण जिला के नरकटियागंज अनुमंडल अंतर्गत लौरिया प्रखंड कार्यालय के प्रखण्ड परिसर में नंदन सहयोग विकास एवं इख क्रय- विक्रय संघ केन युनियन लौरिया के चुनाव में सभी पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ आदित्य दीक्षित ने दिया सभी को प्रमाण पत्र निर्गत किया। केन युनियन लौरिया के चुनाव में ढढवा के पैक्स अध्यक्ष प्रमोद कुमार पहली बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं, जबकि चंद्रौल पैक्स के अध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ला सचिव तथा सिसवनिया पैक्स के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह कोषाधयक्ष पद तीसरी बार प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष सहित प्रबंध कार्यकारणी सदस्य के लिए कुल सात नामांकन दाखिल किया गया तथा सभी का नामांकन स्वीकृत किया गया। अध्यक्ष पद हेतु ढढवा के पैक्स अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सचिव पद पर चंद्रौलके पैक्स अध्यक्ष सह निवर्तमान सचिव मनोज कुमार शुक्ला कोषाध्यक्ष पद पर निवर्तमान कोषाध्यक्ष सह सिसवनिया पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह, प्रबंध कार्यकारणी सदस्य पद के लिए पुरैना पैक्स अध्यक्ष गीता देवी, फतेहपुर पैक्स अध्यक्ष शशिभूषण वर्मा, दोनवार पैक्स अध्यक्ष जीतेन्द्र प्रसाद सिंह, मठिया पैक्स अध्यक्ष राजकरण ठाकुर को निर्वाचन प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। केन युनियन लौरिया के नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रखंड प्रमुख शंभु तिवारी ने माला पहनाकर सम्मानित किया तथा सबकी उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुर्व ज़िला पार्षद कुमार गौरव, सोनु दुबे, शशिभूषण प्रसाद, श्याम कुमार पांडेय, मालिकमणी तिवारी, राजेश चौबे व अन्य पैक्स अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## ऑनर किलिंग में कविता की हत्या, अज्ञात शव की पहचान कविता के रुप में हुई

**राष्ट्रीय खबर**

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला के बेतिया पुलिस अंतर्गत लौरिया थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने सिकरहना नदी के किनारे एक अज्ञात युवती का शव बरामद किया। उस समय शव की पहचान नहीं हो सकी। पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस जांच में शव की शिनाख्त हुई। हालाकि शव का अंतिम संस्कार पुलिस ने ही कराया। शव की पहचान लौरिया नगर पंचायत के वार्ड चार निवासी मनोज महतो की सत्रह वर्षीय अविवाहित पुत्री कविता के रुप में हुई है। कविता के हत्याकांड में पुलिस ने बताया की यह ऑनर किलिंग का मामला है। जिसमें कबिता की मां लक्ष्मीणा देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि कविता की हत्या में उसके माता-पिता का नाम सामने आ रहा है। कुछ लोग कविता की हत्या प्रेम प्रसंग में होने की चर्चा भी कर रहे हैं। कविता का किससे प्रेम प्रसंग किसके साथ रहा, आखिर किन परिस्थिति में माता पिता ने घटना को अंजाम दिया अथवा किसने कविता की हत्या की इसकी चर्चा खूब हो रही है। लौरिया थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया की कविता की मौत मामले का खुलासा हो गया है। मोबाइल का सीडीआर खंगाला जा रहा है, शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी को छापामारी की जा रही है।

संपादकीय


# वायरस सुधर रहा है पर हम नहीं सुधर रहे

कोरोना वायरस का संक्रमण देश में लगातार बढ़ता जा रहा है। चूंकि सरकार ने लोगों को जबरन भीड़ के इलाकों में जाने से अथवा मास्क पहनकर निकलने की शर्त से नहीं जोड़ा है, इसलिए हम इस आसन्न खतरे को लेकर फिर से लापरवाह बने हुए हैं। सरकार की चेतावनी, डाक्टरों की हिदायत को हल्के में लेने का क्या नतीजा हो सकता है, यह हम देश में आयी कोरोना की दूसरी लहर में देख चुके हैं। उस वक्त भी कोरोना के फैलने का एकमात्र कारण लोगों का परहेज से परहेज करना था। अब फिर हमलोग वही गलती दोहरा रहे हैं। कोविड-19 संक्रमण के मामलों में 13 अप्रैल को एक दिन में 30 फीसदी का इजाफा दर्ज किया गया और संक्रमण के मामले 7,800 से बढ़कर 10,000 का स्तर पार कर गए। यह पिछले 223 दिनों में सबसे बड़ा इजाफा है और हमें याद दिलाता है कि 2019 के अंत से दुनिया को चपेट में लिए हुए यह वायरस कितना संक्रामक है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 13 अप्रैल को देश में कोविड के 44,998 सक्रिय मामले थे। पहले की तरह ही केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक मामले देखने को मिल रहे हैं। इससे संकेत मिल रहा है कि लोग तेजी से दोबारा संक्रमित हो रहे हैं। मंगलवार का राष्ट्रीय आंकड़ा यह बताता है कि 7633 नये मरीज पाये गये हैं। जिससे कुल संक्रमितों का आंकड़ा 61 हजार से ऊपर चला गया है। दूसरी तरफ इस बार मौत का प्रतिशत भी बढ़कर 1.18 हो चुका है। यह बता दें कि चिकित्सकों ने वायरस के इस नये वायरस स्वरुप को कम खतरनाक माना है। नये वेरियंट एक्सबीबी.1.16 वायरस की प्रकृति को कमजोर माना है और इससे संक्रमित लोग अस्पताल कम ही जा रहे हैं। लेकिन साथ ही विशेषज्ञ वायरस की प्रकृति का हवाला देते हुए बार बार कह रहे हैं कि यह वेरियंट फिर से कभी भी बदलकर मारक अवस्था में आ सकता है। दूसरी तरफ वैक्सिन और बुस्टरों का इस पर कोई प्रतिरोधक असर नहीं है, यह बात भी प्रमाणित हो चुका है। इसके बाद भी हमलोग ना तो मास्क पहन कर निकल रहे हैं और ना ही भीड़ भाड़ वाले इलाकों में जाने से परहेज कर रहे हैं। यह अजीब सी भारतीय प्रवृत्ति है कि जबतक कोई बाहरी नियंत्रण ना कायम किया जाए, खास तौर पर उत्तर भारत के लिए खुद को आत्मानुशासित नहीं कर सकते। अब अगर बाद में फिर से स्थिति बिगड़ गयी तो उसके लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराना हमारी पुरानी बीमारी है। चूंकि नया वायरस प्रतिरोधक क्षमता को चकमा दे सकता है , इसीलिए बुजुर्गों और बच्चों में खासतौर पर कोविड संक्रमण देखने को मिल रहा है। यह गौर करने वाली बात है कि कोरोना वायरस में अब तक 50 से अधिक बदलाव आ चुके हैं और 2019 के बाद से कोविड के मामलो में सबसे बड़े इजाफे के लिए इसी को जिम्मेदार माना जाता है और वायरस के इस प्रकार को चिंता का विषय बताया जा रहा है। वायरस का यह प्रकार उन लोगों को संक्रमित कर सकता है जिन्हें टीका लग चुका है या जो पहले संक्रमित हो चुके हैं। पूर्व के अनुभवों के आधार पर सरकार ने अस्पतालों में कोविड अनुरूप आचरण को लेकर पूर्व तैयारी करके अच्छा किया है। बड़ा सवाल यह है कि बार बार परेशान होने के बाद भी हम खुद के आचरण में सुधार क्यों नहीं कर पा रहे हैं। संक्रमण भले ही अभी जानलेवा न हो लेकिन यह प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर सकता है। इसका न केवल जन स्वास्थ्य पर असर होगा बल्कि इससे आर्थिक संभावनाएं भी प्रभावित होंगी। और अगर इसका स्वरुप बदला और नया स्वरुप मारक हो गया तो खतरे का आकलन तो हर कोई अपने निजी अनुभव से कर सकता है। इसके प्रसार को रोकने के लिए कई आसान उपाय अपनाए जा सकते हैं। उदाहरण के लिए यह बात ध्यान देने लायक है कि संक्रमण के मामलों में यह इजाफा इसलिए है क्योंकि जांच हो रही है। चूंकि आबादी का बड़ा हिस्सा ऐसी जांच का खर्च नहीं उठा पाएगा इसलिए जन स्वास्थ्य केंद्रों पर गरीबों के लिए निःशुल्क या रियायती दर पर जांच की सुविधा दी जा सकती है। चिकित्सकों का मानना यह भी है कि कोविड बूस्टर खुराक के पात्र लोगों को यह खुराक ले लेनी चाहिए ताकि उनका बचाव मजबूत हो सके। हालांकि हमारे देश में चिकित्सा विज्ञानी चौथी बूस्टर खुराक को लेकर बंटे हुए हैं, लेकिन देश की बड़ी आबादी खासकर कमजोर आर्थिक वर्ग के लोगों को अभी तीसरी खुराक भी लेनी है। चूंकि टीकाकरण प्रमाणपत्रों को आधार से जोड़ा गया है इसलिए इस काम में मुश्किल नहीं आनी चाहिए। सार्वजनिक जगहों पर मास्क अनिवार्य किया जाना चाहिए। संक्षेप में कहें तो वायरस के इस प्रकार की प्रकृति गंभीर न होने के कारण ढिलाई बरतने की आवश्यकता नहीं और जनता को खुद से भी बचाव करना चाहिए।



# पुलिस हिरासत में हत्याएं या रहस्य दफनाने की साजिश ?





**निर्मल रानी**
स्तंभकार

गैंगस्टर एवं राजनीतिज्ञ अतीक अहमद एवं उसके भाई अशरफ अहमद की इलाहाबाद में पुलिस हिरासत में पिछले दिनों बड़े ही रहस्यमयी तरीके से हत्या कर दी गयी। बावजूद इसके कि अतीक का एक लंबा आपराधिक रिकार्ड था फिर भी जिस तरह हत्यारों ने बड़ी आसानी के साथ पुलिस हिरासत की परवाह किये बिना अतीक अहमद के सिर में गोली मारी एवं उसके भाई अशरफ की भी बिल्कुल करीब से गोली मारकर हत्या की उसे लेकर पुलिस की चौकसी पर सवाल उठना स्वभाविक है। सवाल उठाया जारहा है कि अतीक व अशरफ के हत्यारों ने जब लगभग 22 सेकेंड तक इन दोनों पर आधुनिक हथियारों से गोलियां बरसाईं और उनपर 29 गोलियां दागीं इसके बावजूद सुरक्षाकर्मियों द्वारा हत्यारों पर जवाबी फायरिंग क्यों नहीं की गयी ? इस गोलीबारी में अतीक अहमद को आठ गोलियां लगीं जबकि अशरफ अहमद को नौ गोलियां लगीं । खबरों के अनुसार गोलीबारी अंजाम देने के 22 सेकेंड बाद हमलावरों ने अपने हथियार स्वयं जमीन पर फेंक दिये और अपने हाथ ऊपर उठाकर आत्मसमर्पण कर दिया। उसके बाद पुलिस उन्हें बड़ी तत्परता से गाड़ी में बिठाकर घटनास्थल से चलती बनी। उत्तर प्रदेश में पुलिस हिरासत में यहां तक कि जेल और अदालतों में हत्याएं होना कोई नई बात नहीं है। इसी इलाहाबाद में उच्च न्यायालय परिसर में 25 सितंबर 1981 को लटूरी सिंह नमक एक विधायक को गोली मार दी गयी थी। जिस समय लटूरी सिंह पर गोलियां बरसाई गयीं उस समय कम से कम 50 सशस्त्र पुलिसकर्मी उसकी सुरक्षा के लिये उसकेसाथ व उच्च न्यायालय परिसर में तैनात थे। उसके बावजूद लटूरी सिंह को गोली मार दी गई थी। उस समय केवल एक हमलावर को ही मौके से गिरफ़्तार किया जा सका था जबकि शेष 13 हमलावर फरार हो गये थे। इसके इलावा भी ऐसी दर्जनों घटनायें प्रदेश में हो चुकी हैं। परन्तु ऐसी हर घटना के बाद पुलिस की 'कारगुजारी ' पर संदेह भी जताए जाते रहे हैं। अतीक व अशरफ की हत्या जिस आसानी से की गयी व पुलिस एक तरह से मूक दर्शक बनी देखती रही उससे कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। इनमें एक संदेह यह भी किया जा रहा है कि अदालती आदेश के अनुसार अतीक को पुलिस कस्टडी में इसलिये रखा गया था ताकि पुलिस उमेश पाल हत्याकांड की जांच के अलावा अतीक के आपराधिक साम्राज्य के और गहरे राज जान सके।

परन्तु उसकी हत्या से वह रहस्य तो उसके साथ ही दफ़्न हो गये ? वैसे भी इस हत्याकांड ने वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के उन दावों की भी हवा निकाल कर रख दी है जिसमें वे यू पी में कानून व्यवस्था चाक चौबंद होने की बात करते हैं। अदालती आदेश पर पुलिस हिरासत में सौंपे गये एक गैंगस्टर की सुरक्षा जो पुलिस सुनिश्चित नहीं कर सकती वह कानून व्यवस्था चाक चौबंद होने का दावा कैसे कर सकती है। अभी गत सोमवार को ही जालौन में बाइक सवार गुंडों ने स्कूल से परीक्षा देकर वापस आ रही एक बी ए की छात्रा की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। बाइक सवार हमलावरों ने उसके सिर में पिस्टल लगाकर गोली चलायी जिससे उसका सिर ही फट गया। यह है योगी राज में कानून व्यवस्था का आलम और बेटियों को संरक्षण देने के दावों की सच्चाई ?

बहरहाल इसी उत्तर प्रदेश में कानपुर के निकट बिकरू गांव में 2 जुलाई 2020 की रात एक दिल दहलाने वाला हादसा हुआ था। उत्तर प्रदेश पुलिस बल उस दिन गैंगस्टर विकास दुबे को पकड़ने के लिए छापेमारी करने बिकरू गांव गई थी। तभी विकास दूबे व उसके साथियों ने पूरे पुलिस बल पर गोलियों की बौछार कर दी। इस गोली काण्ड में एक डी एस पी व एक थानेदार सहित 8 पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी गयी थी। इस घटना के बाद विकास दूबे के कई साथी पुलिस मुठभेड़ में मारे गये थे। उसका घर बुलडोजर से गिरा दिया गया था। परन्तु इस पूरे प्रकरण में सबसे चर्चित मोड़ तब आया था जबकि यू पी पुलिस विकास दुबे को उज्जैन के महाकाल मंदिर से गिरफ़्तार कर सड़क मार्ग से कानपुर ला रही थी। और कानपुर के करीब पहुंचकर पुलिस ने उसे 'मुठभेड़' बताकर मार गिराया। पुलिस की ओर से बताया गया कि जिस गाड़ी में विकास दुबे सवार था वह पलट गयी और गाड़ी पलटने के बाद विकास दूबे ने पुलिस हिरासत से भागने के कोशिश की। जिसके बाद पुलिस ने उसे मुठभेड़ में मार गिराया।

विकास दूबे की पुलिस हिरासत में हुई कथित मुठभेड़ के बाद भी यह सवाल उठने लगे थे कि वह उज्जैन किसके निमंत्रण पर और क्या उम्मीदें लेकर गया था ? उसी समय सवाल यह भी उठा था कि जो पुलिस बल राज्य सरकार का विमान लेकर विकास दुबे को अपनी हिरासत में लेने उज्जैन गयी थी वह फोर्स उसे विमान से वापस लाने के बजाये सड़क मार्ग से लेकर क्यों आई ? इस तरह के और भी कई राज विशेषकर उसको राजनैतिक संरक्षण दिये जाने जैसे अनेक रहस्य भी विकास दूबे की 'कथित मुठभेड़ ' के साथ ही हमेशा के लिये रहस्य ही बने रह गए। आज तक विकास दूबे की 'गाड़ी पलटने ' की घटना पर यू पी पुलिस को शर्मिन्दिगी उठानी पड़ती है। यहाँ तक कि यू पी में किसी अपराधी की गाड़ी पलटना गोया एक मुहावरा सा बन गया है। विकास दूबे की कथित मुठभेड़ हो या अतीक ब्रदर्स की पुलिस हिरासत में हुई हत्याएं ,इतने बड़े अपराधियों का पुलिस की मौजूदगी में इतनी आसानी से निपट जाना या निपटा दिया जाना यह सवाल जरूर खड़े करता है कि पुलिस हिरासत में होने वाली इसतरह की हत्याएं वास्तव में आपराधिक घटनायें ही हैं या फिर किन्हीं बड़े रहस्य को दफनाने की साजिश ? और इन रहस्यमयी हत्याओं या तथाकथित मुठभेड़ों के पीछे के रहस्यों से क्या कभी पर्दा उठ भी सकेगा ?

# सात्विक आहार

प्रेरक-प्रसंग



साहित्यकार संतराम गवर्नमेंट कॉलेज, लाहौर में बी०ए० के छात्र थे। एक दिन भोजन कक्ष में भोजन करने बैठे


किसी भी कार्य को करने के लिए यदि सोच-समझकर कदम उठाओगे तो आपकी सकारात्मक सोच को और ज्यादा गतिशीलता मिलेगी और जब पॉजिटिव थिंकिंग को गतिशीलता मिलेगी, तो सफलता निश्चित रूप से आपके कदम चूमेगी।

और एक साथी से जान-बूझकर छू गये। वह भी भोजन कर रहा था। बस फिर क्या था, वह छात्र तो आगबबूला हो उठा। अपनी थाली वहीं छोड़ते हुए बोला-संतू मुझसे छू गया है। मेरी थाली का खर्च इसके नाम लिखना। दुष्ट कहीं का। संतराम ने अब तो उसकी बाँह पकड़ ली और वहीं बिठाकर कहा-ह्लजरा अपनी यह क्रिस्टल टोपी उतारकर उल्टी रख।ह्व उसने टोपी उतारी तो पूछा-यह इसके भीतर पट्टी किसकी है ?वह बोला-खाल की है।

तो क्या मैं इस टोपी में लगी मरी हुई खाल से भी ज्यादा अछूत हो गया हूँ, जो तू थाली छोड़कर भागता है ? इस टोपी को तो सिर पर बिठाए घूमता है। जाओ, अब छोड़ दो थाली और भूखे मरो। मैं इस थाली का खर्च हर्गिज चुकाने वाला नहीं। भोजन में छूत-अछूत नहीं सात्विकता देखी जाती है। यदि भोजन सात्विक होगा तो तुम्हारे विचार भी सात्विक होंगे। और वह छात्र फिर भोजन करने बैठ गया। बाद में दोनों के बीच गहरी मित्रता हो गयी। संतराम का मित्र समझ गया था कि दरअसल भोजन की महत्ता उसके गुणों से है, न कि किसी के छूने या न छूने के कारण।

नज़रिया

# भविष्य से खिलवाड़ करती ऑनलाईन गेमिंग



**राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
पत्रकार

देश दुनिया में ऑनलाईन गेमिंग का बाजार दिन दूनी रात चौगुनी गति से फलता फूलता जा रहा है। कोविड के बाद के हालातों खासतौर से ऑनलाईन स्टडी और वर्क फ्राम होम का एक दुष्प्रभाव यह सामने आया है कि युवा तो युवा बच्चें भी इसके जाल में फंसते जा रहे हैं। इसके दुष्प्रभाव भी तेजी से सामने आने लगे हैं वहीं यह माना जा रहा है कि आने वाले सालों में इसका कारोबार में और तेजी से बढ़ोतरी होगी। मजे की बात यह है कि ऑनलाईन गेमिंग में लोग ठगी के शिकार भी बहुत ज्यादा हो रहे हैं। ऐसे में यह गंभीर चिंता का विषय हो जाता है। लाख प्रयासों के बावजूद देश में ऑनलाईन गेमिंग का बाजार थमना तो दूर की बात है बल्कि तीव्र गति से बढ़ता ही जा रहा है। पिछले एक साल में ही ऑनलाईन गेमिंग के मैदान में पांच करोड़ नए लोगों ने एंट्री ले ली है। 2021 में देश में ऑनलाईन गेम खेलने वालों की संख्या करीब 45 करोड़ थी जो 2022 में बढ़कर 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है। यह अपने आप में चिंतनीय इसलिए भी हो जाता है कि क्या युवा और क्या बच्चें इस ऑन लाईन गेम और गेंबलिंग के जाल में फंसते जा रहे हैं। जानकारों की माने तो कयास यह लगाया जा रहा है कि 2025 तक यह संख्या 50 करोड़ से 70 करोड़ तक पहुंच जाएगी। तस्वीर का नकारात्मक पहलू यह भी है कि ऑनलाईन गेमिंग के इस खेल में बच्चें तेजी से फंसते जा रहे हैं।

> **मजे की बात यह है कि ऑनलाईन गेमिंग व गेंबलिंग के दुष्प्रभाव को जानते पहचानते भी प्रतिदिन नए लोग फंसते जा रहे हैं वहीं समाचारपत्रों के मुखपृष्ठ पर फुलपेज के विज्ञापन प्रमुखता से छपने लगे हैं।**

मजे की बात यह है कि ऑनलाईन गेमिंग व गेंबलिंग के दुष्प्रभाव को जानते पहचानते भी प्रतिदिन नए लोग फंसते जा रहे हैं वहीं समाचारपत्रों के मुखपृष्ठ पर फुलपेज के विज्ञापन प्रमुखता से छपने लगे हैं तो सोशियल मीडिया का भी इसको प्रमोट करने के लिए धड्डले से उपयोग हो रहा है। 2016 में देश में ऑनालाईन गेमिंग का 54 करोड़ डालर का कारोबार था जो अब बढ़कर 2022 में 2 अरब 60 करोड़ डालर को पार कर गया हैं वहीं जानकारों की माने तो 2027 तक चार गुणा ग्रोथ के साथ 8 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। दरअसल कोरोना के लॉकडाउन के दौर के बाद इसमें तेजी से विस्तार हुआ है। बच्चे जहां ऑनलाईन क्लासों के कारण इसकी चपेट में आ गए वहीं युवा लोग वर्क फ्रार्म होम के दौरान लुभावनें विज्ञापनों के चक्कर में इसकी चपेट में आ गए हैं। देखा जाए तो उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार और पश्चिमी बंगाल के लोग इसके दायरें में अधिक है। दरअसल ऑनलाईन गेम एप संचलित करने वालों का दावा है कि वे तो कौशल विकास के लिए इस तरह के गेम चलाते हैं पर वास्तविकता तो यह है कि अधिकांश गेमिंग पोर्टल गेंबलिंग यानी की जुआ ही है। और यह होती आई बात है कि एक बार जो जुआ या यों कहें कि गेंबलिंग के चक्रव्यूह में फंस जाता है ता उससे निकलना बहुत मुश्किल भरा काम है। मजे की बात यह है कि अधिकांश खेलों में जीतने वाले को जो पैसा दिया जाने का दावा किया जाता है वह नहीं मिलता और या तो कोई तकनीकी बाधा हो जाती है या फिर नंबर ब्लाक कर इस तरह के पोर्टल संचालित करने वाले पैसा हजम कर जाते हैं और इस तरह की गेमिंग में फंसने वाला अपने आप को ठगा हुआ महसूस करता है। यहां तक कि इसके चक्कर में युवा , बच्चे आदि अपनी बचत को तो खोते ही हैं।

जानकारी

# उदयगिरि की गुफाएं



मध्य प्रदेश में विदिशा के पास स्थित हैं। ये गुफाएं 20 रॉक-कट गुफाओं का संग्रह हैं जिनमें प्राचीन काल से कई हिंदू मूर्तियां हैं। 5 वीं शताब्दी सीई में निर्मित, इन गुफाओं को सबसे पुरानी हिंदू प्रतिमाओं में से एक माना जाता है और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित हैं। साइट में शिव, शक्ति और विशु जैसे देवताओं की पुरानी मूर्तियां हैं। इन मामलों की दीवारों पर जटिल डिजाइन 5वीं शताब्दी की कलात्मक गुणवत्ता को दशार्ते हैं। आप भारत के इन प्राचीन पुरातात्विक स्थलों की गुफाओं को देखने और अचंभित करने के लिए समय निकाल सकते हैं। ये गुफाएं भोपाल से केवल 57 किमी दूर हैं और भोपाल-विदिशा राजमार्ग के माध्यम से सुलभ हैं।

# Xiaomi Band 8 स्मार्टबैंड 60Hz AMOLED डिस्प्ले



नई दिल्ली : Xiaomi Band 8 को कंपनी ने चीन में लॉन्च कर दिया है। Mi Band 8 के लॉन्च के साथ ही कंपनी ने Xiaomi 13 Ultra स्मार्टफोन और Xiaomi Pad 6 सीरीज को भी लॉन्च किया है। शाओमी बैंड 8 एक स्मार्ट फिटनेस बैंड है जिसे Xiaomi Band 7 के सक्सेसर के रूप में लॉन्च किया गया है। यह पिछले मॉडल से कुछ अपग्रेड्स के साथ आता है। वियरेबल में 1.6 इंच का AMOLED डिस्प्ले दिया गया है। इसमें 60Hz का रिफ्रेश रेट है और 600 निट्स की पीक ब्राइटनेस दी गई है। आइए आपको बताते हैं कि कंपनी ने इसकी क्या कीमत रखी है और इसमें कौन से अपग्रेडेड फीचर्स देखने को मिलते हैं।

### Xiaomi Band 8 Price

Xiaomi Band 8 को चीन में लॉन्च कर दिया गया है। इसे कंपनी ने दो वेरिएंट में लॉन्च किया है। स्टैंडर्ड वर्जन की कीमत RMB 239 (लगभग 2,800 रुपये) है जबकि NFC वेरिएंट की कीमत RMB 279 (लगभग 3,300 रुपये) है। चीन के अलावा अन्य मार्केट्स में इसकी लॉन्च टाइमलाइन के बारे में कंपनी ने फिलहाल कोई जानकारी नहीं उपलब्ध करवाई है।

### Xiaomi Band 8 Specifications

Xiaomi Band 8 के स्पेक्स पर एक नजर डाल लेते हैं। इस फिटनेस बैंड में ब्रैंड ने 1.6 इंच का AMOLED डिस्प्ले दिया है। यानि कि एक चमचमाती स्क्रीन आपको मिलती है जिसमें 60Hz का रिफ्रेश रेट है। चूंकि आउटडोर में भी फिटनेस बैंड ज्यादा इस्तेमाल हो पाता है, इसलिए इसमें 600 निट्स की पीक ब्राइटनेस भी मिलती है। डिस्प्ले में ऑलवेज ऑन मोड भी दिया गया है। यह वॉटर रसिस्टेंट फीचर के साथ आता है और 50 मीटर तक पानी में काम कर सकता है, जैसा कि कंपनी का कहना है। स्ट्रैप के लिए कंपनी ने लैदर, वोवन लैदर, होलो ब्रेसलेट और टीपीयू स्ट्रैप का विकल्प दिया है। खास बात ये भी है कि इसे एक कम्पैटिबल नेकलेस एक्सेसरी के साथ गले में पेंडेंट की तरह भी पहना जा सकता है। या फिर शू लेसेज में भी पहना जा सकता है।


साइबर दुनिया

## टॉप ट्वीट

" अडानी के समधी जतिन मेहता भगोड़े हैं और वह देश के बैंकों को 7000 करोड़ की चपत लगाकर भाग चुके हैं लेकिन अडानी के समधी होने के करण जतिन मेहता के खिलाफ मोदी सरकार की कार्रवाई 'निल बटे सन्नाटा' है।"

सुप्रिया श्रीनेत
कांग्रेस प्रवक्ता





"मेरे बारे में कुछ अच्छी बातें भी कहो ना..जैसे मैं बहुत मेहनती हूं, मेरे पास सबसे अच्छा फॉर्म है, मैं तुम्हारी सबसे अच्छी स्टूडेंट हूं।"

दीपिका पादुकोण
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## समलैंगिक विवाह अप्राकृतिक संस्कार

इस सृष्टि में जीवन की उत्पत्ति का मूल नर और मादा का मिलन रहा है। कोई इन्हें आदम- हौवा, तो कोई कुछ और, लेकिन प्रकृति के नियम के अनुसार पुरुष और महिला का मेल ही इस सृष्टि का आधार है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार इस मेल को मानव जीवन के सोलह संस्कारों में से एक माना गया है। अभी कुछ निकृष्ट लोगों की याचिकाओं के आधार पर समलैंगिक विवाह को मान्यता प्रदान करने पर सुनवाई चल रही है। केन्द्र सरकार ने ऐसे मामलों को भारतीय परम्पराओं और संस्कृति के विरुद्ध है और नियम बनाना विधायिका का कार्य है। वस्तुत: यह पाश्चात्य संस्कृति की उन्मुकता और प्रकृति के नियमों के साथ खिलवाड़ है। यह मानवीय सोच की निकृष्टता है। विज्ञान के अनुसार नर और मादा युग्मकों के संलयन के फलस्वरूप एक नऐ जीव की उत्पत्ति होती है। जब एक पुरुष- पुरुष या महिला- महिला के बीच संबंध बनेंगे तो नए जीवन का सृजन नहीं हो सकता। ईश्वर द्वारा बनाऐ गए नियमों के साथ छेड़छाड़ कर प्रकृति के अस्तित्व को खतरे में डालना कहीं से भी तर्कसंगत नहीं है। इस तरह के व्यवहार सम्भरा्त उच्च वर्गीय परिवारों के बिगडैल कुछ मुट्ठी भर लोगों की काली करतूत है जिससे भारत के अधिसंख्य जनमानस का कोई सरोकार नहीं है। माननीय सुप्रीम कोर्ट को भी भारतीय संस्कृति के अनुरूप ही निर्णय देना चाहिए।

देवेश कुमार देव
इसरी बाजार, गिरिडीह

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### अचानक आग लगने से घर जलकर राख हुआ

**मझौलिया** : प्रखंड अंतर्गत बहुअरवा पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 1 में अचानक आग लगने से मुसमात फूलमती देवी का एक झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गया । आग की लपटें इतनी तेज थी कि अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने सब कुछ अपने आगोश में ले लिया। इस अगलगी में कपड़ा ,बर्तन, फर्नीचर, अनाज सहित अन्य सामग्री आग की भेंट चढ़ गई। वही इस अगलगी में दो बकरिया भी झुलस कर मर गई। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जिस समय आग लगी उस समय आनन-फानन में मुसमात फूलमती देवी का परिवार जैसे तैसे झोपड़ी से बाहर निकल गया।

# सीमा सड़क के किनारे हरे पेड़ को उखाड़ने का मामला तुल पकड़ा

**सीमा सड़क निर्माण में बिना अनुमति हरे वृक्ष उखाड़े जाने पर अंचल, पुलिस, वन विभाग व प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहे**

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया** : पश्चिम चम्पारण जिला के नरकटियागंज अनुमंडल अंतर्गत गौनाहा रेलवे स्टेशन के पास सीमा सड़क निर्माण में सड़क किनारे के हरे पेड़ उखाड़ने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सीओ से लेकर वन विभाग के पदाधिकारियों के हवाले बताया गया हैं कि इस संबंध में वरीय पदाधिकारियों ने कोई पत्र विभाग उपलब्ध नहीं कराई जा सकी है। सीमा सड़क निर्माण कंपनी जेसीबी से हरे पेड़ उखाड़ कर स्नेह लता वर्मा के जमीन में रखा गया है। इस संबंध में सीओ अमित कुमार का कहना है कि यह सीमा सड़क संगठन का मामला है। इस संबंध में सीमा सड़क निर्माण कंपनी वाले ही जाने, अंचल कार्यालय से हरे पेड़ उखाड़ने का कोई लिखित आदेश नहीं दिया गया है।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हरे पेड़ उखाड़ने के समय सीओ भी वहां उपस्थित रहे। बताया गया है कि उखाड़े पेड़ को सीओ की उपस्थिति में स्नेह लता वर्मा की निजी जमीन में रखा गया है। उधर रामनगर प्रमंडल तीन के रेंजर विजय प्रसाद के हवाले से बताया गया है कि इसकी सूचना मिली है। जांच के लिए स्थल पर वन कर्मियों की टीम को भेजा गया है। विभाग सीमा सड़क संगठन की निर्माण कंपनी को हरा पेड़ उखाड़ने का कोई आदेश नहीं दिया गया है। हरा पेड़ उखाड़ने का मामला गौनाहा, मंगुराहा परसा गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीण बताते हैं कि अगर कोई व्यक्ति जलावन की लकड़ी चुन कर लाता है तो उस पर वन विभाग कार्रवाई की जाती है, लेकिन सीमा सड़क निर्माण कंपनी ने दो दर्जन से अधिक वृक्षों को प्रशासन के नाक के नीचे से साक्ष्य मिटाने के उदेश्य से उखाड़ कर निजी जमीन मे रखा जा रहा है, बावजूद इसके अंचल, पुलिस, वन विभाग व प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं किया है।

## बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर एसडीएम ने पिपरा पिपरासी तटबंध का किया निरीक्षण



**बगहा/पिपरासी:** पिपरा पिपरासी तटबंध के प्रभाग ठकरहा से लेकर करीब तीस किमी यूपी बिहार सीमा के शून्य किमी तक एसडीएम डॉ अनुपमा सिंह ने बाढ़ पूर्व तैयारी व कटाव रोधी कार्य का निरीक्षण किया। जीएच प्रभाग, चंद्रपुर, दुलारी रिटायर लाइन बांध, रंगललही पर हो रहे करीब 21 करोड़ की लागत से कटाव रोधी कार्य का निरीक्षण कर निर्देश दिए। पिपरासी कैम्प कार्यालय और यूपी सीमा तक का निरीक्षण कर सहायक अभियंता से जानकारी लिया । पिपरासी प्रखंड, अंचल कार्यालय, पीएचसी आदि कार्यालयों का भी औचक निरीक्षण किया। मौके पर बीडीओ कुमुद कुमार ,सीओ ललित कुमार सिंह, प्रभारी डॉ रविंद्र कुमार मिश्रा को निर्देश दिया। पीपी तटबंध के निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता श्याम किशोर कुमार, राजेश कुमार, सहायक अभियंता बंसत कुमार ,जेई धर्मेंद्र कुमार ,अरुण कुमार, ब्रजेश कुमार ,संवेदक अजय तिवारी, विधायक प्रतिनिधि गुड्डु सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने अपहृता को मनी टोला से बरामद किया

**नरकटियागंज :** अनुमंडल के गौनाहा प्रखण्ड के मनी टोला की युवती का अपहरण शादी की नियत से कर लिया गया। अपहृता युवती को मनीटोला गांव से पुलिस ने बरामद कर लिया है। गौनाहा थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती का अपहरण 6 अप्रैल 2023 को शादी की नियत से कर ली गई। उपर्युक्त युवती की मां ने गौनाहा थाना में 10 अप्रैल 2023 को शादी की नियत से अपहरण करने का एफआईआर दर्ज कराया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में अमोलवा गांव के दो युवकों को नामजद अभियुक्त बनाया गया। बरामद युवती का 164 का बयान बेतिया कोर्ट में करा दी गई है। मेडिकल जांच के लिए उसे बेतिया जीएमसीएच भेजा गया है। विदित हो कि प्रेमी युगल गौनाहा थाना क्षेत्र के एक प्राइवेट विद्यालय में टीचर रहे हैं। उपर्युक्त मामला के अनुसंधानक शिव कुमार साह ने बताया कि युवती अपने प्रेमी के साथ ससुराल में रहना चाहती है।

# किसान पर तेंदुए ने किया हमला, जख्मी

राष्ट्रीय खबर



**बगहा/पिपरासी** : बगहा पुलिस जिला अंतर्गत पिपरासी थाना क्षेत्र के पीपी तटबंध के पास गेहूं काटते एक किसान पर मंगलवार की सुबह छह बजे तेंदुआ ने हमला कर घायल कर दिया है । जिसका इलाज पीएचसी में जारी है । सूचना मिलने पर सीओ ललित कुमार सिंह मौके पर पहुंचे । उन्होंने बताया कि परसौनी गांव निवासी नकछेद राम बांध के पास चकदहवा संदेह में गेहूं काट रहा था । इसके साथ इसकी पत्नी भी मौजूद थी । उसी दौरान दो तेंदुए इसके ऊपर हमला कर दिए । हमला देखते ही पीड़ित की पत्नी सह सहायिका के द्वारा शोरगुल किया गया । आसपास के लोग पहुंचे। तब तेंदुआ छोड़कर गंडक नदी दियारा के तरफ रफूचक्कर हो गया । इसकी सूचना सीओ के द्वारा रेंजर को दिया गया है । रेंजर सुनील कुमार ने बताया कि वन विभाग की टीम मौके पर भेज दी गई है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार तथा सब इंस्पेक्टर संपत सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि लोगों को दियारे के तरफ नहीं जाने की हिदायत दी गई है । तेंदुआ विचरण कर रहा है। गश्ती दल को भी एक सप्ताह पूर्व तटबंध पर दिखा था । और सूचना वन विभाग को दी गई थी। कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि विवेक यदुवंशी ने पीड़ित का सुध लिया । और वन विभाग से पीड़ित को मुआवजा देने की मांग किया है । क्षेत्र में तेंदुआ की दहशत से लोग भयभीत हैं । दियारे में गेहू की कटाई करने नहीं जा रहे हैं। स्थानीय लोग बाघ और तेंदुए तथा मगरमच्छ के आतंक से परेशान हैं । यह मगरमच्छ का बड़ा झुंड भी एक नाला में एक दशक से निवास करता है । अभी तक तीन किसान मजदूरों को बुरी तरह से यह घायल कर चुके हैं । तेंदुआ जीस स्थान पर हमला किया है । उससे एक किलोमीटर दूरी पर करीब चार साल पूर्व एक गैंडा को भी रेस्क्यू कर वन विभाग पकड़ा था । यहां से मदनपुर जंगल की दूरी करीब 10 किलोमीटर है । और जंगल से भटक कर यह जंगली जानवर रिहायशी इलाके के तरफ आ धमकते हैं । गंडक नदी के जलस्तर में भारी गिरावट है ।

# खेलों इंडिया रोड साइक्लिंग की नेशनल चैंपियनशिप के लिए मोतिहारी की बेबी का चयन

राष्ट्रीय खबर



**मोतिहारी पू चं:** खेलों इंडिया की नेशनल लेबल रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप के लिए मोतिहारी की बेबी कुमारी का चयन हुआ हैं' वह हरियाणा के रोहतक में दो दिवसीय (29-30 अप्रैल) खेलों इंडिया महिला रोड साइक्लिंग नेशनल लेबल (फाइनल) चैंपियनशिप में बिहार टीम के तरफ से अपनी खेल क्षमता दिखाएगी'। शहर के मठिया डीह मोहल्ला निवासी व महिला कॉलेज की एनसीसी कैडेट बेबी का चयन पिछलें दिनों झारखंड के गिरिडीह, बिहार के पटना और पश्चिम बंगाल के कोलकाता में हुए खेलों इंडिया ईस्ट जोन महिला रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ। बेबी पूर्वी चंपारण जिला साइक्लिंग संघ की खिलाड़ी हैं' जिला साइक्लिंग संघ के अध्यक्ष डॉक्टर अतुल कुमार ने खेलों इंडिया के नेशनल चैंपियनशिप के लिए बेबी कुमारी के चयन पर बधाई देते हुए कहा कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को किसी प्रकार की बाधा आगे बढ़ने से रोक नहीं सकती हैं। अलग-अलग इवेंट में दो गोल्ड मेडल जीतने के साथ 10-10 हजार का डेमो चेक और पटना में हुए खेलों इंडिया के मैच में दो अलग-अलग इवेंट में दो सिल्वर मेडल जीतने के साथ 6-6 हजार का डेमो चेक प्राप्त किया था। जबकि कोलकाता के मैच में दो अलग-अलग इवेंट में चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं थी। नेशनल के लिए चयनित होने पर महिला कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अरुण कुमार, महिला कॉलेज की एनसीसी अफसर कल्पना कुमारी, जिला साइक्लिंग संघ के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्र बाबा व विजय सिंह, संयुक्त सचिव सुधीर कुमार व आलोक रंजन, मुख्य संरक्षक राजेश कुमार, संरक्षक में अरविंद कुमार, दीपक कुमार व सुरेश कुमार, तकनीकि निदेशक मनीष रंजन, अशोक मेहरा, मनीष कुमार, संतोष कुमार व अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

## सिटीजन फोरम ऑफ मोतिहारी ने बैठक कर स्कूल समस्या के विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा



राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी पू चं:** सिटीजन फोरम ऑफ मोतिहारी के पदाधिकारियों के संज्ञान में आया था कि स्थानीय शिक्षण संस्थानों में नियम विरुद्ध बच्चों के साथ गलत व्यवहार हो रहा है एवं स्कूलों में मानक के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। इस विषय पर गठित उपसमिति की बैठक सिटीजन फोरम अध्यक्ष बीरेंद्र जालान के निवास स्थान पर संध्या संपन्न हुई। समिति के समक्ष विभिन्न रूप से निम्न मुद्दों पर शिकायत या सुझाव प्राप्त हुए थे। स्कूल में बच्चों को मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना नही दी जानी चाहिए, स्कूल में फर्स्ट एड की व्यवस्था होनी चाहिए और बच्चे को तुरंत आवश्यक दवा दी जानी चाहिए, बिडिंग और विकास फंडिंग नही लगना चाहिए, बच्चों के स्कूल बैग के बोझ कम किया जाए, स्कूल का बैग, किताब, यूनिफॉर्म, स्टेशनरी आदि का मूल्य व्यवहारिक हो, जिला शिक्षा पदाधिकारी सरकारी और प्राइवेट स्कूल के व्यवस्था की निगरानी की क्या व्यवस्था कारगर नहीं लगता है, बस और क्लासरूम बच्चों को संख्या के आधार पर व्यवस्था हो, समुचित शौचायलय, प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी भी बच्चे को निःशुल्क पढ़ाई नही, फ़ळए का अनुपालन नहीं। दो निजी बड़े बड़े शिक्षण संस्थान के विषय में सबसे ज्यादा शिकायत या सुझाव प्राप्त हुए हैं, सभी मुद्दे चिंताजनक है। यह निर्णय लिया गया कि सर्वप्रथम जिला शिक्षा पदाधिकारी के संज्ञान में बात दी जाए, तत्पश्चात आगे की कार्रवाई की जाए। समिति बैठक में अध्यक्ष के अतिरिक्त महासचिव राम भजन, उपाध्यक्ष सहसंयोजक उप समिति बिंट्टी शर्मा एवं सदस्य इंजीनियर मुन्ना कुमार उपस्थित थे।

# बेतिया की 18 माह की बिटिया को विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान ने ममता की छाँव

### कनाडा की डॉ प्रेवाल ने कानूनी प्रक्रिया उपरांत बिटिया को लिया गोद

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** बेतिया की 18 माह की बिटिया को विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान बेतिया ने ममता की छाँव दिलाया। उसका भरण-पोषण और से हो सकेगा तथा उसका समुचित भरण पोषण के साथ भविष्य उज्ज्वल हो सकेगा। जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय, सहायक समाहर्त्ता शिवाक्षी दीक्षित, अपर समाहर्त्ता राजीव कुमार सिंह, सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई अभय कुमार की उपस्थिति में कनाडा की एक महिला डॉ. हरदीप कौर प्रेवाल ने सारी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत बच्ची को गोद लिया। डॉ प्रेवाल पुत्री को प्राप्त कर अति प्रसन्न दिखी और भावुक होकर बोली कि पश्चिम चम्पारण में बिटिया को पाकर हर्षित हुई। उन्होंने कहा कि वे इसकी उत्कृष्ट पालन-पोषण करेंगी और इसका उज्ज्वल भविष्य बनाएंगी। जिला पदाधिकारी ने डॉ प्रेवाल से कहा कि बेटी का उत्कृष्ट पालन पोषण करें और उज्जवल भविष्य बनाएं। उन्होंने डॉ प्रेवाल तथा बिटिया के उत्तम स्वास्थ्य और भविष्य की शुभकामना दिया।

# एईएस,जेई बीमारी के रोकथाम को लेकर निकाली गई जन जागरुकता रैली

राष्ट्रीय खबर



**चकिया पू चं:** जानलेवा एईएस/ जेई बीमारी के रोकथाम के उद्देश्य से बुधवार को जन जागरुकता रैली अस्पताल परिसर से निकाली गई। जिसका नेतृत्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चंदन कुमार ने की। जन जागरुकता रैली को अनुमंडल पदाधिकारी एसएस पांडे ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए भीम कॉलोनी पहुंच पूनः अस्पताल परिसर वापस पहुंच समाप्त हुई। इस कार्यक्रम में एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल की नामांकित प्रथम व द्वितीय वर्ष की छात्राएं व चिकित्सक सीडीपीओ, एलएस, सेविका तथा स्वास्थ्य कर्मी आदि ने भाग लिया। जन जागरुकता के क्रम में जनजागरण के प्रति सभी छात्राएं चमकी रोग से बचाव के लिए स्लोगन लिखी तख्तियां व बड़े-बड़े बैनर हाथों में ले रखे थे तथा गगनभेदी नारा भी लगाया गया। वहीं डॉ चंदन ने बताया कि गर्मी के दिनों में चमकी बुखार एईएस/जेई का प्रकोप बढ़ जाता है। यह रोग अधिकतर नवजात शिशु से लेकर 15 वर्ष आयु के किशोर एवं किशोरियों को अपना शिकार बनाता है। चमकी बुखार के लक्षण के रूप बच्चों को तेज बुखार आना गर्दन में अकड़न शरीर का सुस्त पड़ना आदि शामिल है बच्चों उक्त लक्षण पाये जाने पर अविलंब अस्पताल में भर्ती करायें। सरकार के निर्देश के आलोक में सारी चिकित्सीय सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध है। दूसरी तरह बचाव के लिए बताया कि बच्चों को धुप से बचाने, कच्चे आम व लीची नहीं खिलाने, शारीरिक व वस्त्रों के अलावा घर समेत अगल बगल आवासीय परिसर की साफ सफाई आदि के लिए समाज में जागरूकता की जरूरत है। मौके पर सीडीपीओ स्वेता व डॉ राजीव रंजन तथा स्वास्थ्य प्रबंधक शशिकांत श्रीवास्तव बीसीएम धर्मेंद्र कुमार, फार्मासिस्ट मो कासिम लेखापाल मनोज कुमार एवं राजन कुमार के अलावा बीएचएम सुजीत कुमार दीपक एलएस अंबालिका व अस्मिता कुमारी सेविका अनुपम पांडेय, सुनीता कुमारी, संगीता कुमारी इंदु यादव सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# रेफरी कोच सेमिनार का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी पू चं:** भारत स्वाभिमान कोषाध्यक्ष एवं ग्रेपलिंग कुश्ती संघ के जिला अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार जयसवाल ने अपने कॉम्बैट फेडरेशन ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय रेफरी एवं कोच सेमिनार 15 और 16 दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन राजस्थान के जयपुर में आयोजित किया गया। इस सेमिनार में कुल 40 से 42 खिलाड़ी मौजूद थे।प्रथम राष्ट्रीय रेफरी एवं कोच प्रशिक्षण शिविर में बिहार से पांच रेफरी एवं प्रशिक्षण भाग लिए जिनका नाम इस प्रकार है, बिनोद कुमार जायसवाल, कोच सोनी देवी, पहलवान भगत सिंह, विकाश कुमार, श्याम प्रमोद, घनश्याम कुमार, पटना से सतीश कुमार, इसमे उक्त जानकारी देते हुए कॉम्बैट एसोसिएशन बिहार के सचिव दीपक सिंह एवं अध्यक्ष विनोद जायसवाल के द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सेमिनार के बाद कॉम्बैट फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा देश में विभिन्न आयु वर्ग के राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं जैसे कैडेट जूनियर सब जूनियर एवं सीनियर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ी को अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं में देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा और वहां पर विनोद कुमार जायसवाल के द्वारा फूल एवं कई प्रकार का औषधियों का रोपण किया गया ताकि शरीर एवं स्वच्छ रहे और वातावरण प्रदूषण से बचे रहे।

# कोविड के दृष्टिगत को जांच गति बढ़ायें स्वास्थ्य विभाग : दिनेश कुमार राय

**जेई/एईएस की रोकथाम को सभी व्यवस्था व्यवस्थित करने का निर्देश**

**लू (हीट वेब) से प्रभावित व्यक्ति की चिकित्सा की समुचित व्यवस्था का निर्देश**

अवधेश कुमार शर्मा



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कोविड संक्रमण, जेई/एईएस की रोकथाम, लू (हीट वेब) से प्रभावित व्यक्तियों के ईलाज की समुचित व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनील कुमार, सहायक समाहर्ता शिवाक्षी दीक्षित, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अनील राय, सिविल सर्जन, डॉ श्रीकांत दूबे व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने निर्देश दिया कि कोरोना जांच की गति को बढ़ायी जाय। जांच में अगर कोई व्यक्ति पोजेटिव पाया जाता है तो उन्हें आइसोलेशन में रखें। समुचित चिकित्सीय व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके साथ ही कांटेक्ट ट्रेसिंग सहित स्वास्थ्य विभाग के अद्यतन दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित कराने को आमजनों को जागरूक एवं प्रेरित करें। जेई/एईएस तथा कोविड की समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि जिला के सभी पीएचसी सहित अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में ओआरएस पाउडर, ड्रिंकिंग वाटर, दवाओं की उपलब्धता है। सभी एमओआईसी को जेई/एईएस को लेकर चिकित्सीय व्यवस्था सुनिश्चित करने को निर्देशित किया है। सभी अस्पतालों में जेई/एईएस को लेकर बेड सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी निर्देश के आलोक में कोविड टेस्टिंग करायी जा रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि जेई/एईएस को लेकर संवेदनशील स्थलों पर नजर रखें। वैक्सीनेशन, दवा का वितरण सुनिश्चित करें। हीट वेब(लू) से प्रभावित व्यक्ति के समुचित चिकित्सा की व्यवस्था सभी सरकारी अस्पतालों में सुनिश्चित करें।

## लगभग 2000 लीटर शराब के किंवीकरण घोल माट को पुलिस ने विनिष्ट किया

**तीन कारोबारी व एक शराबी पुलिस के हत्थे चढ़ा, 3 कारोबारी फरार**

राष्ट्रीय खबर

**मझौलिया:** पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान के तहत थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से 2000 लीटर शराब बनाने वाली सामग्री विनष्ट करते हुए 77 लीटर देशी चुलाई शराब जप्त कर तीन शराब कारोबारी व एक पियक्कड़ को गिरफ्तार किया है।जबकि तीन शराब कारोबारी भागने में सफल रहे।पुलिस ने भागे हुए शराब कारोबारियों को चिन्हित कर ली है। उक्त जानकारी इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अभय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इन सभी लोगों के विरुद्ध अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज हुई है। जिसमे रघुनाथपुर निवासी दशरथ धागड़ सेमरा घाट से श्यामसुंदर राम बखरिया से साहेब कुमार।इन तीनों के पास से पुलिस ने 30 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की है। साथ ही जौकटिया मलाही टोला से विक्की कुमार राधेश्याम कुमार इनके पास से 15 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद हुई है। रामनगर बनकट से नरेश पासवान की पत्नी के पास से पुलिस ने दो लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया गया। बखरिया से प्रमोद महतो के पास से 30 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया गया। वही पुलिस को देख तीन शराब कारोबारी भागने में सफल रहे।सभी को मेडिकल जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## कोरोना जांच में चार बेटियां एंटीजन पॉजिटिव

**बेतिया:** पश्चिम चम्पारण जिला के नरकटियागंज अनुमंडल अंतर्गत गौनाहा प्रखण्ड एससी एसटी कन्या आवासीय विद्यालय धमौरा में कोरोना जांच में 4 बेटियां एंटीजन पॉजिटिव पाई गई है। कोरोना जांच टीम में शामिल डॉ ओम प्रकाश कुमार ने बताया कि आवासीय कन्या विद्यालय धमौरा में 158 विद्यार्थियों की जांच बुधवार को किया गया है। जिसमें 4 बच्चियां एंटीजन पॉजिटिव पाई गई है। उपर्युक्त चारों बेटियों को विद्यालय के एक कमरे में कोरनटाईन कर दिया गया है। जांच टीम में एलटी सुजीत कुमार, एएनएम खुशबू कुमारी व परिचारी नंदकिशोर खतईत शामिल रहे। इधर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशि कुमार ने बताया कि एंटीजन जांच पर भरोसा नही किया जा सकता है।

## प्रदेश >> अपडेट

### कांग्रेस ने किया जय भारत सत्याग्रह आंदोलन

**पाकुड़ :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत जिला उपाध्यक्ष गुलाम अहमद के नेतृत्व में पुराना सदर अस्पताल पाकुड़ के सामने एक जनसभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा समाहरनालय का घेराव किया गया। आंदोलन के दौरान वहां उपस्थित कांग्रेस कार्यकताओं ने मोदी सरकार के विरुद्ध जमकर नारे लगाए।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### प्रेरणा शाखा ने 11 कन्याओं का विवाह समेत अन्य कार्यो की ली शपथ

**दुमका :** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा का मंगलवार को शपथग्रहण समारोह हुआ। जिसमें अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने शपथ ली। अध्यक्ष समेत कार्यकारिणी सदस्यों को प्रांतीय उपाध्यक्ष सुनील घिड़िया ने शपथ दिलवायी। प्रेरणा शाखा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती रही है। शाखा ठंड में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण, गर्मी में प्याऊ और शरबत सेवा, विकलांगो का इलाज में मदद मदद, धार्मिक कार्यों में सहयोग, अस्पताल में मरीजों के बीच खाना वितरण, ऑक्सिजन सेवा प्रदान करना आदि सेवा देते आ रही है। प्रेरणा शाखा ने 11 कन्याओं का विवाह साथ ही नानीबाई का मायरा और नशा मुक्ति अभियान, सावन में कावड़ियो की सेवा एवं एंबुलेंस सेवा, दिवाली में बच्चों को कपड़े मिठाई और पटाखे देकर सामाजिक सहयोग शपथ ली। शाखा अध्यक्ष दिव्या वर्मा, कोषाध्यक्ष शालिनी भालोटीया, सचिव नूतन भालोटीया समेत कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कैलाश वर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष सुनील घड़िया, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष राजू वर्मा, मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय पदाधिकारी राजेन्द्र हिरिया समेत सदस्यों में भारती शर्मा, संगीता अग्रवाल, संगीता सिन्हा आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान

**पाकुड़ :** जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड में झालसा रांची के निदेर्शानुसार जागरुकता शिविर का आयोजन आज बुधवार लिट्टीपाड़ा प्रखंड जबरदहा पंचायत के ग्रामीण इलाकों में घूम घूम कर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड के तत्वधान में सचिव शिल्पा मुर्मू के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त जागरुकता शिविर में पीएलवी चन्द्रशेखर घोष एवम् नीरज कुमार राउत ने कानून के प्रति जागरूक करने से संबधित बातों की जानकारी देते हुए कहा लोक अदालत की विशेषता, दो पक्षकारों के बीच मध्यस्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकार से नि: शुल्क अधिवक्ता प्राप्त पाने का हकदार, एसिड अटैक मुअवाजा, बैक ॠण, श्रम विवाद समेत कई महत्वपूर्ण कानूनी सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया को विस्तारित से समझाया।

### पॉलिटेक्निक में अग्निशमन पर मॉक ड्रिल

**पाकुड़ :** स्थानीय पाकुड़ पॉलिटेक्निक में झारखंड अग्निशमन सेवा के तत्वाधान में जिला अग्निशमन पदाधिकारी रविन्द्र ठाकुर एवं उनके सहयोगियों ने पाकुड़ पॉलिटेक्निक के सभी कर्मचारियों को आग लगने के कारण और उससे बचाव के कई तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने सभी के सामने आग बुझाने के कई तरीकों को प्रयोग कर के दिखाया साथ ही मौजूद लोगों से भी इसका अभ्यास कराया।ताकि उनके अंदर से आग का डर निकल सके। संस्थान में सभी कर्मचारी काफी उत्साहित थे और कार्यक्रम से बहुत सारी जानकारी प्राप्त किये।कार्यक्रम का शुभारंभ पाकुड़ पॉलिटेक्निक के प्रभारी प्राचार्य डॉ ऋषिकेश गोस्वामी और मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी निखिल चंद्र तथा मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया और मुख्य अतिथि श्री रविन्द्र ठाकुर का पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया।

---

**कार्यक्रम** कृषि अवसंरचना कोष जागरूकता अभियान का आयोजन

# किसानों की बेहतरी के लिए सिंचाई समेत अन्य योजनाओं को लेकर कर रही काम: मंत्री बादल

राष्ट्रीय खबर

**दुमका:** कृषि अवसंरचना कोष जागरूकता अभियान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, कृषि निदेशक चंदन कुमार समेत अन्य अतिथियों दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि आज हम सभी कृषकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जब किसानों की बात आती है तब हमारी सरकार सबसे पहले किसानों को प्राथमिकता देती है। किसानों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो इसे लेकर विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में जिला कृषि क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल करने वाली है। कृषकों का आंकड़ा हमारे पास मौजूद है। आंकड़े की मदद से हम योजना बना पा रहे हैं। स्थानीय लोगों को योजनाओं से लाभान्वित कर पा रहे हैं। किसानों को मदद प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके कई उदाहरण से पता चलता है जो किसान पहले थोड़े फसल के मालिक होते थे। अब वे बहुत जागरूक है एवं सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। यहां पर मिल की कमी है। जिसको लेकर सरकार ने उद्योग विभाग से बात कर नहीं मिल स्थापित करने की भी बात की है। कृषक बेहतर खेती कर सके इसके लिए सरकार द्वारा सिंचाई की संपूर्ण व्यवस्था की जा रही है। किसान खेती को व्यवसाय के रूप में डेवलप करना चाहते हैं तो सरकार एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड अवेलेबल कराने का काम कर रही है। पिछले वर्ष भी है काम किया गया था। लेकिन लोगों में जागरूकता की कमी होने के कारण अधिक कृषकों को लाभ नहीं मिल पाया। इस बार चेंबर ऑफ कॉमर्स, किसान मित्र, एनजीओ व अन्य सभी लोग मिलकर मिशन मोड पर काम कर रहे हैं। जिससे योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके। कृषकों को बड़े पैमाने पर खेती करने के लिए सरकार बहुत बड़े सहयोग कर रही है। आप सभी जागरूक बने तथा योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आय वृद्धि करें। यहां उपस्थित किसान बाहर जाकर अपने परिचित को इन सभी योजनाओं से तथा की गई बातों से अवगत कराएंगे। हम सभी के संयुक्त मेहनत से आने वाले दिनों में किसानों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करते हुए सशक्त बनाया जाएगा। कृषि अवसंरचना कोष जागरूकता अभियान कार्यक्रम छोटे एवं सीमांत किसानों के साथ-साथ उद्यमियों को बैंको से जोड़ने और कृषि बुनियादि ढाचे के विकास के लिए ॠण प्राप्त करने की योजना है। जो फसल कटाई के बाद के प्रबंधन, प्रसंस्करण और कुछ अन्य संबद्ध गतिविधियों में सहायता करती है। किसानों को सीधे उपभोक्ताओं के माँग के आधार पर कृषि उत्पाद एवं अन्य बेचने की अनुमति देने के लिए बेहतर विपणन बुनियादी ढांचे और किसानों के लिए मूल प्राप्ति में वृद्धि से किसानों की आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर किसानों ने मंत्री बादल के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। जिस पर उनके लिए और बेहतर व्यवस्था करने की बात मंत्री आश्वासन दिया।




## न्यूज फटाफट

### बेसहारा बच्चों को सीडब्ल्यूसी देगी सहारा




दुमका। मंगलवार को बाल कल्याण समिति ने दो ऐसे बालक-बालिकाओं का प्रोडक्सन लिया जिनके पिता की मृत्यु हो चुकी है। इन दोनों को मिशन वात्सल्य के तहत स्पान्सरशिप स्कीम से जोड़ा जायेगा। जिसके तहत उन्हें प्रत्येक माह 4000 रुपये मिलेंगे। मसलिया प्रखण्ड के एक वीडियो पर संज्ञान लेते हुए सीडब्ल्यूसी चैयरपर्सन ने चाइल्डलाइन के माध्यम से 13 वर्षीय बालिका का प्रोडक्सन लिया। कक्षा- 6 में पढ़नेवाली इस बालिका के पिता की 04 मार्च को मृत्यु हो गयी है। वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान है। बालिका ने ही अपने पिता को मुखाग्नि दी थी इसलिए उसका मुंडन भी हुआ है। उसके मां की दिमागी हालत ठीक नहीं है। वह अपनी दादी, फूफा और फुआ के साथ रहती है। वह कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय, मसलिया में रहकर पढ़ाई करना चाहती है। वहीं नगर थाना क्षेत्र में रहनेवाले 8 वर्षीय बालक ने बताया कि उसके पिता की मृत्यु हो गयी है और मां ने दूसरी शादी कर ली है। वह दूसरी कक्षा में पढ़ता है और अपनी दादी के साथ रहता है। दादी को महिने में 12 किलो राशन मिलता है जिस कारण उसे काफी कठिनाई हो रही है। सीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार, सदस्य रंजन कुमार सिन्हा, डॉ राज कुमार उपाध्याय और नूतन बाला ने दोनों मामलों की सुनवायी करते हुए चाइल्डलाइन की टीम मेंबर शांतिलता हेम्ब्रम को दोनों बालक-बालिकाओं का पारिवारिक वार्षिक आय और निवासी प्रमाण पत्र बनवाने में सहयोग करने का निर्देश दिया। जैसे ही ये प्रमाण पत्र समर्पित कर दिया जायेगा, समिति स्पान्सरशिप के लिए आदेश जारी कर देगी।

---

एसएसपी ने कहा रमजान का यह पार्क व पवित्र महीना रहमतों और बरकतों से रहता है भरपूर

# भागलपुर पुलिस लाइन में इफ्तार पार्टी का आयोजन

- अन्य रोजेदारों के साथ जवान भी शामिल हुए इफ्तार में
- कई वर्षों के अंतराल पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

दीपक नौरंगी



**भागलपुरः** यहां के पुलिस लाइन में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। 2019 के बाद पहली बार किसी एसएसपी ने रोजा में रह रहे पुलिस जवानों के साथ इफ्तार पार्टी में हुए शामिल हुए। बीच में कोरोना की वजह से भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया जा सका था। वैसे जो भी पुलिसकर्मी अपनी महत्वपूर्ण ड्यूटी निभाते हुए लगातार रोजा में है उनकी भावना को कौन समझने वाला है लेकिन एसएसपी आनंद कुमार ने एक बड़ा पैगाम और संदेश देने का काम किया है। वह काफी देर तक अपने पुलिस जवानों के साथ इफ्तार पार्टी में हुए शामिल रहे और जो जो पुलिसकर्मी रोजा में है उनसे बातचीत की। फिर वह पुलिस लाइन की कई समस्याओं से भी अवगत हुए। पुलिस बैरक गए कैसे पुलिसकर्मियों के लिए खाना बन रहा है उसकी बारीकी से उसे देखा। कई वर्षों के बाद भागलपुर पुलिस लाइन के पुलिसकर्मियों में चेहरे पर खुशी दिखी है और हर पुलिसकर्मी अपनी समस्या आसानी से एसएसपी आनंद कुमार को बता रहे हैं। भागलपुर पुलिस लाइन में काफी संख्या में रोजेदारों पुलिसकर्मी रोजा इफ्तार किया साथ ही भाईचारे का बेहतर संदेश देने का भी कार्य किया। सभी पुलिसकर्मियों ने भी इसमें अपनी मौजूदगी देकर मिल्लत मोहब्बत व शांति का पैगाम दिया। मंगलवार के दिन इस इफ्तार पार्टी में भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार सिटी डीएसपी अजय चौधरी सिटी एसपी अमित रंजन और ट्रेनिंग एएसपी, सार्जेंट मेजर के अलावे कई थाने के थानाध्यक्ष और पुलिस जवान मौजूद थे। वहीं एसएसपी ने पाक रमजान के पवित्र महीने में एक साथ रोजेदारों के साथ बैठकर इफ्तार किया।

# बाल विद्यापीठ में शत-प्रतिशत बच्चों ने लगाया एमआर का टीका

राष्ट्रीय खबर




**पाकुड़ः** स्थानीय बाल विद्यापीठ भगत पाड़ा पाकुड़ में खसरा एवं रूबेला टीकाकरण अभियान के तहत शत-प्रतिशत बच्चों ने एम आर का टीका लगाया। बाल विद्यापीठ के संचालक सह झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला सचिव राजकुमार भगत ने बताया कि बाल विद्यापीठ में 19 अप्रैल को टीका लगाने की तिथि तय की गई थी। बावजूद समय पर कोई भी एएनएम नही पहुंची। इधर काफी संख्या में अभिभावक स्कूल में आकर जमा हो गए। काफी जद्दोजहद के बाद बार-बार इधर-उधर फोन करने के पश्चात 1 एनएम तथा उनके सहयोगी के भेजा गया।

10:00 बजे से वैक्सीनेशन का कार्य प्रारंभ हुआ जो लगभग 12:30 बजे तक चला। इस दरमियान विद्यालय में नामांकित सभी 65 बच्चों ने वैक्सीनेशन में भाग लिया तथा एम आर का टीका लगाया । इतना ही नहीं सूची उपलब्ध कराने के बाद तीन छात्र अलग से नामांकन कराए थे, उन्होंने भी एम आर का टीका लगाया ।अर्थात कुल 65 बच्चों में से अतिरिक्त नए नामांकन के 3 बच्चों के टीका लगाने से कुल 68 बच्चों ने टीका लगाया।

---

# नियोजन नीति रद्द करने और खतियान आधारित नीति बनाने को लेकर महाआंदोलन



राष्ट्रीय खबर

**दुमकाः** हेमंत सरकार के 60-40 नियोजन नीति के विरोध में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय छात्र समन्वय समिति ने मंगलवार को मशाल जुलूस निकाला। सिदो कान्हू चौक से मशाल जुलूस निकाल शहर के टीन बाजार चौक होते हुए विभिन्न मागों से गुजर छात्र समन्वय समिति महाआंदोलन के तीसरे दिन झारखंड बंद को सफल बनाने का आह्वान किया। एसकेएमयू छात्र समन्वय समिति और झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के सहयोग से महाआंदोलन को सफल बनाने में जुटी है। नियोजन नीति के विरोध में छात्रों का महाआंदोलन 17 अप्रैल से जारी है। आंदोलन के निर्धारित कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन 18 अप्रैल को राज्य के जिले, प्रखंड और पंचायत स्तर पर मशाल जुलूस निकाल 19 अप्रैल को झारखंड में बंद को सफल बनाने में सहयोग का आह्वान किया। बंदी में अपातकालीन सेवा, एम्बुलेंस सेवा,प्रेस-मीडिया, बराती गाड़ी, पुलिस प्रशासन की गाड़ी, अग्निशमन सेवा, दूध वाहनों की छूट होगी। बाकी सभी आवागमन बाधित रहेंगे। इस अवसर पर छात्र नेता श्यामदेव हेम्ब्रम ने बस एसोसिएशन, ओटो चालक ऐसोसिएशन, चेम्बर्स ऑफ कामर्स आदि छात्रहित में 72 घंटे का महाआंदोलन के तीसरे दिन बंद को सफल बनाने में सहयोग का अपील किया । छात्र नेता राजीव बास्की ने अलग राज्य हुए 22 वर्ष बितने के बावजूद भी ठोस नियोजन नीति नहीं बनाने पर अब तक की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने 17 वर्ष राज्य को लूटने का काम किया और वर्तमान सरकार युवा को ठगने का काम कर रही है। बाहरियां को नौकरी देने के लिए साजिशन वर्तमान नियोजन नीति बनाने की बात कही। सरकारक 60:40 का अपरिपक्व नीति बताते हुए वापस लेने और झारखंड के युवाओं को ध्यान में रख नियोजन नीति बनाने का मांग किया। अन्य छात्र 81 विधानसभा के विधायकों का विरोध कर खदेड़ने का काम करेंगे। छात्र नेता राजेंद्र मुर्मू ने वर्तमान नियोजन नीति को सरकार से रद्द करने और सरकार छात्रहित में जिले के अंतिम सर्वे ऑफ सेटलमेंट खतियान आधारित नियोजन नीति परिभाषित करने का मांग किया। बिहार के तर्ज पर राज्य में 90-10 नियोजन नीति बनाने का मांग किया। झारखंड के नियुक्तियों नियमावली में भी झारखंड के खतियान आधारित स्थानीय निवासी भारत का नागरिक दिखाने का मांग किया है। इस अवसर पर छात्र प्रतिनिधियों में श्याम सुंदर शर्मा, जनधन हांसदा, सुभाषटीन हेंब्रम, विजय सिंह हांसदा, सकल हेंब्रम, बादल किस्कू, सुलेश मरांडी, शेखर दास, दिवाकर मुर्मू, सिमोन मुर्मू, मुनिलाल हांसदा, मनदीप हेंब्रम, जमताड़ा से अलकेश हांसदा, श्यामसुंदर मरांडी, उमेश टुडू आदि मौजूद थे।

# पेयजल, बिजली समस्या पर पंचायत समिति की बैठक पर हुई चर्चा



राष्ट्रीय खबर

**दुमकाः** सदर प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख, पंचायत समिति मिनुदी सोरेन ने की। बैठक में पंचायत समिति सदस्य एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भाग लिया। बैठक में बीडीओ ने पिछली बैठक में पास किये गए प्रस्तावों पर अबतक की गयी कार्रवाई से उपस्थित सभी सदस्यों को अवगत कराया गया। सदस्यों ने गर्मी को देखते हुए पेयजल उपलब्ध कराने के लिए चापाकलों की मरम्मति कराने का अनुरोध किया गया। इस संबंध में बीडीओ ने बताया गया कि प्रखंड के पेयजल समस्या के त्वरित निदान के लिए एक कन्ट्रोल रूम का गठन किया गया है। जिसके प्रभारी पंचायत सचिव विनय कुमार के मो0- 9934523647 एवं पीएचडी कनीय अभियंता अनुपम लकड़ा, मो0- 9835599725 है। प्रखंड अंतर्गत किसी भी पंचायत में खराब चापाकल व जलमीनार के संबंध में अपना समस्या उपरोक्त मोबाईल नम्बर पर दर्ज करा सकते है। बीडीओ ने बताया गया कि कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-2 के द्वारा निर्देश दिया गया है कि पंचायत समिति के टाईड फंड का कुल 30 प्रतिशत राशि का खर्च चापाकल व जलमीनार की मरम्मति पर किया जाना है। जिसमें पंचायत समिति सदस्यों ने सहमति जतायी। पूर्व बैठक के कार्यवाही प्रस्ताव संख्या- 04 में बिजली विभाग से संबंधित अनुपालन प्रतिवेदन अभीतक कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है। बिजली विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी 18 अप्रैल के बैठक में उपस्थित नहीं रहने के कारण सभी संबंधितों को स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया। बैठक में पेयजल विभाग की समीक्षा के क्रम में पुराना दुमका एवं कड़हरबील के पंचायत समिति सदस्य ने बताया कि पुराना दुमका एवं कड़हरबील पंचायत में हर घर नल योजना के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप आधा ही कनेक्शन किया गया है।

---

**फर्जी चालान** सरकार को करोड़ों का राजस्व का चूना लगाने वाले गिरोह का हुआ पदार्फाश

# गिट्टी लदा वाहन का चलाक समेत 4 गिरफ्तार,6 अब भी फरार

राष्ट्रीय खबर



**दुमका/निज :** फर्जी चालान बना गिट्टी लदा वाहनों को परिवहन कर सरकार को करोड़ों का राजस्व का चूना लगाने वाले गिरोह का पदार्फाश हुआ है। उपराजधानी दुमका के जिला प्रशासन ने एक ऐसे ही एक गिरोह का पुलिस उद्भेदन करने में सफल रही है। जो फर्जी चालान के माध्यम से खनिज संपदा को बाहर भेजते थे। पुलिस ने इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस मंगलवार को जेल भेजने में सफल रही। हलांकि 6 आरोपी अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए की प्रयास जारी है। इसकी जानकारी प्रेसवार्ता में एसडीपीओ सदर नूर मुस्तफा अंसारी ने दी। यहां बता दें कि उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के निर्देश पर एसडीओ कौशल कुमार, डीएमओ कृष्ण कुमार किस्कू और एसडीपीओ नूर मुस्तफा अंसारी एक मामले की जांच के लिए दिग्घी पहुंचे थे। रिंग रोड पर एक स्टोन चिप्स लोड ट्रक के चालक आलोक कुमार से अधिकारियों ने चालान की मांग की। चालक द्वारा प्रस्तुत परिवहन चालान को डीएमओ ने जब जांच की तो वह फर्जी निकला। चालक को गिरफ्तार करते हुए पुलिस मुफस्सिल थाना में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई। अधिकारियों ने चालक से इस बात की जानकारी ली कि आखिर उसने यह चालान कहां से खरीदा था। बिहार के लखीसराय जिले के बरहिया थाना क्षेत्र के डुमरी गांव का रहने वाला चालक आलोक कुमार के निशानदेही पर पुलिस काठीकुंड थाना क्षेत्र से लखन पाल, परमेश्वर मंडल और दिवाकर कुमार नामक युवक को गिरफ्तार करने में सफल रही। एसडीपीओ ने बताया कि मोबाइल ऐप के माध्यम से फर्जी चालान निर्गत कर एजेंट के माध्यम से ट्रक चालकों को उपलब्ध कराया जाता था। मामले को लेकर जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि इसके पूर्व भी बगैर चालान या फर्जी चालान को लेकर कई मामले दर्ज किए गए है। उन्होंने कहा कि देख कर अंदाज लगाना मुश्किल होता है कि कौन चालान असली है और कौन नकली। तकनीक के इस्तेमाल से ही असली और नकली चालान को पकड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह गिरोह लंबे समय से इस कार्य मे संलिप्त था। जिससे सरकार को करोड़ों की राजस्व की हानि होती है। हालांकि अब भी 6 आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जिसके पकड़ में आने के बाद कुछ और नए नाम आने के संभावनाएं है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक आयोजित

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ः** समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को जिला विकास समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त वरुण रंजन ने की। बैठक में पिछली बैठक में उपायुक्त द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की क्रमवार समीक्षा की गई। संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों ने निदेर्शों के अनुपालन की जानकारी उपायुक्त के समक्ष रखी। कुछ लंबित कार्यों को पूरा करने का उपायुक्त ने निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा आपूर्ति, समाज कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि आदि विभाग से संबंधित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा पी.पी.टी प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्यरत योजनाओं के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दिशा में सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें। साथ ही उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारी व कर्मी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए सभी पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने का निदेश दिया गया तथा आ रही समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने के आवश्यक निदेश दिए गए। बैठक के दौरान आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

**शहर >> अपडेट**

### छत से गिरने से युवक घायल

**कोडरमा :** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत गौशाला रोड में छत पर से नीचे गिर कर युवक घायल हो गया। घायल की पहचान सचिन कुमार (15 वर्ष, पिता संतोष राम) के रूप हुई है। जानकारी के अनुसार बीती रात खाना खाकर छत पर सो रहा था। इसी दौरान अचानक नीचे गिर जाने से घायल हो गया। उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

**सिटी अपडेट्स >>**

### 12 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया

**कुडू :** प्रखंड अंतर्गत एससीए मद से हो रहे 12 आंगनबाड़ी केंद्रों निरीक्षण किया गया। निरीक्षण किए गए आंगनबाड़ी केंद्रों का नाम जामुन टोला कुडु,कालीपुर चंदलासो,जिंगी 1,जिंगी 3,फर्श, दीवाल एवं छत मरम्मती,रंग रोगन एवं दीवार लेखन बिजली संबंधी कार्य ,पेयजल संबंधी कार्य ,शौचालय संबंधी कार्य,का गुणवत्ता पूर्वक करने का दिया गया निर्देश।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**कोडरमा :** राजधनवार थाना अंतर्गत बभनी के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, । मृतक की पहचान परमानंद यादव (उम्र 38, पिता स्वर्गीय परमेश्वरी यादव, ग्राम बभनी) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपने मोटरसाइकिल से मगलवार की शाम बभनी चौक के समय बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद देर शाम कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोडरमा पुलिस ने शव को बुधवार को पोस्टमार्टम कराके परिजनों को सौंप दिया। परिजन का रो रो कर बुरा हाल है।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### उपायुक्त को सौंपा गया आवेदन

**मरकच्चो :** मरकच्चो डाक बगंला, निवासी बबन यादव व पिंटू यादव ने उपायुक्त कोडरमा को 17 अप्रैल को डाक के माध्यम से आवेदन देकर गांव के दुखनी देवी के द्वारा फर्जी तरीके से अपनी बहु प्रियंका कुमारी के नाम बिक्री करने का आरोप लगाया गया है। दिए आवेदन में कहा है कि सर्वे खतियान के अनुसार खाता संख्या 1062 प्लॉट संख्या 10434 / 15243 रकवा 0.21 डी जमीन तीन हिस्सेदारों उतो महतो, नेपाली महतो, बुन्दी महतो के नाम खतियान में अंकित है। उक्त जमीन को बुन्दी महतो के बहु लेख्यधारी दुखनी देवी के द्वारा अपनी बहु प्रियंका कुमारी को अन्य हिस्सेदारों की जमीन को फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करने और उक्त जमीन का दाखिल खारिज कर लेने का आरोप लगाया गया है।

### मनरेगा में गड़बड़ी को लेकर 14 पंचायत की डोभा,टीसीबी व अन्य योजनाओं की जांच

**सतगावां :** प्रखंड में मनरेगा में गड़बड़ी को लेकर उजागर होने के बाद मंगलवार को मनरेगा योजना में जांच की गई। बताया जाता है कि मनरेगा में भ्रष्टाचार को लेकर उजगार होने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आयी और जिला प्रशासन के निर्देश पर 14 पंचायतों में टीम गठित कर प्रखंड के कटैया, ईटाय, अम्बाबाद, टेहरो, शिवपुर, खुट्टा, कोठियार, मीरगंज आदि पंचायतों में मनरेगा योजना द्वारा संचालित डोभा, टीसीबी व अन्य निर्माण कार्य योजनाओं का कार्य की जांच हुई जिसमें भारी अनियमितता पाई गई। मनरेगा योजना में गड़बड़ी उजागर होने के बाद उपायुक्त कोडरमा के द्वारा आदेश जारी कर ईटाय पंचायत में मनरेगा योजना अंतर्गत जांच दल के द्वारा जांच के क्रम में काफी अनियमितता पाई गई। वित्तीय वर्ष 2022- 23 निर्मित डोभा, टीसीबी व अन्य निर्माण योजना की जांच करने का आदेश उपायुक्त ने दिया।

**रक्षा सूत्र**

## खैरीडीह गांव में वन रक्षा बंधन महोत्सव मनाया गया

# पेड़ों के बचाव के लिए उपायुक्त ने ग्रामीणों के साथ पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधा



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** बुधवार को उपायुक्त आदित्य रंजन एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह ने डोमचांच प्रखण्ड अंतर्गत शेरसिंघा और कोडरमा प्रखंड अंतर्गत खैरीडीह गांव का भ्रमण किया। गांव में वन रक्षा बंधन महोत्सव मनाया गया, जहां उपायुक्त व वन प्रमंडल पदाधिकारी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पेड़ों की रक्षा के लिए पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधा। ग्रामीणों ने शपथ लेते हुए यह घोषणा किया कि आज से जंगल बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। उपायुक्त ने वन रक्षा बंधन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गांव स्तर पर लोगों को स्वरोजगार से जुड़ने के लिए कई महत्वकांक्षी योजना चलाई जा रही है उन योजनाओं का लाभ लें और स्वरोजगार से जुड़ कर आत्मनिर्भर बनें। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा वन्य प्राणियों के साथ-साथ वनों की सुरक्षा के लिए रक्षाबंधन कार्यक्रम काफी अहम साबित हो रहा है। वन सुरक्षित रहेगा तो पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, वन क्षेत्र पदाधिकारी, पीएमयू सदस्य धनपाल, अनुज व अन्य मौजूद रहे।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई

**पेटरवार :** पेटरवार ईद- उल- फितर त्योहार को लेकर पेटरवार थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक की गई। बैठक में कहा गया कि ईद- उल- फितर का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए। अगर किसी प्रकार की कोई परेशानी हो तो अविलंब प्रशासन को सूचित करें। बैठक में बीडीओ ने कहा कि यह त्योहार खुशियों का पैगाम देता है लोग सारे गीले शिकवे को भूलकर एक दूसरे के गले लगते है। 30 रोजा रखने के बाद लोग ईद- उल- फितर की त्योहार खुशियों के साथ मनाते है। थाना प्रभारी विनय कुमार ने कहा कि बाहर से आये कुछ असामाजिक तत्वों की ओर से आये दिन थोड़े पैसे की लालच में भगवान की घर में चोरी की घटना को अंजाम देकर आपसी सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास कर रहे है जिन्हें चिन्हित किया जा रहा है। उन्होंने पेटरवार प्रखंड की जनता से अपील करते हुए कहा कि बड़े मंदिर और मस्जिद के अंदर रात में अपने- अपने आदमी को रखे और यदि हो सके तो उन स्थानों पर सीसीटीवी भी लगाए ओर खुद निगरानी करे। बैठक के अंत में मौजूद दोनों समाज के लोगो ने दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर शांति समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार सिन्हा, मुखिया उर्मिला देवी, निहारिका सुकृति, देवेंद्र प्रसाद नायक, धर्मेंद्र कपरदार, पूर्व उप प्रमुख दामोदर ठाकुर, शांतिलाल जैन, मुमताज अंसारी, असित कुमार बनर्जी, साजिद हुसैन, कौशर हाशमी, मो.एकराम, सूरजमल नायक, रितेश सिन्हा, प्रदीप नायक सहित अन्य शामिल रहे।

## रामगढ़ ने कोडरमा को 72 रन से हराया



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जा रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट में बुधवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में रामगढ़ और कोडरमा के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रामगढ़ में 49.3 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 216 रन बनाए। जिसमें धर्म ने 54 रन, अमयंक ने 42 रन और हिमांशु ने 46 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए कोडरमा की ओर से पीयूष ने 3 विकेट और मानव ने दो विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी कोडरमा की टीम 39 ओवर में मात्र 144 रन ही बना सकी। कोडरमा की ओर से पीयूष ने नाबाद 75 रन और प्रियांशु ने 22 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए रामगढ़ की ओर से हिमांशु ने 4 विकेट और शिवम ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच कोडरमा के पियूष सिंह को मैच ऑब्जर्वर शशि भूषण चौबे ने दिया। मौके पर अंपायर हेमंत ठाकुर, शेख इफ्तेखार, स्कोरर गजेंद्र कुमार, केडीसीए के सचिव दिनेश सिंह, मनोज सहाय पिंकू, आलोक पांडे, रोहित भारती, चंदन यादव, नीतीश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## मुंह एवं दांतों के रख रखाव की जानकारी दी




राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे ओरल स्क्रीनिंग पखवाड़ा में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शरद कुमार के नेतृत्व मे टीम ने कोडरमा मुख्यालय स्थित कन्या मध्य विद्यालय के कक्षा छह से आठवीं तक के लगभग 110 छात्राओं को मुंह एवं दाँतों के रख रखाव कैसे किया जाए इसकी जानकारी दी। साथ ही ओरल स्क्रीनिंग भी की गई। डॉ शरद कुमार ने छात्राओं को बताया कि रात में सोने से पहले ब्रश अवश्य करें, क्योंकि रात में खाने का कोई भी अंश अगर मुँह में रह गया तो उससे दांतो में कीड़े लगते है और मसूढो की बीमारियां होती है। साथ ही मुँह एवं दांतो से संबंधित गलत आदतों से सावधान रहने को कहा गया। जांच एवं स्क्रीनिंग के बाद स्कूल के सभी छात्राओं को टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट एवं हाँथ धोने की साबुन राष्ट्रीय मुँख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुफ्त में वितरित किया गया। ओरल स्क्रीनिंग के दौरान स्कूल की प्रभारी प्राचार्या सुधा कुमारी, शिक्षिका कुमकुम सिंह, वंदना कुमारी, संगीत साहनी, मनीषा कुमारी, शिक्षक सहदेव रविदास, राधेश्याम मिश्रा सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजन करने में जिला एनसीडी के कार्यक्रम सहायक प्रदीप कुमार, तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के दीपेश कुमार, डेंटल हैजिनिस्ट जितेंद्र कुमार मिश्रा मौजूद थे।

## अवैध बालू लदे 9 ट्रैक्टर को प्रशासन ने पकड़ा



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रशासन की कार्यवायी के बावजूद जयनगर क्षेत्र में बालू माफिया अवैध बालू खनन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इससे ना सिर्फ खनन विभाग को राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि इसके साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। पूरे प्रखंड में बालू माफियाओं का हौसला बुलंद हो चुका है, हौसला इतना बुलंद है कि जेसीबी मशीन के माध्यम से बालू का उठाव करते हैं। नदियों की शक्ल और सूरत बिगड़ती नजर आ रही है। समस्या को देखते हुए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है, जिसमे बालू लदे 9 ट्रैक्टर जब्त किया है। कई बालू घाटों पर छापेमारी की गई जिसमे हीरोडीह से 2, पहाड़पुर से 1, पतिशाले से 2, चेहाल से 2,तिलोकरी से 1, पिपचो से 1 बालू लदे कुल 9 ट्रैक्टर जप्त किया गया। इससे बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। इस कार्रवाई में सीओ ओमप्रकाश बड़ाईक, थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा शामिल थे। उन्होंने बताया कि अवैध खनन के गुप्त सूचना मिलने के बाद छापेमारी अभियान चलाया गया। अग्रिम कार्रवाई हेतु जिला खनन विभाग को पत्र लिखा जा रहा है। छापामारी के दौरान एसआई सुनील कुमार, एएसआई दिलीप मंडल आदि पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## झारखंड बंद का युवा नेता कृष्णा यादव ने किया समर्थन



राष्ट्रीय खबर

**चंदवारा:** झारखंड सरकार के 60/40 की स्थानीय नियोजन नीति के खिलाफ 19 अप्रैल के झारखंड बंद का बरही विधानसभा के युवा नेता कृष्णा यादव ने समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह नियोजन नीति झारखंडियों को ठगने वाला है। देश के कई राज्यों में जब भी कोई नियुक्ति निकलती है तो उसमे 100 प्रतिशत अपने राज्य वासियों को प्राथमिकता दिया जाता है लेकिन झारखंड की वर्तमान सरकार पूर्व की भांति मात्र 60 प्रतिशत अधिकार ही राज्य वासियों को देना चाहती है, जबकि 40 प्रतिशत बाहरियों के लिए के लिए दरवाजा खोल दी है। जिसका हम पुरजोर विरोध करते है, सरकार की यह नीति गलत है जिसका प्रदेश के सभी छात्र विरोध कर रहे है। उनके विरोध को बल देने का कार्य करूंगा। प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के साथ सदैव खड़ा रह कर उनके हक की लड़ाई लड़ने को तैयार हूं।

# पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई महात्मा हंसराज जयंती

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में महात्मा हंसराज जयंती अत्यंत धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विशेष हवन के साथ साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदी भाषण कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी कल्पना ने प्रस्तुत किया। उन्होंने महात्मा हंसराज की कर्मठता और उदारता से हमें प्रेरणा लेने की बात कही। अंग्रेजी में भाषण कक्षा 12वीं की छात्रा श्रुति जयसवाल ने प्रस्तुत किया। उन्होंने महात्मा हंसराज के संपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने की बात कही। इस मौके पर महात्मा हंसराज के जीवन से जुड़े प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया और पूरे जोश के साथ सभी प्रश्नों का उत्तर दिया। कक्षा नवमीं के छात्र उपेन्द्र सोनू, मोहम्मद आफाऩ और आर्यन ने महात्मा हंसराज के जीवन से जुड़े एक सुंदर गीत सुना कर पूरी प्रार्थना सभा और विद्यालय परिवार का मन मोह लिया। कक्षा छठी से लेकर आठवीं तक के बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी हस्तकला को प्रदर्शित करते हुए महात्मा हंसराज जी का चित्र तैयार किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा षष्ठ अ की पियूषा पिहूल और साक्षी राज ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान आठवीं की छात्रा आयुषी प्रजापति और सातवीं की छात्रा सौहार्द सरकार ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान कक्षा षष्ठ की छात्रा अतिशा वर्णवाल ने अर्जित किया। बालक हर्षित निराला हंसराज के रूप में बड़े प्यारे लग रहे थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने बताया महात्मा हंसराज एक साधारण परिवार से संबंध रखते थे। महात्मा हंसराज जी का जीवन हमें भी सादा जीवन, उच्च विचार और निस्वार्थ भाव से कार्य करने की प्रेरणा देता है। आज देश को महात्मा हंसराज जैसे व्यक्तियों की आवश्यकता है, जिससे भारत की सबसे बड़ी समस्या भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों से मुक्ति मिलेगी।

## न्यूज फटाफट

### रमजान का पाक महीना हो रहा है विदा-आफताब



**कोडरमा :** रमजान का मुकद्दस पाक महीना विदा होने को है। 26 वां रोजा मंगलवार और बुधवार को 27 वां रोजा है, जो रमजान की रुख़्सती का पैगाम दे रहा है। कलंदरिया एसोसिएशन ट्रस्ट कोडरमा के अध्यक्ष हाजी आफताब आलम ने बताया कि 26 वां रोजा की रात अल्लाह की मेहरबानी की खास रात है। इस रात को अफजल वाली रात यानी सब ए कदर की रात कहा जाता है। सब ए कद्र की रात यानी हजार महीने से अफजल रात जिस रात अल्लाह अपने बंदों की गुनाहों को माफ करता है, इज्जत बख़्सता है, जहन्नुम से आजादी का परवाना देता है। यही वजह है कि इस रात मुस्लिम घर गुलजार नजर आते हैं, तो मस्जिदें आबाद नजर आती है। माहे रमजान में अल्लाह की रहमतों की बारिश बरसाता है। हर मुसलमान दिन के रोजे रख अल्लाह को राजी करने के लिये दिन रात इबादत करता है। लेकिन अब यह मौका हाथों से जा रहा है, माहे रमजान रुखसत हो रहा है। यह पाक महीने में मुसलमान दिल खोल कर फितरा जकात देते हैं, गरीबों मिस्कीनों जरूरतमंदों की मदद करते हैं।

### भगवानी देवी के पुण्य दिवस पर विशेष पूजा अर्चना की

**झुमरीतिलैया :** श्री दिगम्बर जैन मंदिर में आज वैशाख कृष्ण बारस को देवाधिदेव 1008 श्री चंदप्रभु भगवान का प्रथम अभिषेक शांतिधारा अजमेरा परिवार को प्राप्त हुआ। इसके पश्चात अशोक विनोद, सुनील, मुकेश, राज कुमार अजमेरा की मातेश्वरी श्रीमति भगवानी देवी अजमेरा के पुण्यतिथि में विशेष पूजन अर्चना किया गया। इस अवसर पर समाज के मंत्री ललित सेठी, उप मंत्री राज छाबड़ा, सुरेश झांझरी, सुशील छाबडा, प्रदीप छाबड़ा, सुशील पांड्या, सुरेन्द काला, मनीष सेठी, संदीप सेठी, वार्ड पार्षद पिंकी, नवीन जैन, महिला समाज की अध्यक्ष नीलम सेठी, कमला देवी पांड्या, रजनी जैन, अलका, पिंकी सेठी लालगोला से विजय छाबड़ा, राज कुमार छाबड़ा, विमल छाबड़ा, संतोष छाबड़ा, दिल्ली से अरुण, संतोष छाबडा, कोलकोत्ता से विभोर रुचिका सेठी, बैंगलोर से पुनीत निधि अजमेरा, जयपुर से अशोक मंजू, सुमित नेहा अजमेरा, गुवाहाटी से मनोज आशा गंगवाल, बाराबंकी से धीरज सिंपी सेठी, रांची से भाग चंद पुष्पा अजमेरा, सुमेर, माधुरी अजमेरा, सुरेश-कमोद अजमेरा, विशेष रूप से कुणाल, मिहिर गंगवाल ओर अर्हम अजमेरा ने अपनी श्रदांजलि अर्पित की। कोडरमा समाज के अध्यक्ष प्रदीप पांड्या ओर मंत्री ललित सेठी ने भी अपनी श्रद्धांजलि दी।

### प्रमुख अंजू देवी ने समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा



**जयनगर :** प्रखंड प्रमुख अंजू देवी ने समाहरणालय सभागार कोडरमा में विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) बैठक के दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन व केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी को क्षेत्र में उत्पन्न विभिन्न समस्या समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि जयनगर अंचल कोडरमा जिला का सबसे बड़ा अंचल होने के बावजूद मात्र 2 कर्मचारी है और भ्रष्टाचार में पूर्णरूपेण लिप्त है। ना ही तहसील कचहरी में कभी बैठते हैं और ना ही अंचल कार्यालय में। यह दोनों कर्मचारी अंचल अधिकारी के आवास में बैठकर ही सारा कार्य करते हैं। जनता, छात्र छात्रा त्राहिमाम कर रहे हैं। आय, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत समय पर नहीं हो रहा है एवं प्लॉट खाता रकबा का ऑनलाइन एवं दाखिल खारिज लोगों का नहीं हो पा रहा है। प्रखंड जयनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित डॉक्टर अभिषेक कुमार एवं महिला डॉक्टर पूजा कुमारी को वापस सीएचसी जयनगर भेजा जाए। 10 वर्षों से जमे बीपीएम शैलेंद्र तिवारी एवं शराब के नशे में धुत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजीत कुमार मंडल को हटाकर बीमार सीएचसी को स्वस्थ किया जाए। गोहाल में बजरंगबली मंदिर से लेकर पॉलिटेक्निक कॉलेज तक पीसीसी पथ का निर्माण कराया जाए।

### तेज धूप में विद्यालय से लौट रहे बच्चे हो रहे परेशान



**जयनगर :** इन दिनों गर्मी ने पिछले कई साल के रिकॉर्ड तोड़ दिए है। अप्रैल माह में ही पारा 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है जो लोगों को झुलसा रहा है। गर्म हवाओं के बीच छात्र दोपहर को विद्यालय से लौटते हैं तो वह पस्त हो जाते हैं। अभिभावकों ने विद्यालयों के समय में परिवर्तन की गुहार लगाई है। इन दिनों मौसम लोगों की परीक्षा ले रहा है। सुबह होते ही गर्म हवाओं और तेज धूप से लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो जाते हैं तो दोपहर को सड़कों में सन्नाटा पसरा रहता है। अभिभावकों का कहना है कि इन दिनों जयनगर प्रखंड के भी अधिकांश स्कूलों में बच्चों की छुट्टी दोपहर में ही होती है इस कारण बच्चे काफी परेशानी का सामना कर रहे है। विद्यालय सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित किए जा रहे हैं। दोपहर 12 बजे वापस लौटने में छात्रों को लू और तेज धूप से जूझना पड़ रहा है विद्यालय से दोपहर में लौटने वाले छात्रों में बीमार होने का खतरा मंडरा रहा है। अभिभावकों ने विद्यालयों का समय सुबह 6:30 से 11 तक किए जाने की मांग की है।

### नौजवान कमेटी ने किया इफ्तार का आयोजन

**मरकच्चो :** प्रखंड मुख्यालय के मध्य पंचयात स्थित दरगाह मुहल्ला में नौजवान कमेटी के सौजन्य से दावत -ए -इफ्तार का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में आस पड़ोस के सैकड़ो रोजेदारो ने शिरकत किया। इफ्तार के पूर्व जामा मस्जिद मरकच्चो के ईमाम मौलाना मो रफीक आलम ने रोजेदारो के समक्ष अल्लाह से दुआ मांगी और देश व दुनिया में अमन चैन कायम हो इसकी कामना की। मौके पर मौलान मो रफीक आलम ने कहा कि अल्लाह के रसूल का फरमान है कि रोजेदार कि दुआ इफ्तार के वक़्त रद नहीं की जाती है।

### ट्रांसफार्मर जलने से एक सप्ताह से बिजली ठप



**जयनगर :** प्रखंड के गडगी पंचायत दक्षिणी टोला में एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर जलने के कारण ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया दक्षिणी टोला में लगभग चार सौ घर है। हम सभी इस बिजली के समस्या से काफी परेशान हैं। हमारी ना तो विधायक सुनते हैं, ना तो बिजली विभाग के अधिकारी। हमने कई बार सूचना दिया लेकिन हमारे पंचायत के लोगो के साथ बिजली विभाग सौतेला व्यवहार कर रही है। हम सबों के लिए काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं चिलचिलाती धूप में ग्रामीण घर से बाहर बैठने को मजबूर है, ना तो बिजली है ना तो पानी। पानी टंकी भी लगभग 3 वर्षों से खराब पड़ा है हम सभी ग्रामीण बिजली पानी की समस्या से काफी जूझ रहे हैं।

## न्यूज फटाफट

### फीबा करेगा ओलंपिक प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट का आयोजन



**मिस (स्विट्जरलैंड):** अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (फीबा) 40 टीमों के लिये 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों का रास्ता खोलने की खातिर इस साल ओलंपिक प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट का आयोजन करेगा। फीबा ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि उच्चतम रैंक वाली 12 टीमें जो ????बास्केटबॉल विश्व कप 2023 क्वालीफायर के दूसरे दौर के लिये क्वालीफाई नहीं कर पायी थीं, और 28 टीमें जिन्होंने दूसरे दौर में भाग लिया लेकिन 32-टीमों के विश्व कप में जगह नहीं बना सकीं, वे सभी टीमें इस आयोजन में हिस्सा लेंगी। इन 40 में से पांच टीम 2024 में होने वाले ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई करेंगे। प्री-क्वालीफाइंग प्रतियोगिता 12 से 20 अगस्त 2023 के बीच आयोजित की जायेगी और फीबा केंद्रीय बोर्ड 28-29 अप्रैल की बैठक में आयोजन के मेजबान का फैसला करेगा। टूर्नामेंट का ड्रॉ एक मई को जारी किया जायेगा। फीबा ओलंपिक प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये 40 टीमें : अफ्रीका से : कैमरून, कांगो डीआर, गिनी, माली, नाइजीरिया, सेनेगल, ट्यूनीशिया और युगांडा। अमेरिका से : अर्जेंटीना, बहामास, चिली, कोलंबिया, क्यूबा, पनामा, उरुग्वे और वर्जिन द्वीप समूह। एशिया से : बहरीन, चीनी ताइपे, भारत, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, दक्षिण कोरिया, सऊदी अरब और सीरिया। यूरोप से : बेल्जियम, बोस्निया और हर्ज़गोविना, क्रोएशिया, चेक गणराज्य, एस्टोनिया, हंगरी, आइसलैंड, इज़राइल, नीदरलैंड, उत्तर मैसेडोनिया, पोलैंड, पुर्तगाल, स्वीडन, तुर्की, यूक्रेन और बुल्गारिया।

### प्रीमियर हैंडबॉल लीग में शामिल हुए गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश, गर्वित गुजरात



**मुंबई:** भारत के पहले प्रमुख हैंडबॉल टूर्नामेंट प्रीमियर हैंडबॉल लीग (पीएचएल) ने गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश और गर्वित गुजरात के रूप में दो नयी टीमों के संयोजन की घोषणा बुधवार को की। आयोजकों ने एक विज्ञप्ति में बताया कि उत्तर प्रदेश की टीम का स्वामित्व अलीगढ़ के पावना ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के पास होगा, जबकि भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रूप कुमार नायडू की अध्यक्षता में गर्वित स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (जीएसपीएल) गुजरात की फ्रेंचाइजी का मालिक होगा। पावना ग्रुप के प्रबंध निदेशक स्वप्निल जैन एस्कस क्रिकेट में भी निवेशक हैं जो क्रिकेट बैट एवं अन्य सामान बनाती है। जैन ने प्रीमियर हैंडबॉल लीग का हिस्सा बनने के अपने फैसले पर कहा, हैंडबॉल एक लोकप्रिय खेल है, और भारत के अधिकतर स्कूलों ने इसे अपने खेल पाठ्यक्रम में शामिल किया है। लेकिन इसकी लोकप्रियता समय के साथ फीकी पड़ गई है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हैंडबॉल अपने मुकाम को फिर से हासिल करे, और पीएचएल के साथ हाथ मिलाकर हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने की उम्मीद करते हैं। एक कंपनी के रूप में हम लंबे समय से खेल उपकरण निर्माण में निवेश कर रहे हैं और हम युवाओं को खेल के करीब लाकर उनके जीवन में बदलाव लाना चाहते हैं। दूसरी ओर, नायडू हैंडबॉल के साथ 1979 से जुड़े हुए हैं।

**उपलब्धि** आईसीसी की बुधवार को जारी नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय पुरुष बल्लेबाजों की रैंकिंग में

# आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का टी20 रैंकिंग में जलवा बरकरार

- सूर्यकुमार 906 अंक के साथ शीर्ष पर हैं
- पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (798) पर 100 से भी अधिक अंक की बढ़त हासिल है
- सूर्यकुमार ने 2022 में टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया

एजेंसियां



**दुबई:** भारत के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय पुरुष बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे सूर्यकुमार 906 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उन्हें दूसरे स्थान पर मौजूद पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (798) पर 100 से भी अधिक अंक की बढ़त हासिल है। शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार ने 2022 में टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया।उन्होंने इस साल की शुरूआत में न्यूजीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। पूर्व कप्तान विराट कोहली 15वें स्थान के साथ बल्लेबाजों की सूची में अगले सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। वह भी अपनी पिछली रैंकिंग पर बरकरार हैं। गेंदबाजों में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह 14वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार एक स्थान के नुकसान से 19वें पायदान पर हैं। ऑलराउंडर की सूची में भारत के हार्दिक पंड्या बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। हारिस राउफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 10 विकेट के साथ शादाब खान को पछाड़कर पाकिस्तान के शीर्ष गेंदबाज बन गए हैं। उनके 906 अंक हैं। राउफ ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा टी20 श्रृंखला में लगातार दो मैच में चार-चार विकेट चटकाए। राउफ को पांच स्थान का फायदा हुआ है और वह 11वें पायदान पर हैं। इस बीच ईश सोढी (620) और शाहीन शाह अफरीदी (624) भी गेंदबाजी रैंकिंग में आगे बढ़े हैं। टेस्ट प्रारूप में श्रीलंका के बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या ने 13 स्थान की लंबी छलांग लगाई है। आयरलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 10 विकेट की बदौलत वह शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। जयसूर्या के नाम करियर के सर्वश्रेष्ठ 669 अंक हैं और वह टेस्ट प्रारूप में श्रीलंका के शीर्ष गेंदबाज बन गए हैं। आयरलैंड के खिलाफ दूसरी पारी में चार विकेट चटकाने वाले स्पिनर रमेश मेंडिस (576) को भी तीन स्थान का फायदा हुआ है और वह 32वें स्थान पर हैं।

## अर्जुन को विरासत में मिला है सचिन का स्वभाव : गावस्कर

एजेंसियां



**हैदराबाद:** दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने मुंबई इंडियन्स के नवागंतुक गेंदबाज अर्जुन तेंदुलकर की तारीफ करते हुए बुधवार को कहा कि उन्हें उनके पिता सचिन तेंदुलकर जैसा स्वभाव विरासत में मिला है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, हर कोई उस अद्भुत प्रतिभा के बारे में बात करता है जो सचिन तेंदुलकर ने अपने करियर की शुरुआत में दिखाई थी। लेकिन सही मायने में उनका स्वभाव बिल्कुल अद्भुत था और लगता है कि अर्जुन को यह विरासत में मिला है। मुंबई ने मंगलवार को रोमांचक मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 14 रन से मात दी। सनराइजर्स को 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिरी ओवर में 20 रन की दरकार थी और कप्तान रोहित शर्मा ने अर्जुन को गेंद सौंपी। अर्जुन ने इस ओवर में मात्र पांच रन दिये और अपने आईपीएल करियर का पहला विकेट लेकर मुंबई को जीत दिलाई। गावस्कर ने बुद्धिमता की तारीफ करते हुए कहा, एक युवा गेंदबाज का टीम के लिये सफल आखिरी ओवर फेंकना हमेशा एक अच्छा संकेत होता है। इसी बीच, गावस्कर ने राजस्थान रॉयल्स के वामहस्त बल्लेबाज शिमरन हेटमायर की तारीफ की जो कुछ समय से अपनी टीम के लिये मैच खत्म करते आ रहे हैं। हेटमायर ने हाल ही में अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ रॉयल्स के लिये एक मैच समाप्त किया था, हालांकि गावस्कर का मानना है कि अगर हेटमायर बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आते हैं तो वह अपनी टीम के लिये और मैच-जिताऊ पारियां खेल सकते हैं।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये वॉर्नर ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल

एजेंसियां



**मेलबर्न:** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और इंग्लैंड के विरुद्ध होने वाले शुरुआती दो टेस्ट मैचों के लिये सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को स्क्वाड में शामिल किया है। सीए के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए संवाददाताओं से कहा, वह (वॉर्नर) टेस्ट क्रिकेट में हमारे पिछले दो शानदार वर्षों को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतकर खत्म करना चाहते हैं और फिर एशेज़ पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। सीए ने हालांकि मार्कस हैरिस और मैट रेनशॉ को भी 17 सदस्यीय-स्क्वाड में शामिल किया है जो जरूरत पड़ने पर बतौर ओपनर वॉर्नर की जगह ले सकते हैं। वामहस्त बल्लेबाज वॉर्नर खराब फॉर्म की वजह से दबाव में चल रहे हैं। वह फरवरी 2023 में कोहनी की चोट के कारण भारत दौरे से वापस स्वदेश लौट गये थे और सात जून को होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में उनके खेलने पर संदेह था। ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड के ओवल मैदान पर होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत का सामना करना है, जिसके बाद उसका मुकाबला पांच मैचों की टेस्ट शृंखला में इंग्लैंड से होगा। बेली ने कहा कि चयनकर्ता इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट पूरे होने के बाद टीम का पुनर्मूल्यांकन करेंगे। चोट से जूझ रहे ऑलराउंडर मिचेल मार्श 2019 एशेज सीरीज के बाद पहली बार कैमरन ग्रीन के बैकअप के रूप में टेस्ट टीम में लौटे हैं, जबकि इंग्लैंड में जन्मे विकेटकीपर जोश इंगलिस ने भी टीम में जगह बनायी है। फरवरी-मार्च में भारत दौरे पर आये बल्लेबाज पीटर हैंड्सकॉम्ब, ऑलराउंडर एश्टन एगर, स्पिनर मिचेल स्वेपसन और मैट कुह्नमैन इंग्लैंड का टिकट नहीं कटा सके। इंग्लैंड में अपेक्षित विभिन्न परिस्थितियों के बावजूद ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी ने भारत में अपने पहले चार टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद नेथन लायन के बैकअप के रूप में टीम में अपना स्थान बनाये रखा है। इंग्लैंड दौरे के लिये ऑस्ट्रेलियाई स्क्वाड : पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जॉश हेजलवुड, ट्राविस हेड, जॉश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मारनस लाबुशेन, नेथन लायन, मिचेल मार्श, टॉड मर्फी, मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, डेविड वार्नर।

## मेरिट के आधार पर हो कास्टिंग


# प्रियंका चोपड़ा



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का कहना है कि कोई कैंप बॉलीवुड पर राज नहीं कर सकता और मेरिट के आधार पर कास्टिंग होनी चाहिये। प्रियंका चोपड़ा ने कहा कि बॉलीवुड में लोगों का चुनाव मेरिट के आधार पर होना चाहिए न कि पॉलिटिक्स के आधार पर।कोई कैंप बॉलीवुड और फिल्मों पर राज नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा, ''पिछले 5-10 सालों में फिल्म इंडस्ट्री में काफी बदलाव हुए हैं। इंडस्ट्री में बाहर से काफी टैलेंटेड लोग आ रहे हैं। फिल्मों में कास्टिंग योग्यता के आधार पर होनी चाहिए न कि पॉलिटिक्स के आधार पर। कोई भी कैप बॉलीवुड या कास्टिंग को लेकर रूल नहीं कर सकता।फिल्मों में कास्टिंग इस आधार पर भी होनी चाहिए कि आपकी ऑडियंस क्या देखना चाहती है। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी इंटरनेशनल सीरीज 'सिटाडेल' को लेकर चर्चा में है। सिटाडेल का प्रीमियर 28 अप्रैल को किया जाएगा। सिटाडेल को 06 एपिसोड में तैयार किया गया है।

## आदिपुरुष का 13 जून को न्यूयॉर्क में ट्रिबेका फेस्टिवल में होगा वर्ल्ड प्रीमियर



एजेंसियां

**मुंबई:** दक्षिण भारतीय स्टार प्रभास की आने वाली फिल्म आदिपुरुष का वर्ल्ड प्रीमियर 13 जून को न्यूयॉर्क में ट्रिबेका फेस्टिवल में होगा। ओम राउत निर्देशित फिल्म आदिपुरूष में प्रभास, कृति सैनन, सैफ अली खान और सनी सिंह ने मुख्य भूमिका निभायी है। न्यूयॉर्क में ट्रिबेका फेस्टिवल में आदिपुरूष का वर्ल्ड प्रीमियर 13 जून को होगा, जबकि यह फेस्टिवल 07 से 18 जून तक चलेगा। यह फिल्म दुनिया भर में 16 जून को रिलीज होगी। आदिपुरुष टी-सीरीज़ के भूषण कुमार और कृष्ण कुमार, ओम राउत, प्रसाद सुतार और रेट्रोफाइल्स के राजेश नायर द्वारा निर्मित है। फिल्म के निर्देशक ओम राउत ने कहा, '' आदिपुरूष एक फिल्म नहीं पर एक भाव है। एक ऐसी कहानी के लिए हमारा नजरिया है जो भारत की भावना के साथ जुड़ा है। आदिपुरुष को दुनिया के प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल्स में से एक के सम्मानित जूरी द्वारा चुना गया है।ट्रिबेका फेस्टिवल का यह प्रीमियर वास्तव में मेरे लिए और पूरी टीम के लिए बहुत खास है क्योंकि हमें वैश्विक स्तर पर एक ऐसी कहानी दिखाने का मौका मिला है जो हमारी संस्कृति में गहराई तक समाई हुई है।

## फिटनेस ट्रेनर ने शेयर किया दीपिका पादुकोण का वर्कआउट वीडियो

एजेंसियां



**मुंबई:** फिटनेस ट्रेनर यास्मीन कराचीवाला ने दीपिका पादुकोण का वर्कआउट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। दीपिका को बॉलीवुड की फिट अभिनेत्रियों में में से एक माना जाता है। दीपिका का एक वर्कआउट वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वह पिलाटेस करती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो को दीपिका की फिटनेस ट्रेनर यास्मीन कराचीवाला ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो में दीपिका पिलाटेस मशीन के साथ एक्सरसाइज कर रही हैं। यास्मीन ने बताया की 'मूवमेंट ऑन द रोलर एक्सरसाइज' उन लोगों के लिए एक टूल है जो ट्रेवल करना और फिट रहना पसंद करते हैं। इसके अलावा इस पिलाटेस मशीन को आप कही भी ले जा सकते हैं।ट्रेनर ने दीपिका के वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'दीपिका पादुकोण का मूवमेंट ऑन द रोलर पिलाटेस रूटीन, ऊर्जा और सकारात्मकता के साथ शुरू करने का एक सही तरीका। इस वीडियो पर दीपिका ने कमेंट करते हुए लिखा, 'मेरे बारे में कुछ अच्छी बातें भी कहो ना..जैसे मैं बहुत मेहनती हूं, मेरे पास सबसे अच्छा फॉर्म है, मैं तुम्हारी सबसे अच्छी स्टूडेंट हूं।

### सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान का बीटीएस वीडियो वायरल



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की आने वाली फिलम ह्यकिसी का भाई किसी की जानह्न के एक्शन शूटिंग सीक्वेंस का एक बीटीएस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। सलमान खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म के एक्शन शूटिंग सीक्वेंस का एक बीटीएस वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है इस वीडियो में सलमान फिल्म के विलेन के साथ फाइट का सीन फिल्मा रहें हैं। सलमान खान बीटीएस वीडियो में जगपति बाबू और विजेंद्र सिंह के साथ धमाकेदार एक्शन सीन करते नजर आ रहें हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म अजीत कुमार की वीरम का रीमेक है। गौरतलब है कि फिल्म किसी का भाई किसी की जान का निर्देशन फरहाद सामजी ने किया है।

## आयुष्मान खुराना लेकर आ रहे हैं रातां कलिया



एजेंसियां

**मुंबई:** फिल्म निर्माता भूषण कुमार, अभिनेता आयुष्मान खुराना और संगीतकार रोचक कोहली की हिट म्यूजिकल जोड़ी नया गाना रातां कालियां लेकर आ रही है। भूषण कुमार, आयुष्मान खुराना और रोचक कोहली रोमांटिक सिंगल, रातां कालियां के लिए फिर से साथ आ रहे हैं, जिसे आयुष्मान खुराना ने गाया है, और रोचक कोहली द्वारा संगीतबद्ध किया गया है। इस गाने को गुरप्रीत सैनी और गौतम जी शर्मा द्वारा लिखा गया है, उन्होंने भूषण कुमार के साथ मिलकर ह्यरातां कालियांह्न की सुंदर धुन तैयार की। भूषण कुमार ने कहा, ''आयुष्मान खुराना भारत के सर्वोत्कृष्ट अभिनेता-कलाकार हैं और हम सभी चाहते हैं कि वह अधिक ज्यादा से ज्यादा गाएं क्योंकि लोग उनके गीतों को पसंद करते हैं! हम उसके साथ फिर से सहयोग करने के लिए रोमांचित हैं। रोचक कोहली एक ऐसे संगीतकार हैं, जिन्होंने हिट होने वाले रोमांटिक नंबरों में महारत हासिल की है।

## प्रदेश >> अपडेट

### ट्रेन से गिर कर दो युवकों की मौत

**शाहजहांपुर** : उत्तर प्रदेश शाहजहांपुर जिले के रोजा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिर कर दो युवकों की मौत हो गई। मृतक कानपुर के निवासी थे। शाहजहांपुर जीआरपी प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बुधवार को बताया कि रोजा रेलवे स्टेशन तेल डिपो के पास दो शव पड़े होने की सूचना जीआरपी पुलिस मिली थी। शवो की पहचान कर उनके घरों पर सूचना भेज दी गयी है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### विधानसभा परिसर में डॉ अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

**भोपाल** : मध्यप्रदेश विधानसभा परिसर में आज भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण हुआ। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह एवं गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### खट्टर ने अनुराग को एनडीए परीक्षा में टाप करने पर बधाई दी

**चंडीगढ़** : हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार चरखी दादरी जिले के चंदेनी गांव के अनुराग सांगवान को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की परीक्षा में देशभर में प्रथम प्रयास में टॉप करने पर बधाई दी है। श्री खट्टर ने ट्वीट कर कहा कि देश के ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रतिभाओं की बिल्कुल कमी नहीं है। अनुराग सांगवान ने एनडीए की परीक्षा में प्रथम आकर यह बात साबित कर दी है। उन्होंने अनुराग और उनके पिता को फोन पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धि पर आज प्रत्येक हरियाणवी गर्व कर रहा है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### उत्तराखंड में चचेरे भाई का हत्यारा गिरफ्तार

**नैनीताल**: उत्तराखंड के पिथौरागढ़ पुलिस ने पीट-पीट कर चचेरे भाई की हत्या करने वाले को गिरफ्तार कर लिया है। पिथौरागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धारचूला के सुवाखिन गांव में सोमवार को चचेरे भाइयों देवेंद्र सिंह और रूप सिंह में मामूली सी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसी बीच देवेंद्र सिंह ने रूप सिह की पीट पीट कर हत्या कर दी। मृतक के पिता मदन सिंह की ओर से इस मामले में धारचूला पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने हत्या के मामले में अभियोग दर्ज कर थानाध्यक्ष कुंवर सिंह की अगुवाई में एक टीम का गठन किया। टीम ने देवेंद्र सिंह को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि दोनों में मोबाइल के पैसे के लेन-देन को लेकर झगड़ा हुआ था। आरोपी को आज न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### जम्मू-कश्मीर में वर्षा और हिमपात

**श्रीनगर** : केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में भारी वर्षा और पहाड़ी क्षेत्रों में ताजा हिमपात हुआ, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के अधिकांश स्थानों पर आज शाम को हल्की से मध्यम बारिश और हिमपात होने के आसार हैं। इसके अलावा, 20-22 अप्रैल को यहां अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने के अनुमान हैं और 25 अप्रैल तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान हैं। मौसम एजेंसी के अनुसार, कुपवाड़ा, बंदीपोरा, जोजिला और पीर पंजाल के ऊपरी इलाकों में ताजा बर्फबारी होने से यहां का तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गयी।

---

**विवाद** सत्यपाल मलिक और जनरल चौधरी के बयान से दबा मामला चर्चा में

# पुलवामा पर श्वेत पत्र जारी करे केंद्र सरकार : कांग्रेस

- दो पूर्व सैन्य अधिकारी भी मांग में शामिल
- विमान नहीं देने का फैसला किस स्तर का
- बाकी पर बयान आया तो इसपर चुप्पी क्यों



**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्ली:** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्य पाल मलिक द्वारा किए गए चौंकाने वाले खुलासे के बाद कांग्रेस पार्टी ने पुलवामा आतंकी हमले पर एक श्वेत पत्र की मांग की है कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को आसानी से निशाना बनाया जा सकता है। नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू से श्रीनगर तक विमान से यात्रा करने के उनके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। दरअसल श्री मलिक के बयान के बाद पूर्व थलसेनाध्यक्ष जनरल शंकर राय चौधरी ने भी इस पर साफ साफ कहा है कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को नैतिक जिम्मेदारी लेना चाहिए। पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, कांग्रेस नेताओं शक्तिसिंह गोहिल, कर्नल (सेवानिवृत्त) रोहित चौधरी और विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) अनुमा आचार्य ने 40 सीआरपीएफ जवानों की मौत के परिणामस्वरूप मोदी सरकार पर गंभीर सवाल उठाए। इस विषय पर पूर्व में जब राहुल गांधी ने सवाल किया था तो उन्हें सेना का मनोबल तोड़ने वाला और पाकिस्तान को मदद पहुंचाने वाला करार दिया गया था। अब हालत यह है कि मोदी सरकार द्वारा राज्यपाल नियुक्त किए गए भाजपा नेता मलिक द्वारा किए गए खुलासे पर केंद्र सरकार और भाजपा ने चुप्पी साध रखी है। उन्होंने पूर्व सेना प्रमुख जनरल शंकर रॉयचौधरी के विचारों का जवाब नहीं दिया है, जिन्होंने कहा था, पुलवामा में जानमाल के नुकसान की प्राथमिक जिम्मेदारी प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार की है, जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सलाह देते हैं। दोनों सैन्य दिग्गजों ने कहा कि पिछले आतंकवादी हमलों, जैसे 2011 के मुंबई बम विस्फोट और 2016 में पठानकोट हमले में पूछताछ की गई और निष्कर्ष सार्वजनिक किए गए। उन्होंने कहा कि सच्चाई को स्थापित करने, जिम्मेदारी तय करने और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए यह आवश्यक था। कांग्रेस प्रवक्ताओं ने कहा कि हम मांग करते हैं कि भारत सरकार पुलवामा हमलों पर एक श्वेत पत्र प्रकाशित करे, जिसमें यह बताया जाए कि हमले कैसे हुए, सैनिकों को विमान से वंचित क्यों किया गया, सुरक्षा में क्या चूक हुई।

### गहलोत ने रक्तदान शिविर के पोस्टर का किया विमोचन

**जयपुर** : राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को जैम सिटी रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया। गहलोत ने मुख्यमंत्री निवास पर इसका विमोचन किया। इस मौके उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के जरिए जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिलने से नया जीवन मिलता है। उन्होंने आमजन से रक्तदान के लिए अपील भी की। जैम सिटी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 19वां रक्तदान शिविर 30 अप्रैल को संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल अस्पताल के अवेदना आश्रम में आयोजित होगा। पोस्टर विमोचन के अवसर पर ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक संजय काला, महासचिव दिनेश गोदिका, शिविर के मुख्य समन्वयक रवि जैन, अनिल कुमार सेठी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

मीडिया काउंसिल बनाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री व गृह मंत्री को ज्ञापन दिए जाएंगे

## पत्रकार सुरक्षा कानून की जरूरत है: रास बिहारी



**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्ली:** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) और दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ने पत्रकारों के लिए सुरक्षित माहौल में काम करने के लिए केंद्र सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून और नेशनल रजिस्टर फॉर जर्नलिस्ट्स बनाने का मांग की है। इसके साथ ही दोनों संगठनों ने मीडिया में बड़े पैमाने पर हो रहे बदलावों के मद्देनजर मीडिया काउंसिल और मीडिया कमीशन के गठन की मांग की है। पत्रकार संगठनों की तरफ से राज्यों में पत्रकारों को मान्यता देने के मामले में भेदभाव बरतने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में रिट डालने का फैसला किया गया है। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स से संबद्ध एनयूजे-आई के अध्यक्ष रास बिहारी ने बुधवार को आयोजित एक बैठक में कहा कि प्रयागराज में पत्रकार बनकर बदमाशों द्वारा माफिया सरगना और उसके भाई की हत्या के बाद मीडिया के सामने बड़ी समस्या आ रही है। उन्होंने कहा कि मीडिया के लिए तो पहले सही दिशा-निर्देश बने हुए है। जरूरत तो फर्जी खबरों और फर्जी पत्रकारों पर रोक लगाने की है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारें दिशा निर्देश बनाएं। बैठक में एनयूजे के महासचिव प्रदीप तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ. अरविन्द सिंह, सचिव अमलेश राजू, दिल्ली पत्रकार संघ के संयोजक राकेश थपलियाल, सहसंयोजक प्रमोद कुमार, के पी मलिक, वरिष्ठ पत्रकार मनोज वर्मा, मुकेश वत्स, प्रतिभा शुक्ल, संतोष सूर्यवंशी, प्रदीप श्रीवास्तव, अनुराग पुनैठा, अतुल मिश्र, रविन्द्र मिश्र, नेत्रपाल शर्मा आदि ने विचार रखे।

एनयूजे अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा कि फर्जी पत्रकारों और फर्जी खबरों पर पत्रकार सुरक्षा कानून और राष्ट्रीय पत्रकार रजिस्टर बनाकर रोक लगाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि राज्यों में मीडिया कर्मियों के साथ मान्यता देने में भेदभावपूर्ण नीति अपनाए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी दुबे के माध्यम से रिट दायर की जाएगी। इस अवसर अश्वनी दुबे ने मीडिया के स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ काम करने के लिए सुरक्षा कानून की आवश्यकता है। एनयूजे महासचिव प्रदीप तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार को मीडिया में बदलावों को देखते हुए तुरंत प्रभाव से मीडिया काउंसिल का गठन करना चाहिए। कोषाध्यक्ष डॉ अरविन्द सिंह ने कहा कि देश में दो प्रेस आयोग का गठन किया गया। अब मीडिया की स्थिति का अध्ययन करने के लिए मीडिया कमीशन बनाने की आवश्यकता है।

## कांग्रेस में बड़ा नेता बनने की लगी होड़, दिए जा रहे ऊटपटांग बयान : शिवराज



**एजेंसियां**

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी दल में खुद को 'बड़ा नेता' साबित करने की होड़ लगी है और इसी क्रम में ऊटपटांग बयान भी दिए जा रहे हैं। चौहान ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा कि ये अत्यंत शर्मनाक है कि रानी कमलापति के बारे में अपमानजनक बयान देने के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह माफी नहीं मांग रहे, बल्कि फिर ऊटपटांग बयान दे रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ भी अजब-गजब हैं। वो भी उनका समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रानी कमलापति लाखों लाख लोगों की श्रद्धा की केंद्र हैं। कांग्रेस श्रद्धाकेंद्रों और जनजातीय नायकों का अपमान करती है क्योंकि उन्हें सिर्फ एक खानदान दिखता है। नेता प्रतिपक्ष इस प्रकार अपमान करने के बाद कह रहे हैं कि अब वे बड़ा नेता बन गए हैं। क्या बड़ा नेता बनने के लिए ऊटपटांग बयान दिए जाएंगे। चौहान ने कहा कि कांग्रेस में होड़ लगी है बड़ा नेता बनने की। कोई विधानसभा में झूठ बोल के निलंबित होता है। कोई नियमावली फाड़ कर बड़ा बनने की कोशिश करता है। कोई दिव्यांग को मार के बड़ा बनने की कोशिश करता है। कोई ऐसा बयान देता है कि मुस्लिमों की संख्या कम हो रही है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में कमलनाथ को लगता है कि वो छोटे नहीं रह जाएं। वे खातेगांव में जा के बोलते हैं कि वहां के मतदाता नशे में हैं क्योंकि लगातार भाजपा को जिता रहे हैं। क्या ये मतदाताओं का अपमान नहीं है। कांग्रेस की जनता के प्रति ऐसी सोच है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की गुटबाजी में एक-दूसरे को छोटा बनाने के लिए ऊटपटांग बयान देने का अभियान चल रहा है। प्रदेश के राजनीतिक इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ।

## जोशी ओबीसी मोर्चे के जिला स्तरीय सम्मेलन में लेंगे भाग



**एजेंसियां**

**अजमेर** : राजस्थान के अजमेर जिले के पुष्कर में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चे का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी एवं केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी शिरकत करेंगे। अजमेर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक सिंह रावत के अनुसार पुष्कर के गुर्जर भवन में आयोजित होने वाले इस जिला स्तरीय सम्मेलन की तैयारियां पूरी कर ली गई। प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना स्वयं पूरे सम्मेलन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सम्मेलन में मोर्चे से जुड़े विधायक व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर ओबीसी मोर्चे के इस सम्मेलन को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उधर अजमेर के घूघरा स्थित पैराडिजो रिसोर्ट में भाजपा का अजमेर संभाग स्तरीय सम्मेलन होगा और सायं किशनगढ़ में प्रबुद्धजन सम्मेलन होगा। इन दोनों में श्री जोशी के अलावा भाजपा संगठन महामंत्री चंद्रशेखर भी भाग लेंगे।

**ड्रोन तकनीक** भारत में ड्रोन के उपयोग को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है

## किसानों की दिक्कतें ड्रोन करेगा दूर, खेती होगी दमदार

**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली** : भारत में ड्रोन के उपयोग को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है और देश की कृषि व्यवस्था में ड्रोन तकनीक ना केवल फसल की गुणवत्ता को बढ़ाने में बल्कि ओलावृष्टि या बाढ़ की आपदा में नुकसान के आकलन एवं बीमा दावों के निपटारे में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ड्रोन तकनीक दरअसल किसानों की सबसे बड़ी मित्र तकनीक साबित हो रही है। ड्रोन के साथ फसलों के गहन पड़ताल या एमआरआई तकनीक के प्रयोग से यूरिया एवं कीटनाशकों के सटीक उपयोग और फसल के सर्वाधिक पोषक होने के बारे में भी पता चल जाता है और इससे



उत्पादकता एवं पोषणीयता भी बढ़ाने में मदद मिलती है। भारतीय ड्रोन महासंघ के संस्थापक एवं देश की पहली ड्रोन पायलट प्रशिक्षण अकादमी ड्रोन डेस्टीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिराग शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक का उपयोग क्रांतिकारी परिणाम लाने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि किसानो एवं सरकार के लिए सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि ड्रोन के सर्वेक्षण संबंधी उपयोग से किसान फसल बीमा के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद मिलने वाली है। ड्रोन में लगे शक्तिशाली कैमरे खेतों में बाढ़ या ओलावृष्टि आदि कारणों से फसलों के नुकसान का सटीक विवरण देने में सक्षम हैं जिससे दावा निपटारे में कम जद्दोजेहद करनी पड़ेगी और बिना किसी विवाद के सही राशि का भुगतान करना संभव होगा। शर्मा के अनुसार किसानों के लिए स्प्रे ड्रोन बहुत उपयोगी होते हैं। इससे नैनो यूरिया के छिड़काव एवं कीटनाशकों के प्रयोग को नियंत्रित किया जाता है। ड्रोन में एमआरआई तकनीक यानी एग्री हेल्थ स्कैन लगाने से समय समय पर किसान फसल की जानकारी लेता रहेगा और उसे पता चलता रहेगा कि फसल में किस समय पोषण सबसे अधिक होगा और उसे काटने का सही समय क्या है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चीनी मिलों को एक नयी समस्या देखने में आयी है कि गन्ने में सुक्रोज की मात्रा पर्याप्त नहीं होने के कारण एक क्विंटल चीनी की उत्पादकता में पहले से अधिक गन्ने लग रहे हैं। यदि ड्रोन से एग्री हेल्थ स्कैन सर्वेक्षण कराया जा सके तो पता चल पाएगा कि किस समय गन्ने में सुक्रोज सर्वाधिक है। किसान उसी वक्त गन्ना काटने का समय तय कर ले तो इस समय गन्ने से शर्करा 40 से 45 प्रतिशत निकलती है, वह उत्पादकता 80 से 85 प्रतिशत तक हो सकती है।

---

## न्यूज फटाफट

### सूडान: झड़प में 30 नागरिकों की मौत, 245 घायल

**खार्तून** : सूडान में सेना और रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच झड़प में 30 नागरिकों की मौत हुयी है तथा 245 लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी सूडान की केंद्रीय समिति के डॉक्टरों ने बुधवार को दी। डॉक्टरों के मुताबिक सेना और आरएसएफ के लड़ाकों के बीच मंगलवार को हुई झड़प में कम से कम 30 नागरिक मारे गए और 245 अन्य घायल हो गए। सूडान की सेना तथा आरएसएफ के बीच शनिवार को राजधानी खार्तून तथा देश के अन्य हिस्सों में हुयी थी। सरकारी बलों ने आरएसएफ पर विद्रोह करने का आरोप लगाया और उसके ठिकाने पर हवाई हमला किया। समिति ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''18 अप्रैल को नारे गए नागरिकों तथा घायल हुए नागरिकों की संख्या क्रमशः 30 तथा 245 है।''

### चीन के पास 2035 तक 1,500 परमाणु हथियार होंगे : नाटो महासचिव

**मॉस्को** : उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने मंगलवार को कहा कि चीन के पास 2035 तक करीब 1,500 परमाणु हथियार होंगे लिहाजा गठबंधन को ''अधिक खतरनाक और प्रतिस्पर्धी दुनिया'' के लिए अपने दृष्टिकोण पर पुनर्विचार करने और इसे अपनाने की जरूरत है। शस्त्र नियंत्रण, निरस्त्रीकरण और सामूहिक विनाश अप्रसार के हथियारों पर 18वें वार्षिक नाटो सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुये स्टोलटेनबर्ग ने कहा, ''रूस हमारी सुरक्षा के लिए सबसे सीधा खतरा है। लेकिन व्यापक वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य भी परेशान कर रहा है। चीन अपनी क्षमताओं के बारे में बिना किसी पारदर्शिता के अपने परमाणु शस्त्रागार को तेजी से बढ़ा रहा है। ईरान और उत्तर कोरिया खुले तौर पर अपने स्वयं के परमाणु कार्यक्रम और वितरण प्रणाली विकसित कर रहे हैं। लंबी अवधि में, हमें एक अधिक खतरनाक और प्रतिस्पर्धी दुनिया के लिए अपने दृष्टिकोण पर फिर से विचार करने और उसे अनुकूलित करने की आवश्यकता है। और इसका मतलब चीन के साथ मुकाबला है। जिसके पास 2035 तक 1,500 परहमाणु हथियार होने का अनुमान है।

### बस के खाई में गिरने से 2 की मौत, 6 घायल

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत के जमशोरो जिले में मंगलवार को एक यात्री बस के खाई में गिर जाने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गये। बचाव सेवा ने कहा कि दुर्घटना जिले के नूरीबाद इलाके में सुपर हाईवे पर हुई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना का कारण चालक को नींद आ जाना हो सकता है। बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। बचाव सेवा ने कहा कि चार यात्रियों की हालत गंभीर है ,मृतकों में एक 23 वर्षीय महिला है जबकि घायलों में चार बच्चे और दो युवा शामिल हैं। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त बस प्रांत के सुक्कुर शहर से प्रांतीय राजधानी कराची की ओर जा रही थी।

### मेटा चार हजार कर्मचारियों की छंटनी करेगा : रिपोर्ट

**वाशिंगटन** : मेटा (रूस में चरमपंथी संगठन के तौर पर प्रतिबंधित) चार हजार कर्मचारियों की छंटनी करने की तैयारी कर रहा है। समाचार एजेन्सी वोक्स में प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि छंटनी की घोषणा अगले एक दो दिन में की जाएगी। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि मेटा ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। मेटा ने इससे पहले नवंबर में 11,000 नौकरियों में कटौती की थी, लेकिन कंपनी के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने मार्च में कहा था कि आने वाले महीनों में और 10,000 छंटनी होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 के अंत तक मेटा में करीब 86,000 कर्मचारी थे।

### मेने शहर में गोलीबारी में चार की मौत,तीन घायल

**वाशिंगटन** : अमेरिका के मेने प्रांत में मंगलवार को गोलीबारी की दो अलग अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये। पुलिस को मंगलवार सुबह बॉडॉइन के एक घर में बुलाया गया था जहां उन्होंने कहा कि चार लोग मृत पाए गए हैं। इसके तुरंत बाद, यारमाउथ में अंतरराज्यीय मार्ग 295 पर कथित तौर पर गोलियां चलीं। जिसमें तीन लोग घायल हो गए ये सभी लोग वाहनों के अंदर थे। इस सिलसिले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है लेकिन उसकी पहचान उजागर नहीं की गई है। मेने राज्य पुलिस ने पुष्टि की है कि दोनों घटनायें गोलीबारी संबंधित थी, लेकिन दोनो घटनाओं का मकसद साफ नहीं हो पाया है। मेने के गवर्नर जेनेट मिल्स ने मंगलवार दोपहर ट्वीट किया कि वह ''हैरान और बेहद दुखी हैं।'' मिल्स ने लिखा, ''हिंसा की ऐसी घटनाएं, जिनका हमने आज अनुभव किया है, हमारे राज्य और हमारे समुदायों को अंदर तक झकझोर कर रख देती हैं।''

### बीजिंग के अस्पताल में आग लगने से 21 की मौत

**बीजिंग**: चीन में बीजिंग के फेंगताई जिले में एक अस्पताल में आग लगने से 21 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। यह जानकारी जिला अग्निशमन और बचाव विभाग ने दी। विभाग के सूत्रों ने बताया कि अग्निशामकों को मंगलवार दोपहर 12:57 बजे बीजिंग चांगफेंग अस्पताल के रोगी विभाग की इमारत में आग लगने की सूचना मिली। दोपहर 1:33 बजे आग बुझा दी गयी इस दौरान 71 मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। शाम 6 बजे तक 21 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी थी। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### इराक में चार आईएस आतंकवादी ढेर

**बगदाद** : इराक के उत्तरी प्रांत किरकुक में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के ठिकाने पर मंगलवार को हवाई हमले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के चार आतंकवादी मारे गए। इराकी सेना ने यह जानकारी दी। इराकी ज्वाइंट ऑपरेशंस कमांड से संबद्ध सुरक्षा मीडिया सेल के एक बयान के अनुसार खुफिया रिपोर्टों के आधार पर इराकी युद्धक विमानों ने इसी नाम की प्रांतीय राजधानी किरकुक के दक्षिण-पश्चिम में बगदाद से लगभग 250 किमी उत्तर में वाडी अल-शे के बीहड़ क्षेत्र में हवाई हमला किया। बयान में कहा गया है कि हवाई हमले में आईएस के चार आतंकवादी मारे गए और उनके ठिकाने नष्ट हो गए। वर्ष 2017 में आईएस की हार के बाद से इराक में सुरक्षा स्थिति में सुधार हुआ है।

## आज का इतिहास

- 1712: जहांदर शाह में दिल्ली की गद्दी पर बैठा।
- 1888: उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में ओले गिरने से 246 लोगों की मौत।
- 1920: अलबामा और मिसीसीपी में ये तूफान से 220 लोगों की मौत।
- 1939: जर्मनी में तानाशाह एडोल्फ हिटलर के 50वें जन्मदिन को राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया गया।
- 1940: आरसीए द्वारा पहला इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप दिखाया गया था।
- 1953: कोरिया और संयुक्त राष्ट्र सेना के बीच बीमार युद्ध बंदियों का आदान प्रदान हुआ था।
- 1960: एयर इंडिया के बेड़े में पहला जेट विमान बोइंग 707 शामिल हुआ।
- 1971: भारत ने अपना पहला टेस्ट क्रिकेट मैच जीता।
- 1972: अपोलो-16 अभियान छह घंटों तक संकट से जूझने के बाद चंद्रमा पर उतर गया।
- 1992: दुनिया का सबसे बड़ा मेला एक्सपो '92, सेविले, स्पेन में खोला गया।
- 1997: इन्द्र कुमार गुजराल भारत के 12वें प्रधानमंत्री बने।
- 2006: भारत ने अपना पहला विदेशी सैन्य अड्डा ताजिकिस्तान में स्थापित करने की घोषणा की।
- 2008: महाराष्ट्र भाजपा के नेता और राष्ट्रीय महासचिव गोपीनाथ मुण्डे ने 2008 में अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

## इडी की पांच दिन की रिमांड

रांची : रांची के बरियातू स्थित सेना की जमीन और चेशायर होम रोड की भूमि की खरीद बिक्री के आरोपियों की रिमांड अवधि होने पर सभी को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस दौरान इडी की ओर से आरोपियों को दोबारा 5 दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत मांगी गई। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इससे पहले भी गिरफ्तार हुए सभी अभियुक्तों से एऊने चार दिनों तक पूछताछ की है।

**दबिश** वीरेंद्र राम के खिलाफ ईडी की बड़ी कार्रवाई

# फार्म हाउस और डिफेंस कॉलोनी के घर सहित 39.28 करोड़ की सम्पत्ति की जब्त



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विकास और ग्रमीण विकास विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र कुमार राम के खिलाफ ईडी बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 39.28 करोड़ की सम्पत्ति जब्त कर ली। ईडी ने वीरेंद्र कुमार राम के पिता गेंदा राम के नाम पर खरीदे गए छतरपुर के फार्म हाउस और दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी में खरीदे गए मकान को जब्त कर लिया है। दिल्ली समेत अन्य शहरों में वीरेंद्र राम की बनाई अचल संपत्ति को पीएलएमए प्रावधानों के तहत जब्त किया गया है। वीरेंद्र राम की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई से जुड़ी एक रिलीज भी ईडी के द्वारा जारी किया गया है।

### 18 करोड़ कैश देकर खरीदी गई थी छतरपुर की प्रापर्टी:

ईडी की जांच में बात सामने आयी कि छतरपुर की प्रापर्टी वीरेंद्र ने 18 करोड़ कैश देकर खरीदी थी। जबकि इस प्रापर्टी का बाजार मूल्य 30 करोड़ के करीब है। ईडी ने प्रॉपर्टी के मालिक का बयान भी दर्ज किया है। इस प्रॉपर्टी की खरीद वीरेंद्र राम ने अपने पिता गेंदा राम के नाम पर की थी, जबकि गेंदा राम सेवानिवृत शिक्षक हैं। उनके खातों से पैसे दिल्ली के सीए मुकेश समेत कइयों के खाते में भेजे गए थे। एक माह में ही गेंदा राम के खाते से तकरीबन 5.50 करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन दिसंबर 2022 से जनवरी 2023 के बीच हुआ था। ईडी की पूछताछ में गेंदा राम यह नहीं बता पाए थे कि इन पैसों का क्या स्त्रोत है। वहीं दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी का मकान भी तकरीबन चार करोड़ कैश देकर वीरेंद्र राम ने 2019 में खरीदा था। डिफेंस कॉलोनी के मकान की खरीद पत्नी राजकुमारी के नाम पर वीरेंद्र राम ने की थी।

### 22 अप्रैल के पूर्व चार्जशीट

ईडी 22 अप्रैल के पूर्व इस केस में वीरेंद्र राम और अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट भी दायर करेगी। 22 फरवरी को ईडी ने झारखंड में सरकारी ठेकों में कमीशन के जरिए उगाही के मामले में वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में हैं। अब तक के अनुसंधान में ईडी ने कई कंपनियों में इंवेस्टमेंट, ठेकों में कमीशनखोरी, वरीय अफसरों और नेताओं के सांठगांठ के जरिए 250 करोड़ से अधिक के कमाई के साक्ष्य जुटाए हैं।

# झारखंड बंद के कारण नहीं खुली बसें, यात्री कर रहे बस खुलने का इंतजार

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** नियोजन नीति के मुद्दे पर झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के आह्वान पर आज झारखंड बंद है। झारखंड बंद से रांची से दूसरे जिलों के लिए खुलने वाली बसों के परिचालन पर व्यापक असर पड़ा है। पटेल चौक के पास स्थित सरकारी बस स्टैंड से भी बस सेवा प्रभावित हुआ है। इस बस स्टैंड से भी अलग-अलग जिलों के लिए खुलने वाली डीलक्स बसों के परिचालन में कमी आयी है।बस संचालकों ने एहतियात के तौर पर रांची से झारखंड के अलग-अलग जिलों और बिहार के नवादा, गया जैसे सीमावर्ती जिलों के लिए सुबह में खुलने वाली बसों का परिचालन बंद कर रखा है। रांची से कोडरमा, चाईबासा, चतरा, सिमडेगा, गया, नवादा सहित कई जिलों के लिए बसें नहीं खुल रही है।बसों का परिचालन नहीं होने से वैसे यात्री जो रांची के बिरसा मुंडा अंतर राज्यीय बस टर्मिनल, कांटा टोली पहुंच गए हैं, उनकी परेशानी बढ़ गयी है। बड़ी संख्या में यात्री बस स्टैंड पर ही बैठकर बस खुलने का इंतजार कर रहे हैं। कुछेक बस संचालकों ने शाम में बसें खुलने का भरोसा भी इन्हें दिलाया है। रांची में सिर्फ बिरसा मुंडा बस स्टैंड से ही हर दिन ढाई-तीन सौ बसें अलग-अलग जिलों के लिए खुलती है। वहीं क्ळकबस स्टैंड से भी पलामू, लोहरदगा, लातेहार, गढ़वा, गुमला, खूंटी सहित कई जिलों के लिए पांच दर्जन से अधिक बसें खुलती है। ऑटो संघ द्वारा छात्रों के बंद के समर्थन में ऑटो सेवा बंद रखने की घोषणा का असर यह हुआ है कि राजधानी में ऑटो सेवा भी ज्यादातर बंद है। वहीं ई रिक्शा का परिचालन भी नहीं हो रहा है। नगर निगम द्वारा कई रूटों पर चलाई जा रही सिटी बस सेवा पर भी झारखंड बंद का असर पड़ा है। ज्यादातर रूटों पर नगर निगम की सिटी बसें नहीं चल रही है और यात्री परेशान हैं।

# बंद समर्थकों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज, तीन दर्जन हिरासत में

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी में बुधवार को बंद समर्थकों पर ने लाठीचार्ज किया। मोरहाबादी मैदान के पास बंद समर्थक दूसरी बार शहर को बंद कराने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस ने बंद समर्थकों को लाठीचार्ज कर खदेड़ दिया। ज्ञात हो कि 1932 आधारित खतियान के आधार पर स्थानीय नीति लागू करने की मांग को लेकर छात्र संगठन आंदोलनरत हैं। इसी कड़ी बुधवार को राजधानी में बंद का आह्वान किया गया था। बंद को लेकर जिला प्रशासन पहले से ही काफी मुस्तेद थी। सुबह से बंद समर्थक मोराबादी सहित राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों पर उतर गये थे। छात्रों के मुताबिक वर्तमान सरकार 60-40 के फॉमूले पर नियोजन नीति को लागू कर रही है। यह झारखंड के स्थानीय मूलवासी की भावनाओं के खिलाफ है। सरकार ने 60-40 के फॉर्मूले पर नियोजन नीति को हरी झंडी दिखा दिया। इसका झारखंड के स्थानीय छात्र संगठन विरोध कर रहे हैं। मोरहाबादी में दूसरी बार जब बंद समर्थक निकले तो सिटी डीएसपी ने खदेड़ दिया। बंद समर्थकों से निपटने के लिये पुलिस पहले से ही काफी मुस्तैद थी। पुलिस लगभग 30 बंद समर्थकों को हिरासत में लिया है। विदित हो कि बंद को देखते हुये रजधानी सहित राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। सभी जिलों में अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती की गई थी। राजधानी रांची में 15 सौ अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती की गई थी। जगह-जगह वॉटर कैनल, वज्र वाहन को भी लगाया गया था। जबकि कई स्थानों पर जिला प्रशासन की ओर बैरिकेडिंग भी की गई थी। एक दर्जन डीएसपी स्तर के पुलिस अधिकारियों को विशेष तौर बंद समर्थकों से निपटने के लिये लगाया गया था। इसके अलावे राजधानी में 30 इंस्पेक्टर, जिले के विभिन्न थाना प्रभारी और एसआई को भी डयूटी पर लगाया गया था।

# 10 अवर सचिव और 50 एसओ को मिलेगा प्रशिक्षण

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड सचिवालय सेवा के 10 अवर सचिव व 50 प्रशाखा पदाधिकारियों को श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान रांची में 24 से 28 अप्रेल तक प्रशिक्षण दिया जायेगा। सभी अधिकारी हाल में प्रमोशन पाये थे और वर्तमान में सचिवालय के विभिन्न विभागों में पदस्थापित हैं। प्रशिक्षण पांच दिनों का चलेगा। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।अवर सचिव स्तर परः विश्वनाथ सिन्हा, योगेश कुमार सिंह, फुलेन्द्र प्रसाद शर्मा, उमाशंकर प्रसाद पाल, संजय कुमार, किरण कुमारी, कमल किशोर पटेल, मंजू कुमारी, धीरंजन प्रसाद शर्मा।प्रशाखा पदाधिकारी में इन्हें मिलेगा प्रशिक्षणः महानंद शर्मा, सुदिप्ती बोस, रमेश सिंह, अमरेश कुमार सिंह, दिनेश कुमार पांडेय, उदय कुमार, श्रीकांत सारंगी, पिकेश कुमार सिंह, सीमा कुमारी, विवेक कुमार सिंह, मयंक वत्स, शंकर उरांव, संजीव कुमार ठाकुर, धर्मवरी कुमार, रूपेश रंजन, आलोक रंजन लकड़ा, अनुप लकड़ा, शीतल उरांव, प्रदीप कुमार, लक्ष्मण उरांव, राजीर सुंडी, अजय राज कुजूर, रोहित टोप्पो, अंजू बिरूली, नरेंद्र सिंह मुंडा, गोविंद पांडेय, पद्म लोचन गोप, सूरज कुमार महतो, संकेत कुमार, सुशांत गौरव, अमित कुमार सिन्हा, कुमार आशीष, शशिभूषण प्रसाद सिन्हा, रत्नेश कुमार रत्न, अनुज कुमार तिवारी, इंद्र भूषण झा, अमरेंद्र भूषण, संजय कुमार, दयानंद दास, मनोज कुमार वर्णवाल, ममता झरना एक्का, मोनिका गुड़िया, रोशनी टोप्पो, रूही पूनम, कनक लता मिंज, सुबोध रूण्डा, अनामिका बा, जीवन किशोर लकड़ा, आशीश भगत।

# 2700 करोड़ की योजनाओं पर जल्द जारी होगा टेंडर

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड के राष्ट्रीय राजमार्ग 3801 करोड़ की लागत से विकसित किए जायेंगे। इनमें फोरलेन रोड, बाइपास निर्माण सहित ब्रिज का भी निर्माण शामिल है। झारखंड के एनएच विंग ने राज्य की सड़कों को बेहतर करने के लिए 3800 करोड़ की योजना तैयार करके केंद्र सरकार को भेजा है जिसमें करीब 2700 करोड़ की योजना की मंजूरी भी मिल गयी है। शेष लगभग 1000 करोड़ की योजना की मंजूरी पाइपलाइन में है। इंजीनियरों ने बताया कि इसी वित्तीय वर्ष में सारी प्रक्रिया पूरी कर निविदा जारी किया जायेगा, ताकि काम प्रारंभ कराया जा सके। बता दें कि 2022 में ही 2800 करोड़ की लागत की योजना तैयार करके केंद्र भेजी गयी थी, इसके बाद अब फिर से 1000 करोड़ की योजना का डीपीआर केंद्रीय पथ एवं परिवहन मंत्रालय की स्वीकृति के लिए भेजा गया है। इसमें चतरा जिले के तीन बाइपास भी हैं। बड़े प्रोजेक्ट के रूप में गिरिडीह बाइपास, लोहरदगा से कर्रा रोड के फोरलेनिंग का काम है। इस रोड के निर्माण की मंजूरी मिल गयी है। हजारीबाग, बगोदर रोड निर्माण की भी मंजूरी मिल गई है। हाल में ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शिलान्यास भी कर दिया है। बता दें कि एनएचएआई की ओर से भी राज्य सड़कों को फोरलेन-छह लेन किया जा रहा है।झारखंड के नेशनल हाइवे विकसित होने के बाद आवागमन काफी आसान हो जायेगा।

# कृमि मुक्ति दिवस की तैयारी जोरों पर, 12 लाख 16 हजार 455 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**20 अप्रैल को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। सिविल सर्जन डॉ बिनोद कुमार ने बताया कि जिले में 20 अप्रैल को राष्ट्रीय कृमि दिवस व मॉप अप दिवस 25 अप्रैल को 1 से 19 वर्ष तक के किशोर व किशोरियों को कृमि मुक्ति के लिए कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल दवा खिलायी जाएगी। उन्होंने बताया कि रांची जिले में 1 से 19 वर्ष के किशोर-किशोरियों को दवा खिलाने को लेकर कुल 1216455 लक्ष्य निर्धारित है। जिसे लेकर कुल 20 से 25 अप्रैल तक जिले के 2973 विद्यालय और 2383 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कृमि मुक्ति की दवा खिलायी जाएगी। अभियान की सफलता को लेकर पर्यवेक्षण के लिए जिलास्तरीय पर्यवेक्षण दल का गठन किया गया है।डॉ बिनोद ने कहा कि कृमि मुक्ति को लेकर होने वाले कार्यक्रम कोविड-19 के निर्धारित नियम के तहत ही की जाएगी। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि 1 से 19 वर्ष के किशोर और किशोरी दवा का सेवन जरूर करें, ताकि जिला कृमि मुक्त बन सके। कृमि नियंत्रण की दवाई सभी के लिए सुरक्षित है, किसी भी तरह की प्रतिकूल घटना के लिए राज्य सरकार ने 104 (स्वास्थ्य हेल्प लाइन सेवा) और 108 (एम्बुलेंस) के साथ-साथ सभी ब्लॉक/जिला में आपातकालीन चिकित्सा टीम भी तैयार रखा गया है। कार्यक्रम के संबंध में और अधिक जानकारी के लिए जिला स्तर पर जिला नोडल अधिकारी एनडीडी डॉ असीम मांझी 9431171115 से संपर्क किया जा सकता है।

### एचसी ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट

रांची : ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम,पथ निर्माण विभाग के निलंबित अभियंता प्रमुख रास बिहारी सिंह के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की खंडपीठ ने अब तक हुई कार्रवाई पर ईडी व एसीबी को स्टेटस रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। विदित हो कि 12 जनवरी 2023 को आयकर विभाग ने जमशेदपुर के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित दोराबजी ऑटो प्राइवेट, परसुडीह और सुंदर नगर स्थित पहाड़ी इंजीनियरिंग मुंशी मोहल्ला के आवास समेत छह स्थानों पर छापेमारी की थी। जहां आयकर विभाग को निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के करीबी सुरेश प्रसाद वर्मा के आवास से ढाई करोड़ कैश, भारी मात्रा में बेनामी संपत्ति के कागजात,सोने के आभूषण, निवेश के पेपर समेत टैक्स चोरी से संबंधित दस्तावेज मिले थे।

**छापामारी** राजधानी रांची में लगातार नशे के सौदागर तस्करी कर बढ़ रही है

# रांची में ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, बिहार से रांची लाकर बेचता था नशे का सामान

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राजधानी रांची में लगातार नशे के सौदागर तस्करी कर रहे हैं। पुलिस भी इनपर कार्रवाई कर रही है। ताजा मामले में पुलिस ने रांची के डोरंडा इलाके में बड़े पैमाने पर ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर के पास से 218 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया है। जिसकी बाजार मूल्य करीब एक लाख रुपए बताया जा रहा है। इसके अलावा पुलिस ने उसके पास से 71 हजार रुपए कैश भी बरामद किए हैं।

रांची पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने के बाद बिरसा चौक के पास सुशील किस्पोट्टा नाम के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 218 पुड़िया ब्राउन शुगर और 71 हजार नकद बरामद हुए। मामले का खुलासा करते हुए थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि बिरसा चौक इलाके में बड़े पैमाने पर ब्राउन शुगर का अवैध धंधा चल रहा था। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम ने बिरसा चौक बंधु नगर स्थित एक मकान में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने वहां से भारी मात्रा में ब्राउन शुगर बरामद किया, साथ ही आरोपी सुशील को भी दबोच लिया।थाना प्रभारी के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह सासाराम इलाके से ब्राउन शुगर लाकर रांची में बेचता था। पुलिस को छानबीन में यह भी जानकारी मिली कि आरोपी सुशील हत्या, लूट, दुष्कर्म, हथियार सप्लाई और चोरी के मामले में कई बार जेल भी जा चुका है। जेल से छूटने के बाद वह ब्राउन शुगर की तस्करी का धंधा कर रहा था। पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है।

